जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

शुक्ल पक्ष, आर्द्रा, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • मंगलवार • 16 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 194 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00






PR. No.-382440/IPRD/2026-27

## झारखण्ड कृषि व्यापार मेला 2026

## उद्घाटन समारोह

**प्रवेश नि:शुल्क**

आप सभी **मेला में सादर आमंत्रित हैं**

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड



अध्यक्षता

**श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की**

माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**दिनांक:** 16 से 18 जून 2026

**समय:** पूर्वाह्न 10 बजे

**स्थान:** मोरहाबादी मैदान, रांची

माननीय मंत्रीगण, माननीय सांसदगण, माननीय विधायकगण एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

**अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### दक्षता बनाम पात्रता परीक्षा को लेकर शिक्षकों में बढ़ी चिंता, विशेष TET की मांग

**रजौली।** सुप्रीम कोर्ट के एक हालिया आदेश के बाद 55 वर्ष से कम आयु के सभी शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) अनिवार्य किए जाने से बिहार के नियोजित शिक्षकों में असमंजस और आक्रोश का माहौल है। इस आदेश की जद में वे शिक्षक भी आ गए हैं, जो वर्ष 2012 से पहले नियुक्त हुए थे और 20 से 30 वर्षों से शिक्षा सेवा में कार्यरत हैं। शिक्षकों का कहना है कि शिक्षा का अधिकार कानून लागू होने के बाद बिहार सरकार ने नियोजित शिक्षकों के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के माध्यम से दक्षता परीक्षा आयोजित कराई थी, जिसे उत्तीर्ण करना आवश्यक था। अधिकांश शिक्षक यह परीक्षा पास कर चुके हैं और वर्षों से विद्यालयों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में अब पुनः पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता उनके अनुभव और आत्मसम्मान पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। इस मुद्दे पर शिक्षक नेता अजीत कुमार ने राज्य सरकार से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि दक्षता परीक्षा पास कर चुके शिक्षकों के हितों की रक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि कानूनी कारणों से TET अनिवार्य है, तो सरकार पुराने और अनुभवी शिक्षकों के लिए विशेष TET परीक्षा आयोजित करे, ताकि उनकी प्रोन्नति और सेवा संबंधी अधिकार प्रभावित न हों। उन्होंने सभी शिक्षक संगठनों से भी इस मुद्दे पर एकजुट होकर शिक्षकों के हित में आवाज उठाने की अपील की है।

### मां भगवती पूजा सह गायत्री महायज्ञ को लेकर माहौल हुआ भक्तिमय

**कौआकोल।** प्रखंड के बरियारपुर गांव में आयोजित तीन दिवसीय मां भगवती पूजा सह गायत्री महायज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। यज्ञ के दूसरे दिन सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश पूजन एवं विभिन्न देवी-देवताओं का आह्वान किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति में सराबोर रहा। आयोजन समिति के अनुसार मंगलवार को महायज्ञ के अंतिम दिन मां भगवती की प्राण प्रतिष्ठा, हवन, पूर्णाहुति तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। यज्ञ कार्यक्रम को लेकर दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर गायत्री परिवार के सुरेश प्रसाद द्वारा संगीतमय प्रवचन किया जा रहा है,जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं। उनके प्रवचन से श्रद्धालुओं में धार्मिक उत्साह और भक्ति भावना और प्रबल हो रही है।

### ताराकोल डैम से मिली अज्ञात युवती के शव का हुआ दाह संस्कार

**कौआकोल।** थाना क्षेत्र के ताराकोल डैम में बीते गुरुवार को मिले अज्ञात युवती के शव का सोमवार को दाह संस्कार कर दिया गया। शव मिलने के बाद कौआकोल पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा था। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस शव को वापस कौआकोल लेकर आई और स्थानीय स्तर पर उसका अंतिम संस्कार कराया गया। बताया जाता है कि शव मिलने के बाद पुलिस ने युवती की पहचान कराने के लिए आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाने का काफी प्रयास किया। इसके अलावा अन्य थानों से भी संपर्क कर पहचान सुनिश्चित करने की कोशिश की गई,लेकिन समाचार लिखे जाने तक युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस मामले की जांच हर पहलू से कर रही है। युवती की मौत किन परिस्थितियों में हुई,यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस हत्या, आत्महत्या या अन्य किसी कारण से हुई मौत के बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ा रही है। पहचान नहीं होने के कारण नियमानुसार सोमवार को शव का दाह संस्कार कर दिया गया।

### मैट्रिक मेधा सम्मान समारोह में सैकड़ों छात्र-छात्राएं सम्मानित



**नवादा।** नवादा नगर के मिर्जापुर-ओहारी रोड स्थित मौर्य नगर के कुशवाहा छात्रावास में रविवार को मेधा सम्मान सह स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता कुशवाहा सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती ललिता कुमारी ने की। इस अवसर पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति एवं सीबीएसई बोर्ड की वर्ष 2026 की मैट्रिक परीक्षा में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बैग, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि "दिल्ली एंजेल न्यूजिक के निदेशक रमेश कुमार सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ भगवान बुद्ध एवं अन्य महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद अतिथियों ने शिक्षा, समाज सेवा एवं प्रतिभा सम्मान के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा छात्रों को निरंतर मेहनत कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। वहीं "बेस्ट मेंबर ऑफ द ईयर" सम्मान से अशोक कुमार उर्फ विक्की कुशवाहा को नवाजा गया, जिसे उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, समाज के प्रबुद्धजन एवं समिति के सदस्य मौजूद रहे।आये अतिथियों का स्वागत बच्चीयों ने स्वागत गान से किया। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के साथ-साथ शिक्षा के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया।

# शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 के अंतर्गत किसान जागरूकता अभियान का शुभारंभ, एलईडी युक्त जागरूकता वाहन रवाना

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में समाहरणालय परिसर में अपर समाहर्ता, नवादा डॉ. अनिल कुमार तिवारी के नेतृत्व में शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026 के अंतर्गत किसान जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एलईडी युक्त किसान जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता वाहन जिले के सभी 14 प्रखंडों में भ्रमण करेगा तथा प्रतिदिन एक प्रखंड की तीन पंचायतों में पहुंचकर किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों एवं वैज्ञानिक खेती से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराएगा।

जिला कृषि पदाधिकारी, नवादा श्री अजीत प्रकाश ने कहा कि कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकों का समावेश एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी किसानों तक समय पर पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि किसान जागरूकता वाहन किसानों को उन्नत एवं लाभकारी खेती के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी जागरूक करेगा। एलईडी युक्त इस जागरूकता वाहन के माध्यम से किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं तकनीकी जानकारियों को ऑडियो-वीडियो माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।




साथ ही खरीफ मौसम में डीबीटी के माध्यम से कृषि अनुदान वितरण, कृषि उपादानों के वितरण, फसल प्रदर्शन कार्यक्रम एवं विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी। अभियान के दौरान जीरो टिलेज तकनीक से धान की सीधी बुआई, जल एवं श्रम की बचत करने वाली आधुनिक कृषि पद्धतियों, उत्पादन लागत में कमी लाने वाले उपायों तथा आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग के संबंध में किसानों को जागरूक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मक्का, बेबी कॉर्न एवं स्वीट कॉर्न की उन्नत खेती, उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उपयोग, फसल विविधीकरण एवं आय वृद्धि के उपायों की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। किसानों को किसान मेला, किसान पाठशाला, प्रशिक्षण कार्यक्रम, कृषक परिभ्रमण, प्रक्षेत्र दिवस एवं कृषि गोष्ठियों में सहभागिता से प्राप्त होने वाले तकनीकी लाभों के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी, ताकि वे नवीन कृषि तकनीकों को अपनाकर अपनी कृषि उत्पादकता एवं आय में वृद्धि कर सकें।

अभियान के तहत संतुलित उर्वरकों के उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, मिट्टी जांच के महत्व, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, कृषि में ड्रोन तकनीक के प्रयोग तथा कृषि जनकल्याण चौपाल के माध्यम से किसानों को जागरूक एवं सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया जाएगा। किसानों को मिट्टी जांच के आधार पर उर्वरकों के उपयोग से उत्पादन लागत कम करने तथा भूमि की उर्वरा शक्ति को दीर्घकाल तक सुरक्षित रखने के उपायों की भी जानकारी दी जाएगी। यह जागरूकता अभियान किसानों तक कृषि विभाग की योजनाओं एवं तकनीकी जानकारियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा कृषि क्षेत्र में आधुनिक एवं वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे किसानों को नवीन तकनीकों को अपनाने, कृषि उत्पादन बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर एवं समृद्ध किसान बनने में सहायता मिलेगी।

## विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर वरिष्ठ नागरिक संघ कार्यालय में सेमिनार आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**वारिसलीगंज :** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन रोड के तुमड़िया बाबा भवन स्थित वरिष्ठ नागरिक संघ प्रखंड कार्यालय में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के मौके पर सेमिनार का आयोजन किया गया. इस मौके पर जेठ के दोपहर की चिलचिलाती धूप की परवाह किए बिना काफ़ी संख्या में वृद्धजन उपस्थित हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक संघ के प्रखंड अध्यक्ष पूर्व अंचलाधिकारी श्यामसुंदर दूबे ने तथा संचालन पीएलवी चंद्रमौलि शर्मा ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक प्राधिकार, नवादा के डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मो. साजिद अयूब खान मौजूद थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठ नागरिक संघ के अखिलेश्वर कुमार सिंह, कपिलदेव प्रसाद चौरसिया, केदार सिंह, नागेश्वर शर्मा बंधु, डा. गोविंद जी तिवारी, बिंदेश्वरी शर्मा, रामनरेश सिंह आदि ने बुजुर्गों की समस्याओं,




उनके साथ हो रहे शारीरिक, मानसिक तथा आर्थिक दुर्व्यवहार के संबंध में व्यापक चर्चा की। साथ ही, बुजुर्गों के हित में पूर्व में संचालित कई कल्याणकारी योजनाओं को फिर से चालू करने की मांग की। नवादा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मो. साजिद अयूब खान ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व भर में 15 जून को बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार और उपेक्षा को उजागर करने तथा उसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए विश्व स्तर पर यह मान्यता प्राप्त दिवस है। उन्होंने बुजुर्गों से अनुरोध किया कि वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का अवश्य लाभ उठाएं।

पीएलवी चंद्रमौलि शर्मा ने कहा कि बुजुर्गों के खिलाफ दुर्व्यवहार में मारपीट, शारीरिक अपमान, धमकी, अकेला छोड़ना और बिना उनकी सहमति या जानकारी के उनकी संपत्ति तथा पैसों का दुरुपयोग करना शामिल है। श्री शर्मा ने बुजुर्गों को निराशा छोड़कर अपने हितों की सुरक्षा और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार की मदद लेने का आग्रह किया।

इस अवसर पर बसंत कुमार सिंह, पीएलवी अनिल कुमार, उमेश प्रसाद वर्मा, सूरज कुमार, पीएलवी शेष कुमार, अनिल यादव, देवेंद्र प्रसाद वर्मा, ललन कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## सात निश्चय-3 के तहत जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)" के तहत आम नागरिकों के दैनिक जीवन को सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की गई।

जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 36 शिकायतें दर्ज कराई गईं। प्राप्त शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया तथा शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को

### जिला स्तर पर 36 शिकायतों की सुनवाई



आवश्यक जांच एवं कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान थाना रोह अंतर्गत ग्राम विष्णुनगर निवासी सुनीता देवी द्वारा जंगली हाथी के उत्पात से संबंधित शिकायत, थाना पकरीबरावां अंतर्गत ग्राम मेधीपुर निवासी किशोर प्रसाद सिंह द्वारा विद्युत तार एवं पोल से संबंधित आवेदन, थाना वारिसलीगंज अंतर्गत ग्राम बाघीबरडीहा निवासी पन्ना लाल साव द्वारा कांड संख्या-510/25 से संबंधित आवेदन तथा थाना रोह अंतर्गत ग्राम मोरमा निवासी विभा कुमारी द्वारा दाखिल-खारिज से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं समस्याएं जनसुनवाई में रखी गईं। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित एवं प्रभावी राहत मिल सके। इसी क्रम में अपर समाहर्ता, नवादा तथा नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल कार्यालयों सहित जिले के सभी ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

## जिलाधिकारी ने की विधि-व्यवस्था, मद्य निषेध एवं खनन मामलों की समीक्षा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधि-व्यवस्था, मद्य निषेध, अवैध खनन, भूमि विवाद, बाल श्रम उन्मूलन एवं किशोर श्रम निषेध सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में अप्रैल 2026 तक की गई कार्रवाई की जानकारी दी गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि अवैध खनन के विरुद्ध कुल 251 छापेमारी की गई, 33 प्राथमिकी दर्ज की गई, 08 गिरफ्तारियां की गईं तथा 116 वाहनों को जप्त किया गया। इस अवधि में 139.40 लाख रुपये की वसूली भी की गई। राजस्व समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 13,657.04 लाख रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध 13,750.75 लाख रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 1,040.69 लाख रुपये राजस्व प्राप्त हुआ है।

जिला पदाधिकारी ने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु प्रभावी एवं सतत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण से जिले में विधि-व्यवस्था के बेहतर संधारण में भी सहायता मिलेगी। साथ ही संभावित गांजा खेती वाले क्षेत्रों पर विशेष निगरानी एवं सतर्कता बरतने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। मद्य निषेध की समीक्षा के दौरान पाया गया कि उत्पाद विभाग की बरामदगी में वृद्धि हुई है, जबकि पुलिस पक्ष की बरामदगी अपेक्षाकृत कम रही है।

आगामी पंचायत चुनाव को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने देसी शराब निर्माण स्थलों को चिन्हित कर कार्रवाई करने तथा चौकीदारी परेड के माध्यम से चौकीदारों से सूचना प्राप्त कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। विनष्टीकरण की समीक्षा के क्रम में पुलिस एवं उत्पाद विभाग के स्तर पर कुल 20,537 लीटर शराब का विनष्टीकरण लंबित पाए जाने पर जिला पदाधिकारी ने चिंता व्यक्त की तथा शीघ्र विनष्टीकरण की कार्रवाई पूर्ण करने का निर्देश दिया।

वाहनों की नीलामी की समीक्षा में पाया गया कि 392 वाहन नीलामी हेतु लंबित हैं। बताया गया कि 19 जून 2026 से 47 वाहनों की नीलामी के संबंध में विज्ञापन प्रकाशित किया गया। वहीं 56 वाहनों का मूल्यांकन प्रतिवेदन प्राप्त हो चुका है, जिसे मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है। जिला पदाधिकारी ने वाहनों की नीलामी प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में सीमावर्ती थानों को आगामी पंचायत चुनाव के मद्देनजर विशेष चौकसी बरतने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं रजौली, डीएसपी मुख्यालय, उत्पाद अधीक्षक, जिला खनन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सीएचसी नरहट में पीएमएसएमए शिविर का सफल आयोजन

### 25 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच; 19 एनीमिक महिलाओं का शुरू हुआ उपचार



अस्पताल में इलाज एवं जांच करते गर्भवती महिलाएं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहट में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष प्रसवपूर्व जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में कुल 25 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई तथा उन्हें सुरक्षित मातृत्व, पोषण और गर्भावस्था के दौरान आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी परामर्श प्रदान किया गया।

शिविर के दौरान डॉ. विनोद कुमार एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ओम प्रकाश ने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की विस्तृत जांच की। जांच में 6 महिलाओं में गंभीर एनीमिया तथा 13 महिलाओं में मध्यम एनीमिया की पहचान की गई। गंभीर एनीमिया से प्रभावित महिलाओं को फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज तथा मध्यम एनीमिया से ग्रसित महिलाओं को आईवी सुक्रोज देकर उपचार प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित आशा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ओम प्रकाश एवं प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक (BCM) संजय कुमार ने आशा कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में एनीमिया से प्रभावित गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान कर उन्हें स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मातृ स्वास्थ्य में सुधार तथा एनीमिया उन्मूलन के प्रयासों को सफल बनाने में आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान बीसीएम संजय कुमार, लैब तकनीशियन सौरभ कुमार, डाटा एंट्री ऑपरेटर सुनील कुमार, काउंसलर मंटू कुमार तथा पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंतोष कुमार एवं निर्भय कुमार ने गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, एनीमिया की रोकथाम, आयरन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ओम प्रकाश ने बताया कि आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले पीएमएसएमए सत्र में चिन्हिUत हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी मामलों का विशेष फॉलो-अप किया जाएगा। साथ ही आवश्यक जांच एवं उपचार उपलब्ध कराकर गर्भावस्था संबंधी जटिलताओं की समय रहते पहचान और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने, एनीमिया की रोकथाम करने तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## दक्षता बनाम पात्रता की अंतहीन परीक्षा में उलझे शिक्षक, ढलती उम्र में पात्रता सिद्ध करने के फरमान से बढ़ा आक्रोश

### दक्षता परीक्षा पास कर चुके नियोजित शिक्षकों के आत्मसम्मान पर चोट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के शिक्षा जगत में इन दिनों सुप्रीम कोर्ट के एक नए न्यायादेश ने भारी हलचल मचा दी है, जिसके तहत राइट टू एजुकेशन 2009 के नियमों का हवाला देते हुए 55 वर्ष से कम आयु के सभी श्रेणी के शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करना अनिवार्य कर दिया गया है। इस कड़े आदेश की जद में वर्ष 2012 से पहले बहाल हुए वे पुराने और अनुभवी शिक्षक भी आ गए हैं, जो लगभग 20 से 30 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस नए कानूनी मोड़ ने नियोजित शिक्षकों की रातों की नींद उड़ा दी है क्योंकि उनकी बरसों से लंबित प्रोन्नति और भविष्य की सेवा सुरक्षा अब पूरी तरह दांव पर लगती दिख रही है। शिक्षकों की इस गहरी चिंता और मानसिक तनाव की एक बड़ी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है, जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। जब देश में शिक्षा का अधिकार कानून लागू हुआ था, तब बिहार सरकार ने अपने लाखों नियोजित शिक्षकों के लिए सीधे टेट परीक्षा आयोजित करने के बजाय एक बीच का रास्ता निकाला था। सरकार के तत्कालीन शिक्षा विभाग ने बकायदा एक आधिकारिक विज्ञप्ति जारी कर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के माध्यम से 'दक्षता परीक्षा' का आयोजन कराया था, जिसकी शर्त के अनुसार इसमें उत्तीर्ण होने वाले शिक्षकों को ही सालाना वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाना था। शुरुआत में इस परीक्षा को पास करने के लिए शिक्षकों को तीन मौके दिए गए थे, जिसे बाद में राज्य सरकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बढ़ाकर कुल पांच मौके कर दिया था, जिससे गुजरकर लगभग सभी नियोजित शिक्षक इन-सर्विस दक्षता परीक्षा पास कर चुके हैं और विभागीय स्तर पर इसे हमेशा टेट के समकक्ष ही माना जाता रहा। अब अचानक दशकों बाद नए सिरे से पात्रता सिद्ध करने के इस फरमान ने जमीनी स्तर पर भारी आक्रोश और असमंजस पैदा कर दिया है क्योंकि जिन्होंने अपनी जिंदगी का लंबा वक्त क्लासरूम में बच्चों का भविष्य संवारने में लगा दिया, उनसे ढलती उम्र में फिर से शुरुआती पात्रता परीक्षा की मांग करना उनके आत्मसम्मान और अनुभव पर एक बड़ा कुठाराघात है। इस संवेदनशील और ज्वलंत मुद्दे पर रजौली से उभरती शिक्षक राजनीति की आवाज और प्रमुख शिक्षक नेता अजीत कुमार ने मोर्चा संभालते हुए राज्य के तमाम शिक्षक संघों को एकजुट होने का आह्वान किया है और सूबे के शिक्षा मंत्री, सत्ता पक्ष, विपक्ष व तमाम शिक्षक प्रतिनिधियों से बेहद भावुक और तार्किक विनती की है। शिक्षक नेता का स्पष्ट मत है कि यह पूरा मामला पूरी तरह से राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र और पूर्व के नीतिगत फैसलों से जुड़ा हुआ है क्योंकि पूर्व के सभी नियोजित शिक्षक सरकार के ही आदेश पर दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं, इसलिए बिहार सरकार को अविलंब आगे आकर इस गंभीर संकट पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने एक व्यावहारिक विकल्प भी सामने रखा है कि यदि सुप्रीम कोर्ट के आदेश की वजह से तकनीकी रूप से टेट परीक्षा की अनिवार्यता को टाला नहीं जा सकता, तो बिहार सरकार को भी देश के अन्य सजग राज्यों की तर्ज पर इन पुराने अनुभवी शिक्षकों के लिए अविलंब एक 'स्पेशल टेट परीक्षा' का खाका तैयार कर उसका यथाशीघ्र आयोजन करना चाहिए, ताकि शिक्षक सम्मानजनक तरीके से इस कानूनी अर्हता को पूरा कर सकें और उनकी प्रोन्नति का रास्ता हमेशा के लिए साफ हो सके।

## नरहट में मेधावी विद्यार्थियों एवं बिहार पुलिस में चयनित जवानों का हुआ सम्मान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** नरहट स्थित निजी संस्थान ज्ञान लाइब्रेरी में सोमवार को मैट्रिक (10वीं) एवं इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा बिहार पुलिस में अंतिम रूप से चयनित जवानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भीम आर्मी के जिला महामंत्री राजेश दास ने सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो, डायरी एवं पेन देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर राजेश दास ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता और संविधान के मूल्यों को भी आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने सम्मानित विद्यार्थियों एवं चयनित जवानों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अन्य युवाओं को भी उनसे प्रेरणा लेने की अपील की।




मोमेंटो के साथ पुलिस में चयनित जवान

वहीं ज्ञान लाइब्रेरी के प्रबंधक विकास कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए लगातार मेहनत करने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम का मंच संचालन मुकेश संगम ने किया। इस अवसर पर नरहट प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष सुभाष कुमार सहित दर्जनों विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

बिहार पुलिस में चयनित जवानों में चंदन कुमार, साहिल कुमार, विकास कुमार एवं राकेश कुमार को सम्मानित किया गया।

वहीं 10वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं मोनीषा कुमारी, अमीषा कुमारी, रिशु कुमारी एवं निभा कुमारी को सम्मानित किया गया। जबकि 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तनु रानी को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों एवं सफल युवाओं का उत्साहवर्धन करना तथा अन्य विद्यार्थियों को शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति प्रेरित करना था।



हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित





शुक्ल पक्ष, आर्द्रा, विक्रम संवत् 2083
• औरंगाबाद • मंगलवार • 16 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 194 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹1,38,900 | ₹2,60,000 |

## आज का इतिहास

**1605 :** भारत के मुगल सम्राट (1556-1605) अकबर (अबुल-फत जलाल-उद-दीन) का 63 वर्ष की आयु में दस्त या पेचिश से निधन हो गया। अकबर की कब्र पर, अपनी सादगी में, जेसुइट पुजारी फादर जेवियर, जो हमेशा उनके समर्थित दोस्त बने रहे, के लिए साजिश रची।

**1858 :** प्रथम भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान मोरार की लड़ाई लड़ी गई।

## न्यूज बाइट्स

### 14 जिलों में भारी बारिश और आंधी का अलर्ट

**पटना (नि.सं.)** । बिहार में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार को मानसून ने राज्य के कई और हिस्सों में दस्तक दे दी, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले कुछ दिनों तक राज्य के विभिन्न जिलों में बारिश, आंधी-तूफान, वज्रपात और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, 16 जून को गया, जहानाबाद, पटना, गोपालगंज, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, पूर्णिया, किशनगंज, अररिया, खगड़िया और भागलपुर समेत 14 जिलों में भारी बारिश के साथ आंधी-तूफान की चेतावनी जारी की गई है। इन जिलों में लोगों को सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। आईएमडी के मुताबिक, 15 जून से 19 जून के बीच राज्य के अधिकांश हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश, वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

### बिहार में अब ऊंची इमारतें बनाना होगा आसान

**पटना (नि.सं.)** । पटना। सरकार के नए बिहार बिल्डिंग बायलाज-2026 के मसौदे में भवन निर्माण को लेकर बड़े बदलाव किए गए हैं। नए नियमों के तहत अब अधिकांश क्षेत्रों में भवन की अधिकतम ऊंचाई पर पहले जैसी सख्त सीमा नहीं रहेगी। इससे शहरों में ऊंची और अधिक क्षमता वाली इमारतों के निर्माण का रास्ता खुल जाएगा। नगर विकास एवं आवास विभाग ने बिल्डिंग बायलाज 2026 का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। जिस पर आपत्ति व सुझाव लिए जाएंगे। इसके बाद इसे स्वीकृति के लिए मंत्रिमंडल के ध्यानार्थ भेजा जाएगा।

युवाओं के कौशल विकास का नया केंद्र बनेगा गया, ₹170 करोड़ की परियोजना शुरू

# मुख्यमंत्री ने अत्याधुनिक एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र का किया शिलान्यास

- सात हजार युवाओं को हर साल मिलेगा आधुनिक प्रशिक्षण, गया में बनेगा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम टेक्नोलॉजी हब

**निज संवाददाता | गयाजी**



बिहार में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को नई गति देने तथा युवाओं के लिए तकनीकी प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में सोमवार को गया जिले के खिजरसराय में अत्याधुनिक एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र का शिलान्यास किया गया। इस केंद्र के निर्माण पर लगभग 170 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसके माध्यम से प्रतिवर्ष 7,000 से अधिक युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। केंद्र का भूमि पूजन एवं शिलान्यास बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, कृषि मंत्री एवं गया जिला प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा तथा उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह भी उपस्थित रहीं। बिहार सरकार ने इस परियोजना के लिए 20 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई है। प्रस्तावित प्रौद्योगिकी केंद्र राज्य में कौशल विकास, औद्योगिक नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने का प्रमुख केंद्र बनेगा। यहां प्रतिवर्ष 7,000 से अधिक युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि 1,000 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को अत्याधुनिक तकनीकी सहायता, परीक्षण सुविधाएं, डिजाइन एवं उत्पाद विकास सहयोग सहित अन्य आधुनिक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे स्थानीय उद्योगों की उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ने के साथ रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह प्रौद्योगिकी केंद्र गया सहित पूरे बिहार में औद्योगिक विकास, कौशल संवर्धन, नवाचार और रोजगार सृजन का नया केंद्र बनेगा तथा विकसित बिहार के निर्माण को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में राज्य में एमएसएमई क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रगति की है। एमएसएमई इकाइयों की संख्या लगभग छह लाख से बढ़कर 46 लाख से अधिक हो गई है, जिससे करोड़ों लोगों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए हैं। राज्य सरकार औद्योगिक विकास, कौशल उन्नयन और रोजगार सृजन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि यह प्रौद्योगिकी केंद्र आसपास के क्षेत्रों के युवाओं, उद्यमियों और एमएसएमई इकाइयों के लिए कौशल विकास, तकनीकी प्रशिक्षण और रोजगार का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। इसके माध्यम से बिहार के एमएसएमई क्षेत्र को नई तकनीक, नवाचार और आधुनिक प्रशिक्षण से जोड़ने में बड़ी भूमिका निभाई जाएगी। उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि गया में स्थापित होने वाला यह अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी केंद्र बिहार के औद्योगिक भविष्य को नई दिशा देगा। यह युवाओं को अत्याधुनिक कौशल से सशक्त करेगा और एमएसएमई क्षेत्र को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बिहार को एक मजबूत औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है, ताकि स्थानीय उद्यम वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी मजबूत पहचान बना सकें और आत्मनिर्भर बिहार का लक्ष्य शीघ्र पूरा हो। कार्यक्रम में बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के सचिव भारत खेड़ा, उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडीए के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार, निदेशक एमएसएमई एवं खाद्य प्रसंस्करण अमन समीर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का भी सृजन

इसकी निर्माण से स्थानीय लोगों का रोजगार भी सृजन होगा। 170 करोड रुपए की लागत दो भाग में भवन निर्माण की योजना बनाई गई है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का पहल पर निर्माण से पूर्वी भारत के लोग यहां पर आकर प्रशिक्षण लेकर अपने तकनीकी प्रशिक्षण से उद्यमी बनेंगे। साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार भी सृजन होगा। टेक्नोलॉजी सेंटर में प्रत्येक वर्ष 10 हजार विद्यार्थियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# बिहार के 211 नए डिग्री कॉलेजों में अगले सत्र से शुरू होगी उर्दू और मैथिली की पढ़ाई

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार के नवसृजित 211 डिग्री महाविद्यालयों में अगले शैक्षणिक सत्र से उर्दू और मैथिली विषयों की पढ़ाई शुरू की जाएगी। इस संबंध में राज्यपाल एवं कुलाधिपति सैयद अता हसनैन ने उच्च शिक्षा विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। एक जुलाई से इन नए डिग्री महाविद्यालयों में पहले चरण में हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र विषयों की पढ़ाई शुरू होने जा रही है। इसके साथ ही अगले शैक्षणिक सत्र से उर्दू और मैथिली को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

राज्यपाल सचिवालय के अनुसार, राज्यपाल एवं कुलाधिपति सैयद अता हसनैन ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को निर्देश दिया है कि नए डिग्री महाविद्यालयों में शुरू होने वाली पढ़ाई की सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएं, ताकि शैक्षणिक सत्र निर्धारित समय पर शुरू हो सके। राज्यपाल ने इन महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की गतिविधियों को भी बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ सामाजिक और राष्ट्रसेवा से जुड़े कार्यक्रमों को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बताया गया है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के अनुरूप विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का नया पाठ्यक्रम चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के चौथे सेमेस्टर के एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स (क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम) के अंतर्गत लागू किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होगी तथा स्वयंसेवी गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायता मिलेगी।

## कब्रिस्तानों की घेराबंदी के लिए बिहार सरकार ने मंजूर किए ₹6.60 करोड़

### औरंगाबाद कार्यप्रमंडल को सर्वाधिक 71.24 लाख रुपये की स्वीकृति



**पटना (नि.सं.)**। बिहार सरकार ने राज्य के कब्रिस्तानों की सुरक्षा, सीमांकन और अतिक्रमण रोकने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 6.60 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। यह राशि राज्य के विभिन्न कार्यप्रमंडलों को कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराने के लिए आवंटित की गई है। सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह राशि स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन (एलएईओ) के विभिन्न कार्यप्रमंडलों को उपलब्ध कराई जाएगी। पटना, भागलपुर, बेगूसराय, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया और पुपरी सहित कई कार्यप्रमंडलों को 35-35 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। **वहीं, औरंगाबाद कार्यप्रमंडल को सर्वाधिक 71.24 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है।** इसके अलावा मधुबनी को 60 लाख रुपये तथा अररिया को 50 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि संबंधित योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने तथा कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की नियमित समीक्षा की जिम्मेदारी संबंधित जिलों के जिला पदाधिकारियों (डीएम) की होगी। वहीं, कार्यस्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और विधि-व्यवस्था से जुड़े मामलों की जिम्मेदारी जिला दंडाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक संयुक्त रूप से निभाएंगे। सरकार का कहना है कि कब्रिस्तानों की घेराबंदी से उनकी भूमि को अतिक्रमण से सुरक्षित रखने, सीमांकन सुनिश्चित करने तथा भविष्य में विवादों को कम करने में मदद मिलेगी। इस योजना को राज्य के विभिन्न जिलों में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

# 15 अक्टूबर तक बंद रहेंगे बिहार के सभी बालू घाट

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार के खनन एवं कला-संस्कृति मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी ने सोमवार को लखीसराय दौरे के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि राज्य के सभी बालू घाटों पर खनन कार्य सोमवार रात से 15 अक्टूबर तक बंद रहेगा। उन्होंने कहा कि मानसून अवधि के दौरान लागू होने वाली इस व्यवस्था के बावजूद राज्य में बालू की कोई कमी नहीं होगी। मंत्री ने बताया कि बिहार में बालू का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है। इसलिए सरकारी और गैर-सरकारी निर्माण कार्यों पर खनन बंदी का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर बिहार से अन्य राज्यों को भी बालू की आपूर्ति की जा सकेगी। अवैध बालू खनन के संबंध में पूछे गए सवाल पर मंत्री ने कहा कि सरकार इस पर पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने बताया कि विभाग की लगातार कार्रवाई के कारण अवैध खनन की घटनाओं में काफी कमी आई है। यदि कहीं से भी अवैध खनन की शिकायत मिलती है तो संबंधित क्षेत्र में तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि आम लोगों को निर्धारित सरकारी दर पर ही बालू उपलब्ध कराया जाएगा।

# दूसरी बार मंत्री बनाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त दीपक प्रकाश एवं बिहार सरकार को नोटिस

**निज संवाददाता | पटना**



सुप्रीम कोर्ट ने विधायक या विधान पार्षद बने बिना दूसरी बार मंत्री बनाए गए बिहार सरकार के मंत्री दीपक प्रकाश कुशवाहा के मामले में बिहार सरकार, दीपक प्रकाश कुशवाहा और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। अदालत ने जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए सभी पक्षों से जवाब तलब किया है। याचिका में दीपक प्रकाश कुशवाहा को मंत्री पद से हटाने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि संविधान के अनुच्छेद 164(4) के तहत कोई भी गैर-विधायक अधिकतम छह महीने तक ही मंत्री रह सकता है। इस अवधि के भीतर उसे विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य बनना अनिवार्य होता है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि दीपक प्रकाश कुशवाहा पहली बार 20 नवंबर 2025 को तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री बने थे। 15 अप्रैल 2026 को सरकार बदलने के साथ उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। इसके बाद 7 मई 2026 को सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली नई सरकार में उन्हें दोबारा मंत्री बनाया गया।

याचिका में कहा गया है कि पहली नियुक्ति की छह माह की संवैधानिक अवधि 20 मई 2026 को समाप्त हो चुकी है, जबकि इस दौरान वह न तो विधायक बने और न ही विधान परिषद के सदस्य। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुदीप चंद्रा और सान्या कौशल ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि सरकार बदलने या मंत्रिमंडल के पुनर्गठन के आधार पर छह महीने की संवैधानिक छूट को दोबारा लागू नहीं किया जा सकता। ऐसा करना संविधान की भावना के विपरीत है।

# हाई कोर्ट में सात नए न्यायाधीशों ने ली शपथ, जजों की संख्या बढ़कर 44 हुई

**निज संवाददाता | पटना**



पटना हाई कोर्ट में सोमवार को सात नवनियुक्त न्यायाधीशों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश मीनाक्षी मदन राय ने शताब्दी भवन सभागार में आयोजित समारोह में सभी न्यायाधीशों को शपथ दिलाई। सात नए न्यायाधीशों के कार्यभार संभालने के साथ ही हाई कोर्ट में कार्यरत न्यायाधीशों की संख्या 37 से बढ़कर 44 हो गई है। पटना हाई कोर्ट में न्यायाधीशों के कुल स्वीकृत पद 53 हैं। नई नियुक्तियों के बाद भी अभी नौ पद रिक्त हैं।

शपथ ग्रहण समारोह में हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के अलावा बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्र, बिहार राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष रमाकांत शर्मा, विभिन्न अधिवक्ता संघों के पदाधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ता योगेश चंद्र वर्मा, अमित श्रीवास्तव, सरकारी अधिवक्ता प्रशांत प्रताप, विकास कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे। नवनियुक्त न्यायाधीशों के परिजन भी इस अवसर के साक्षी बने। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद अधिवक्ता रंजन कुमार झा, कुमार मनीष और राज कुमार को पटना हाई कोर्ट का स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

# जनसुनवाई कार्यक्रम आमजन की समस्याओं के समाधान का बन चुका है प्रभावी माध्यम : मंत्री श्रवण कुमार

- ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण और बाढ़ की तैयारियों को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध : सुनील कुमार

**निज संवाददाता | पटना**



जद(यू) प्रदेश कार्यालय, पटना में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। दोनों मंत्रियों ने फरियादियों की शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को विधिसम्मत एवं त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी भी मौजूद रहे। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जद(यू) प्रदेश कार्यालय में सोमवार से शुक्रवार तक आयोजित होने वाला जनसुनवाई कार्यक्रम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनोन्मुखी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि लोग विश्वास के साथ अपनी समस्याएं लेकर यहां आते हैं और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल दूरभाष के माध्यम से आवश्यक निर्देश दिए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर आयोजित किए जा रहे सहयोग शिविरों से आम लोगों को काफी राहत मिली है। इन शिविरों के माध्यम से अधिकांश समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर पर ही हो रहा है, जिससे लोगों को जिला मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा है। ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क आर्थिक विकास की आधारशिला है। इसी सोच के साथ राज्य सरकार ग्रामीण सड़कों के रखरखाव और उन्हें अधिक मजबूत बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए भी सरकार पूरी तरह तैयार है और सभी स्तरों पर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जद(यू) प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम और पंचायत स्तर पर लगाए जा रहे सहयोग शिविरों का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने दावा किया कि सरकार की यह पहल अपने उद्देश्य को सफलतापूर्वक पूरा कर रही है।

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
Proposed Green Campus in 60,000 Sq.Ft.
DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश
सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279
Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

## बिहार में गांव की सरकार चुनने की तैयारी शुरू , चार हजार पंचायतों में बदलेगा आरक्षण

# नौ चरणों में अक्टूबर-नवंबर में होंगे पंचायत चुनाव

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार में गांव की सरकार चुनने की तैयारी शुरू हो गई है। राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अक्टूबर-नवंबर 2026 में कराए जाएंगे। मौजूदा मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्यों का कार्यकाल दिसंबर 2026 तक है। इससे पहले निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कर नई पंचायतों का गठन कर लिया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बार पंचायत चुनाव नौ चरणों में कराए जाने की संभावना है। चुनाव कार्यक्रम इस तरह तैयार किया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में मतदान संपन्न हो जाए। इसके पीछे मुख्य वजह केंद्रीय सुरक्षा बलों और अन्य सुरक्षा कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

इस चुनाव में करीब चार हजार पंचायतों में आरक्षण व्यवस्था में बदलाव होगा। रोटेशन प्रणाली के तहत मुखिया, सरपंच तथा अन्य पदों के लिए आरक्षित सीटों का पुनर्निर्धारण किया जाएगा। इससे बड़ी संख्या में पंचायतों में चुनावी समीकरण बदलने की संभावना है। चुनाव में मतदान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से कराया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग रोटेशन के आधार पर ईवीएम का उपयोग करेगा। पहले चरण में इस्तेमाल होने वाली ईवीएम को तीसरे चरण में, जबकि दूसरे चरण की ईवीएम को चौथे चरण में उपयोग में लाया जाएगा। इस व्यवस्था से सीमित संख्या में उपलब्ध मशीनों का प्रभावी उपयोग किया जा सकेगा। पंचायत चुनाव में इस्तेमाल होने वाली मल्टी-पोस्ट ईवीएम (एमपीएसवी मॉडल) में एसडीएमएम (सिक्योर डिटैचेबल मेमोरी मॉड्यूल) लगाया जाता है। मतदान के बाद प्रत्येक चरण का पूरा डेटा इसी मॉड्यूल में सुरक्षित रखा जाएगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### थाना क्षेत्र मे अपराधियो का बोल बाला, अपराधियों की सक्रियता ने बढ़ाई लोगों की चिंता

**कोचस (रोहतास)** कोचस नगर पंचायत समेत ग्रामीण इलाकों में बढ़ रहे आपराधिक घटनाओं जैसे मामले से लोगों में दहशत व्याप्त हो गया है।ताजा तरीन मामला रविवार की रात्रि एक्सिस बैंक के लूट का है।जब बैखौफ नकाबपोश अपराधियों ने बस पड़ाव स्थित नोटों से भरा एटीएम को कटर से काटकर लेकर चलते बने। वहां मौजूद सीसीटीवी कैमरे को अपराधियों ने पेंट से पोतकर तोड़ फोड़ कर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया। हालांकि बगल में एक बैंक आफ इंडिया के बाहर लगा एटीएम अपराधियों को कृत्य को कितना कैच कर पाया है। पुलिस उस सीसीटीवी कैमरे के फूटेज को खंगालकर अपराधियों के तहत तक जाने का प्रयास कर रही है। जबकि पुलिस प्रशासन का दावा है कि शीघ्र ही इस मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा। लेकिन सवाल पैदा होता है कि ऐसी परिस्थितियां कैसे उत्पन्न होती है। निश्चित रूप से इसके लिए कहीं न कहीं पुलिस प्रशासन दोषी है।नहीं तो शहर में ऐसी घटनाएं घटित नहीं होती। पुलिस अपनी अधिक समय अपराध रोकथाम पर नहीं बल्कि वसूली में ज्यादा रूचि दिखाती है। जिससे यदा कदा अपराधी इसी का फायदा उठाकर घटनाक्रम को अंजाम देकर चलते बनते हैं। जिसका नतीजा होता है कि पुलिस को आपराधिक घटनाओं को घटित होने के बाद भी कुछ खास सफलता नहीं मिल पाती है।अब देखना यह है कि इस मामले में पुलिस उद्भेदन करने में कितना सफल होती है व बढ़ रहे अपराधिक ग्राफ को कैसे कम कर पाती है।

### फरारी का खेल खत्म : पुराने कांड का नामजद अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**सूर्यपुरा / रोहतास :** सूर्यपुरा थाना की पुलिस ने फरार अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए पुराने शराब कांड मामले के एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया । गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान वर्तमान पता बलिहार दलित बस्ती व स्थाई पता बिक्रमगंज थाना के धनगाई निवासी राजा सिंह,पिता सूर्यदेव सिंह के रूप में हुई है ।थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने बताया कि थाना में दर्ज कांड संख्या 145/25 के प्राथमिकी अभियुक्त राजा सिंह की तलाश लंबे समय से की जा रही थी । गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया । गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया एवं पूछताछ पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है । वह पूर्व में शराब तस्करी से जुड़े एक मामले में जेल की हवा खा चुका है । इसके बावजूद उसके खिलाफ दर्ज मामले में कार्रवाई जारी थी और आखिरकार वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया । थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है । किसी भी मामले में फरार चल रहे अभियुक्तों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है,ताकि कानून का राज कायम रहे और आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हो ।

### राजपुर प्रखंड में बड़ा बवाल



**राजपुर** प्रखंड के आवास सहायक कुमार अमरेंद्र ने बीडीओ रवि राज पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना में शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में कहा गया है कि कार्यालय परिसर में बुलाकर उनके साथ मारपीट की गई, जान से मारने की धमकी दी गई और लाठी-डंडे से हमला किया गया। आवास सहायक ने आरोप लगाया है कि घटना में उन्हें चोटें आई हैं और पूरे मामले का वीडियो भी सीसीटीवी में कैद है। शिकायत के बाद मामला प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। अब सवाल यह है कि अगर एक सरकारी कर्मी ही कार्यालय परिसर में सुरक्षित नहीं है, तो आम लोगों की सुरक्षा का क्या हाल होगा? पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### पूजा भूमि विवाद को लेकर सूर्यपुरा में उबाल, सीओ के खिलाफ धरना जारी, सीओ के खिलाफ चक्का जाम




**सूर्यपुरा।** दुर्गा पूजा की भूमि को लेकर चल रहे विवाद के विरोध में सोमवार को सूर्यपुरा प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट पर हजारों की संख्या में लोग धरना-प्रदर्शन पर बैठे हैं। प्रदर्शनकारियों ने अंचलाधिकारी (सीओ) पर मनमानी और गलत निर्णय लेने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहना है। Sdm के आदेश को भी ताक पर रख रही है।


### यज्ञ को लेकर कलश यात्रा संपन्न



**नासरीगंज (रोहतास)** प्रखंड क्षेत्र के मौना गांव में सात दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ सह मां काली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार सुबह 10 बजे भव्य जलभरी यात्रा का आयोजन किया गया। यज्ञ स्थल मौना से हजारों श्रद्धालु हाथी, घोड़े, गाजे-बाजे के साथ सिर पर कलश लेकर नासरीगंज होते हुए अमियावर सोन नदी तट पर पहुंचे। अमियावर सोन नदी तट पर नासरीगंज पश्चिम की जिला परिषद सदस्य प्रियंका प्रसाद द्वारा श्रद्धालुओं के लिए मीठे पानी व जलपान की व्यवस्था की गई थी। जलपान के बाद जलभरी कार्यक्रम संपन्न हुआ। कलश यात्रा में श्रीधर प्रपन्नाचार्य जी महाराज उर्फ सोनू बाबा रथ पर सवार होकर सबसे आगे चल रहे थे। समिति सदस्य संजय गुप्ता ने बताया कि यह यज्ञ 15 जून से 22 जून तक चलेगा, जिसके दौरान भागवत कथा का भी आयोजन किया गया है।

जलपरी कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं के साथ-साथ मौके पर पंचायत की मुखिया राम दुलरी देवी, अजय कुमार, भारद्वाज जी, नीतीश कुमार सहित गांधी मेडिसिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर एवं स्टाफ मौजूद रहे।

### अकोढ़ीगोला पुलिस ने चोरी की 7 बकरियां व सफारी गाड़ी बरामद की



**अकोढ़ीगोला (रोहतास)** जिले के अकोढ़ीगोला थाना की पुलिस ने बकरी चोरी की घटना का 24 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए 7 बकरियों सहित घटना में प्रयुक्त उजले रंग की सफारी गाड़ी रजि. नं. BR01PC0730 को बरामद कर लिया है। इस मामले में अकोढी गोला थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राकेश गोसाई में थाना परिसर में आज शाम 5 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 15 06 2026 को करीब रात 1:40 बजे डायल 112 को सूचना मिली कि ग्राम बाघा खोह से बकरी चोर सफारी गाड़ी से तेतराढ बाजार की ओर भाग रहे हैं। पीछा करने पर चालक गाड़ी को तेतरढ बंगला के पास नहर में कूदाकर फरार हो गया। पुलिस ने नहर से गाड़ी और उसमें लदी 7 बकरियों को बरामद किया। बरामद बकरियों में बघा खोह के सुनील पासवान की 2 बकरी, चिरईया डीह के ललन सिंह की 1 बकरी और लाल बिहारी यादव की 4 बकरी शामिल हैं। इस मामले में कांड सं0-232/26 धारा-303(2)/3(6) BNS के तहत केस दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। कार्रवाई टीम में पु0अ0नि0 सिम्पल कुमारी, पी0टी0सी0 अमरेश कुमार, ह0-विकेश कुमार यादव, सिपाही-634 तपसी कुमार, चालक-सुधीर कुमार व चौकीदार योगेश राम, सुभाष कुमार शामिल थे।


# कोचस वार्ड पांच मे भीषण चोरी, चार लाख के जेवरात के साथ दो लाख की हुई लुट

## दूसरे दिन भी हुई भीड़ चोरी, पीड़ित के घर थी शादी

**दुस्साहस**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**कोचस (रोहतास)।** कोचस में एक बार फिर चोरों ने एक मकान में भीषण चोरी कर पुलिस को ठेंगा दिखाते हुए पुलिसया कार्य शैली पर सवाल खड़ा किया है. चोर अब पुलिस के लिए सरदर्द बन गए है. कोचस नगर पंचायत के वार्ड संख्या 5 के शिव नगर कॉलोनी के एक मकान मे रविवार की देर रात अज्ञात चोरों ने गोदरेज का ताला तोड़ 4 लाख की जेवरात तथा 2 लाख कैश की चोरी कर ली है. घटना के बाद इलाके मे सनसनी फैल गई तथा लोगो मे भरी आक्रोश देखने को मिल रही है।

**बीती रात सोते वक्त हुई चोरी :** घटना के बारे मे बताया जाता है कि पीड़ित संतोष कुमार गुप्ता अपने कोचस मोहनिया रोड स्थित मिष्ठान भंडार दुकान बंद कर लौटे थे, काफी थकान होने से परिवार के साथ कूलर वाले दूसरे कमरे मे सो गए, तभी घात लगाए चोरो ने शांत माहौल पा कर रोशनदान के सहारे घर मे प्रवेश कर गोदरेज का ताला तोड़ दिया उसमे रखे जेवरात जिसकी अनुमानित कीमत लगभग चार लाख बताई गई है और दो लाख कैश ले उड़ गए. जब पीड़ित परिवार सुबह कमरे मे गया तो देखा कि गोदरेज का ताला तोड़ा गया है और उसमे रखे कागजात के साथ अन्य सामान बाहर बिखरा पड़ा हुआ है. वही इस घटना की जानकारी पीड़ित संतोष गुप्ता ने स्थानीय थाना अध्यक्ष को दे दी है,

**थाने मे प्राथमिकी दर्ज :** अपर थाना अध्यक्ष बबलू कुमार ने बताया कि पीड़ित संतोष गुप्ता के घर मे शादी की तैयारी चल रही थी, उनके द्वारा लिखित आवेदन दे थाने में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, पीड़ित के घर से कुल जेवरात सहित छः लाख की लूट हुई है, पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर उक्त घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

### प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास :** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण रोहतास द्वारा प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई । जिसका उद्घाटन प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष धनंजय सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रियांशु परासर,उद्यान पदाधिकारी ख्याति माथुर,जिला बीस सूत्री सदस्य व किसान नवीन चंद्र साह,एटीएम प्रशांत कुमार शर्मा,कृषि वैज्ञानिक डॉ वीरेंद्र सिंह,ए के जैन द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया । प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन कृषि समन्वयक संदीप सिंह ने किया । कृषि वैज्ञानिक डॉ बीरेंद्र सिंह ने शारदीय खरीफ खेती के बारे में किसानों के बीच बहुत सी बातें बताया । जैविक खेती,प्राकृतिक खेती,फसल चक्रण,उर्वरक का सही उपयोग पर जानकारी दी गई । कृषि वैज्ञानिक डॉ रतन कुमार ने खेत बचाओ अभियान के बारे में विधिवत जानकारी दी । खेत को बचाना है तो मिट्टी जांच करना होगा व हेल्थ कार्ड का सही उपयोग होना चाहिए । साथ ही स्वस्थ मिट्टी,स्वस्थ भोजन,स्वस्थ जीवन के बारे में चर्चा की गई । कृषि वैज्ञानिक सिंचाई अनुसंधान केंद्र बिक्रमगंज के डॉ ए के जैन ने पराली न जलाने की सलाह दी । किसानों ने भी कृषि वैज्ञानिकों के समक्ष अपना अनुभव साझा किया तथा कुछ प्रश्न भी पूछे,जिसका जवाब भी मिला। प्रशिक्षण में किसान सलाहकार कन्हैया सिंह, कमलेश भारती, प्रभाकर श्रीवास्तव, संकट सिंह, संत सिंह, मनोज कुमार,संजीव कुमार गुप्ता, संगीता देवी, प्रिया रंजन सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे । प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रियांशुपरासर ने धन्यवाद ज्ञापन की ।

## काराकाट के गोडारी में एनएच-120A पर भारी कार्रवाई, प्रशासन ने जेसीबी से अतिक्रमण तोड़ा; स्थाई-अस्थाई ढाँचे ध्वस्त

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**काराकाट।** रविवार सुबह प्रशासन ने एनएच-120ए बिक्रमगंज–नासरीगंज मुख्य मार्ग पर स्थित गोदारी क्षेत्र में सड़क के किनारे बने अवैध निर्माणों के खिलाफ बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया। जिला प्रशासन ने जेसीबी मशीनों की मदद से राष्ट्रीय मार्ग को अतिक्रमणमुक्त कराने का अभियान तेज किया और स्थाई व अस्थायी दोनों प्रकार के निर्माण ध्वस्त कराए गए।

अधिकारियों के अनुसार, कार्रवाई से पहले प्रशासन ने 72 घंटे पहले नगर के विभिन्न हिस्सों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से व्यापक अलर्ट जारी कर मुनादी कराई थी। इसके चलते कई अतिक्रमणकारियों ने स्वयं ही अपनी निर्माण सामग्री व अस्थायी शेड हटा दिए थे, जबकि शेष अवशेषों को मौके पर बुलडोजर और भूमि-जमीनी अधिकारियों की मौजूदगी में हटाया गया। एसडीएम प्रभात कुमार ने बताया कि एनएच-120ए मार्ग पर बने अवैध शेड, गुमटियां, ठेले, चबूतरा, सीढ़ी आदि अस्थायी व स्थाई अतिक्रमण हटाने के निर्देश के अनुपालन में कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण यातायात व सुरक्षा के लिए खतरा बनता है, इसलिए इसे पूरी तरह से साफ कराया जाना जरूरी था। कार्रवाई के दौरान एसडीएम प्रभात कुमार, बीडीओ राहुल कुमार सिंह, सीओ डॉ. रितेश कुमार, आरओ ध्रुव कुमार, थाना अध्यक्ष विवेक कुमार एवं पुलिस बल, एलईओ देवाशीष कुमार, नगर ईओ सीमाब मतीन, स्वच्छता पदाधिकारी मोईन सहित अन्य प्रशासनिक कर्मी मौजूद रहे। मीडिया के सामने अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमणमुक्ति अभियान निरंतर जारी रहेगा और भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## प्रखंड मुख्यालय में 16 से 18 जून तक लगेगा प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर

### श्रमिक पंजीकरण, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु निबंधन से लेकर आधार कार्ड सुधार तक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**काराकाट/रोहतास।** राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से काराकाट प्रखंड मुख्यालय में 16, 17 एवं 18 जून को प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह द्वारा आदेश जारी कर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, कृषि, शिक्षा, आवास, जीविका, श्रम, आपूर्ति, पंचायत राज, राजस्व, पीएचईडी, आंगनबाड़ी एवं आधार सेवा केंद्र सहित विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए जाएंगे। यहां आम नागरिकों से आवेदन प्राप्त कर योजनाओं से संबंधित समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। शिविर में आयुष्मान भारत कार्ड, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, लखपति दीदी, पीएम स्वनिधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान ई-केवाईसी, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांग कल्याण योजनाएं, श्रमिक पंजीकरण, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु निबंधन, आधार कार्ड सुधार एवं नल-जल योजना समेत अनेक सेवाओं का लाभ लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा। प्रखंड प्रशासन ने सभी पात्र लाभार्थियों एवं आम नागरिकों से निर्धारित तिथियों पर शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है। शिविर के सफल संचालन के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को सुबह 9 बजे से अपने-अपने स्टॉल पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

## रोहतास में सड़क हादसा: मॉर्निंग वॉक पर निकले किराना व्यवसायी की पिकअप की टक्कर से मौत




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अकोढी गोला (रोहतास)।** जिले के आयर कोठा थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मॉर्निंग वॉक कर घर लौट रहे किराना व्यवसायी की दूध लदे पिकअप की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना सुबह करीब 7 बजे की है। आयर कोठा बाजार निवासी जयशंकर शाह पिता ललू शाह उर्फ ओम प्रकाश शाह, उम्र 50 वर्ष, रोज की तरह टहलने निकले थे। आयर कोठा गांव के पास मुख्य सड़क पर डेहरी ऑन सोन से नासरीगंज जा रही दूध लदी पिकअप संख्या BR24GD5019 ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जयशंकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उन्हें तुरंत सदर अस्पताल सासाराम ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक जयशंकर शाह आयर कोठा थाना के ठीक सामने किराना की होलसेल दुकान चलाते थे। उनके परिवार में दो बेटे और तीन बेटियां हैं। एक बेटा और एक बेटी अभी अविवाहित हैं। थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि हादसे में शामिल दूध लदे पिकअप को जब्त कर थाने लाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मद्य निषेध सिपाही के पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन 14 एवं 17 जून को किया जाएगा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में मद्य निषेध सिपाही के पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन दिनांक 14 जून एवं 17 जून 2026 को रोहतास जिले में किया जाएगा। परीक्षा दोनों दिनों में दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 03:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक आयोजित होगी। रोहतास जिले के सासाराम में परीक्षा के लिए कुल 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा दिवस पर प्रथम पाली में 9360 एवं दूसरे पाली में 9360 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं पारदर्शी संचालन को लेकर आज समाहरणालय रोहतास स्थित डीआरडीए सभागार में जिलाधिकारी रोहतास श्रीमती उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रोहतास श्री रौशन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से सभी केंद्राधीक्षकों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की गई।

ब्रीफिंग में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर समय से पूर्व उपस्थित रहने, अभ्यर्थियों की सघन एवं व्यवस्थित तलाशी (फ्रिस्किंग) सुनिश्चित करने तथा केंद्रीय चयन पर्षद द्वारा निर्गत सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन कराने का निर्देश दिया। परीक्षा के स्वच्छ एवं निष्पक्ष संचालन के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त जोनल दंडाधिकारी, जोनल पुलिस पदाधिकारी तथा उड़नदस्ता (फ्लाइंग स्क्वॉड) दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। 14 जून की परीक्षा में 9 जोनल सह गश्ती दल दंडाधिकारी एवं 9 पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है। 17 जून के परीक्षा के लिए भी 9 जोनल सह गश्ती दल दंडाधिकारी एवं 9 पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है। जबकि उड़नदस्ता दल में दोनों दिन परीक्षा में 4 पदाधिकारी एवं 4 पुलिस पदाधिकारी शामिल है। सभी जोनल एवं उड़नदस्ता पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का सतत भ्रमण करते हुए परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था की गई है। साथ ही सभी केंद्रों पर जैमर एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम (पी.ए.सिस्टम) की भी व्यवस्था रहेगी। परीक्षा की निगरानी हेतु जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06184-226072 / 06184-226093 है। नियंत्रण कक्ष में दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष प्रभारी को सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा परीक्षा से संबंधित गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को केंद्रीय चयन पर्षद के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा को पूर्णतः कदाचारमुक्त एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नगर आयुक्त नगर निगम सासाराम एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मोहर्रम पर्व को लेकर सोमवार को बिक्रमगंज थाना परिसर में प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास :** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण,सौहार्दपूर्ण एवं विधि- सम्मत वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को बिक्रमगंज थाना परिसर में प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक की संयुक्त अध्यक्षता बीडीओ सुनील कुमार गौतम,सीओ अल्का कुमारी एवं कार्यकारी थानाध्यक्ष विनय कुमार ने की । बैठक में शांति समिति के सदस्य,स्थानीय जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि,सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे । बैठक के दौरान मोहर्रम पर्व के अवसर पर निकलने वाले जुलूस,अखाड़ों की गतिविधियों, यातायात व्यवस्था,संवेदनशील स्थलों की निगरानी तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने जैसे विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान नहीं देने की अपील की ।बीडीओ सुनील कुमार गौतम ने कहा कि मोहर्रम आस्था और अनुशासन का पर्व है । सभी समुदायों के लोग आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का परिचय देते हुए पर्व मनाएं ।

प्रशासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक व्यक्ति सुरक्षित वातावरण में पर्व का आनंद उठा सके । उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या की सूचना तत्काल प्रशासन को दें,ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके । सीओ अल्का कुमारी ने कहा कि सरकार के दिशा-निर्देशों एवं जिला प्रशासन के आदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाएगा । सभी आयोजकों से अपेक्षा है कि वे निर्धारित मार्ग,समय और नियमों का अनुपालन करें । उन्होंने कहा कि शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में समाज के प्रबुद्ध लोगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है ।कार्यकारी थानाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि मोहर्रम के दौरान कानून- व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद रहेगी । असामाजिक तत्वों,अफवाह फैलाने वालों तथा शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर किसी भी अपुष्ट सूचना को साझा नहीं करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की । बैठक में उपस्थित लोगों ने भी अपने-अपने सुझाव रखे तथा प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। अंत में अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन और जनता के आपसी समन्वय से ही मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सकता है ।

## जी एन एस यू में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**डेहरी / रोहतास।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण नर्सिंग कॉलेज और नारायण स्किल डेवलपमेंट सेंटर में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस बहुत उत्साह और सक्रिय भागीदारी के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम ऑब्सटेट्रिक्स और गायनेकोलॉजी नर्सिंग विभाग द्वारा आयोजित किया गया । इसका आयोजन नारायण नर्सिंग कॉलेज की डीन-सह-प्राचार्या प्रो. डॉ. के. लता के सम्मानित मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में उप-प्राचार्या प्रो. डॉ. श्वेता शर्मा भी उपस्थित रहीं।

गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के नर्सिंग संकाय के अंतर्गत नारायण नर्सिंग कॉलेज के ऑब्सटेट्रिक्स और गायनेकोलॉजी नर्सिंग विभाग ने 13 जून 2026 को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस 2026 पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम नारायण स्किल डेवलपमेंट सेंटर और नारायण नर्सिंग कॉलेज, जमुहार के व्याख्यान कक्ष तीन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत बी एस सी नर्सिंग छठे सेमेस्टर के छात्रों द्वारा प्रस्तुत कठपुतली शो से हुई, जिसमें मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता और आम गलतफहमियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। औपचारिक सत्र की शुरुआत सुश्री अंजू सिंह के स्वागत भाषण से हुई जिसके बाद डीन-सह-प्राचार्या प्रो. डॉ. के. लता ने कार्यक्रम की थीम का अनावरण किया।

मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता सत्र सुश्री अनु कुमारी (एम एस सी नर्सिंग द्वितीय वर्ष) द्वारा आयोजित किया गया। इस सेशन में कई ज़रूरी विषयों पर बात की गई, जैसे मासिक धर्म (पीरियड्स) की शारीरिक प्रक्रिया, मासिक धर्म के दौरान पर्सनल हाइजीन (साफ़-सफ़ाई), सैनिटरी पैड, टैम्पोन और मेन्स्ट्रुअल कप का इस्तेमाल, मासिक धर्म के दौरान पोषण का ध्यान रखना, मासिक धर्म से जुड़े कचरे का सुरक्षित निपटान, मासिक धर्म से जुड़ी आम समस्याएं और गलत धारणाएं।

सवाल-जवाब के एक इंटरैक्टिव सेशन ने छात्रों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा दिया। मासिक धर्म से जुड़ी सेहत और साफ़-सफ़ाई के अहम संदेशों को और मज़बूत करने के लिए एक कठपुतली शो भी किया गया।

कार्यक्रम का समापन सुश्री प्रज्ञा भूषण के धन्यवाद प्रस्ताव और उसके बाद राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस इवेंट ने मासिक धर्म की साफ़-सफ़ाई के बारे में जागरूकता बढ़ाई और प्रतिभागियों के बीच मासिक धर्म से जुड़ी सेहतमंद आदतों को बढ़ावा दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## 196 सिपाहियों की दीक्षांत परेड

**मुंगेर** । मुंगेर पुलिस केंद्र के बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार को 196 प्रशिक्षु सिपाहियों की दीक्षांत परेड आयोजित की गई। लगभग 11 माह के कठोर प्रशिक्षण के बाद इन सिपाहियों ने बिहार पुलिस बल में शामिल होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण चरण पूरा किया। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) राकेश कुमार और पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षु जवानों से सलामी ली। पुलिस केंद्र परिसर में आयोजित इस समारोह में प्रशिक्षु सिपाहियों ने मार्च पास्ट किया।

**प्रशिक्षण केवल शारीरिक दक्षता हासिल करने का माध्यम नहीं** : समारोह को संबोधित करते हुए डीआईजी राकेश कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण केवल शारीरिक दक्षता हासिल करने का माध्यम नहीं है, बल्कि एक बेहतर पुलिसकर्मी बनने की नींव है। उन्होंने जोर दिया कि प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान, अनुशासन, धैर्य और कर्तव्यनिष्ठा को पूरे सेवा जीवन में बनाए रखना होगा।

**विश्वास को बढ़ाने की जिम्मेदारी अब इन नए जवानों के कंधों पर** : डीआईजी कुमार ने कहा कि जनता की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था की मजबूती और पुलिस के प्रति लोगों के विश्वास को बढ़ाने की जिम्मेदारी अब इन नए जवानों के कंधों पर है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से कहा कि पुलिस विभाग में केवल नौकरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा की जाती है। उन्होंने प्रत्येक जवान को अपने व्यवहार में नम्रता, संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण बनाए रखने की सलाह दी। डीआईजी ने बताया कि इस बैच का प्रशिक्षण लगभग 11 माह में सफलतापूर्वक पूरा किया गया है।

## ओवरलोड ट्रक खाई में गिरा

**मुंगेर** । मुंगेर में रविवार शाम एक ओवरलोड बालू लदा ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। इस दुर्घटना के कारण नेशनल हाईवे 333बी पर लगभग 20 किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिसमें 2 हजार से अधिक वाहन करीब 15 घंटे तक फंसे रहे। यह घटना रविवार रात करीब 8 बजे वासुदेवपुर थाना क्षेत्र के चौखंडी के पास हुई। तेज रफ्तार ट्रक सड़क किनारे लगी लोहे की रेलिंग तोड़ते हुए लगभग 20 फीट नीचे खाई में जा गिरा। गनीमत रही कि ट्रक चालक पूरी तरह सुरक्षित है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस घटना की चपेट में आने से एक अन्य ट्रक भी दुर्घटनाग्रस्त हुआ, हालांकि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। दो ट्रकों की भिड़ंत और सड़क पर उनके फंसे होने के कारण नेशनल हाईवे 333बी पर तुरंत जाम की स्थिति बन गई। देखते ही देखते श्री कृष्णा सेतु पथ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति को देखते हुए, प्रशासन ने सड़क को वन-वे कर वाहनों का परिचालन शुरू कराया। इस दौरान बेगूसराय और खगड़िया से आने वाले वाहन बरियारपुर की ओर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे थे। हालांकि, बरियारपुर से मुंगेर होते हुए खगड़िया, बेगूसराय और अन्य जिलों की ओर जाने वाले सभी बड़े वाहन जाम में फंसे रहे। सोमवार दोपहर लगभग 3 बजे प्रशासन और यातायात पुलिस की मदद से सड़क को पूरी तरह खाली कराया गया। इस तरह लगभग 15 घंटे बाद नेशनल हाईवे पर यातायात सामान्य हो सका और दोनों तरफ से रास्ता सुगम बनाया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**अररिया** । अररिया-पूर्णिया मार्ग पर एनएच 27 पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मटियारी-चातर मार्ग पर घंटों जाम कर दिया। पुलिस को घंटों की मशक्कत के बाद जाम हटवाकर यातायात बहाल करना पड़ा। यह हादसा महलगांव थाना क्षेत्र के मटियारी-चातर मार्ग पर हुआ। मृतका की पहचान चातर वार्ड संख्या 12 निवासी सुरेंद्र पासवान की पत्नी मीरा देवी (50) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मीरा देवी सिर पर जलावन रखकर एनएच 27 पार कर रही थीं, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सड़क पर शव देखकर लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने मुआवजे और दोषी वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एनएच 27 को जाम कर दिया। जाम के कारण अररिया-पूर्णिया फोरलेन पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्री घंटों तक फंसे रहे। सूचना मिलने पर महलगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। यातायात थाना पुलिस ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। महलगांव थानाध्यक्ष बृजेश कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत हुई है। शव को रविवार रात 9 बजे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार वाहन की तलाश जारी है।

## 15 लाख की स्मैक बरामद

**बेगूसराय** । बेगूसराय पुलिस नशीले पदार्थों के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चला रही है। एसपी के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बछवाड़ा पुलिस टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से भारी मात्रा में स्मैक, नकद लेनदेन से जुड़े सामान और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही 2 बाइक भी बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक बछवाड़ा थाना पुलिस की एक टीम मुसल्ली टोल चमथा तीन मुहानी के पास मुस्तैदी से सघन वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस को देखकर दो बाइक सवार भागने का प्रयास करने लगे। टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। गहन तलाशी ली गई तो पुलिस के भी होश उड़ गए। तलाशी के दौरान तस्करों के पास से 185 ग्राम स्मैक बरामद किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस स्मैक की कीमत 15 लाख रुपए से अधिक आंकी जा रही है। पुलिस ने मौके से एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी जब्त किया है। इस तराजू का इस्तेमाल स्मैक को छोटी-छोटी पुड़िया में तौलकर बेचने के लिए करते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बछवाड़ा थाना क्षेत्र स्थित रानी-3 के रहने वाले आशुतोष कुमार और रतनपुर के निवासी सोनू कुमार के तौर पर हुई है। एसपी मनीष ने बताया कि NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ किया जा रहा है। पता लगाया जा रहा है कि यह स्मैक कहां से आया और किसे सप्लाई करना था। रैकेट से जुड़े अन्य नेटवर्क को भी खंगाला जा रहा है। जिले में किसी भी प्रकार के अवैध नशीले पदार्थों का कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, अभियान लगातार जारी रहेगा।

## पाटलिपुत्र स्टेशन पर बवाल के बाद बेगूसराय में सुरक्षा व्यवस्था हुई कड़ी

**बेगूसराय** । पटना के पाटलिपुत्र स्टेशन पर हुए बवाल के बाद बेगूसराय स्टेशन पर व्यवस्था चुस्त दिखी। आरपीएफ और जीआरपी के जवान एहतियातन सतर्क रहे। केंद्रीय चयन पर्षद की बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा बेगूसराय के अलग-अलग केंद्रों पर दो पालियों में हुई। परीक्षा में कुल 11,232 कैंडिडेट शामिल हुए। परीक्षा के बाद जिला मुख्यालय के बेगूसराय स्टेशन पर कैंडिडेट बड़ी संख्या में जुटे। स्टेशन पर भीड़भाड़ बनी रही। भीड़ नियंत्रण के लिए आरपीएफ, जीआरपी, एसटीएफ, बीएमपी, ट्रैफिक पुलिस का पर्याप्त बल तैनात किया गया। इससे कैंडिडेट को ट्रेनों में सुरक्षित तरीके से भेजा जा रहा है। आरपीएफ इंस्पेक्टर अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि बेगूसराय रेलवे स्टेशन पर भीड़ के बावजूद स्थिति सामान्य है। परीक्षार्थियों और रेल यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत है।

## 7 एनएसएस ने रक्तदान किया

**बेगूसराय** । विश्व रक्तदाता दिवस पर एसबीएसएस कॉलेज में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में एनएसएस के सात स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। प्राचार्य अवधेश कुमार सिंह ने रक्तवीरों का उत्साह बढ़ाया। कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। एनएसएस स्वयंसेवकों की यह पहल कॉलेज के अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा बनेगी। शिविर का संयोजन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार सिंह ने किया। रक्तदान करने वालों में अजय कुमार सिंह, समीर कुमार, दिलखुश कुमार, नीतीश कुमार, प्रिंस कुमार, हिटलर कुमार, मोहित कुमार शामिल रहे। सभी रक्तदाताओं ने रक्तदान कर समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाई। मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया।

# 'जिन्हें हिन्दू जहरीले लगते, वे देश विरोधी हैं' : गिरिराज सिंह

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय** । बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने विपक्ष पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को आड़े हाथों लिया। मुरादाबाद में आयोजित सपा के पीडीए सम्मेलन में राज्यसभा सांसद जावेद अली ने कहा था कि 'हिंदू बहुसंख्यक जहरीले हो गए हैं' इसपर गिरिराज सिंह ने कहा कि जावेद अली हों या अखिलेश यादव हों, यह बयान देना कि हिंदू जहरीला हो गया है, असल में उन लोगों के लिए है जो खुद कट्टरपंथी और देश विरोधी हो चुके हैं। हिन्दू उसके लिए जहरीले हो गए हैं जो देश विरोधी हैं। धार्मिक स्थलों पर देश को टुकड़े-टुकड़े करने की बात करते हैं। अखिलेश के इशारे पर जावेद ये बोल रहे हैं। इसका खामियाजा अखिलेश यादव को चुनावों में भुगतना पड़ेगा। वे साफ करें कि क्या यह उनके इशारे पर बोला गया है। अगर नहीं, तो वे इसका खंडन क्यों नहीं कर रहे। अगर ऐसा ही रहा तो हिंदू अब एक-एक पाई का हिसाब लेगा कि हम कितने जहरीले हैं और किसको-किसको काटेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी देश के वफादार नहीं हैं। गिरिराज सिंह ने कहा राहुल गांधी मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं। उन्हें 2029 तो क्या, 2039 में भी प्रधानमंत्री बनने का मौका नहीं मिलने वाला है। राहुल गांधी को देश से प्रेम नहीं है। जिसे देश से प्रेम नहीं, देश को भी उससे कोई प्रेम नहीं हो सकता।

**मोदी आपदा में अवसर ढूंढते, राहुल अवसर में आपदा** : दुनिया आज भारत की ताकत को स्वीकार कर रही है। नरेंद्र मोदी ने वैश्विक पटल पर भारत का नाम ऊंचा किया है। नरेंद्र मोदी आपदा में भी देश के लिए अवसर निकाल लेते हैं, जबकि राहुल गांधी बने-बनाए अवसर में भी आपदा ढूंढ लेते हैं। यही कारण है कि पीएम मोदी जहां जीत की सेंचुरी लगाते हैं, वहीं राहुल गांधी हार की सेंचुरी लगाने में माहिर हैं।

**देश और गरीबों के लिए जीते हैं मोदी** : गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज देश की जनता के दिलों के बेहद करीब हैं। क्योंकि उनका एकमात्र संकल्प भारत का वैभव है। वह केवल और केवल देश के लिए जीते हैं, गरीबों के लिए जीते हैं। यही उनका संकल्प है और भारत के वैभव के लिए जीते हैं। जबकि विपक्ष के पास देश के विकास के लिए कोई विजन नहीं है।

# बायपास थानेदार समेत चार पुलिसकर्मी सस्पेंड

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर** । भागलपुर में ट्रक चालकों से अवैध वसूली के आरोप में बाइपास थानाध्यक्ष सहित चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई ट्रक चालकों से शिकायत मिलने के बाद प्रारंभिक जांच के आधार पर की गई है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। SSP प्रमोद कुमार ने बताया कि 13 और 14 जून की मध्य रात्रि में पुलिस अधिकारियों को सूचना मिली थी। बाइपास रोड के पास यातायात व्यवस्था के नाम पर कुछ पुलिसकर्मी और होमगार्ड जवान ट्रकों की आवाजाही को नियंत्रित कर रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए नगर सिटी एसपी मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था की जांच। इस दौरान यह तथ्य सामने आया कि तीन से चार होमगार्ड जवान एवं पुलिसकर्मी मिलकर ट्रकों के परिचालन को नियंत्रित कर रहे थे। कुछ ट्रक चालकों और वाहन स्वामियों ने शिकायत दर्ज कराई कि यातायात नियंत्रण की आड़ में संबंधित पुलिसकर्मियों द्वारा ट्रक चालकों से प्रति वाहन 200 रुपए की अवैध वसूली की जा रही है। ट्रक चालकों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नगर पुलिस अधीक्षक ने पूरे मामले की जांच शुरू कराई। प्रारंभिक जांच के बाद संबंधित पुलिसकर्मियों एवं अन्य कर्मियों की भूमिका को लेकर एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर सौंपा गया था।

**विधिसम्मत कार्रवाई की चेतावनी** : इधर, प्रतिवेदन में सामने आए तथ्यों के आधार पर एसएसपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाइपास थानाध्यक्ष समेत कुल चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

# नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने मोदी सरकार की उपलब्धियां बताईं



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मुंगेर** । नवादा सांसद और भाजपा नेता विवेक ठाकुर ने मुंगेर में मोदी सरकार के 12 साल के कार्यकाल को विकास, जन-विश्वास और जनकल्याण का स्वर्णिम काल बताया। उन्होंने तीन नंबर गुमटी के पास स्थित एक निजी विवाह भवन में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में यह बात कही। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। ठाकुर ने बताया कि केंद्र सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि योजनाओं को धरातल पर उतारकर आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाई है। उन्होंने कहा कि इसी कारण देश की जनता ने लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार पर भरोसा जताया है।

**समाज के हर वर्ग को लाभ मिला** : सांसद ने जोर दिया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गई है। इससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिला है। विवेक ठाकुर ने बताया कि जनता के विश्वास और समर्थन के कारण आज देश के 22 राज्यों में एनडीए की सरकारें कार्यरत हैं। उन्होंने इसे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों का परिणाम बताया। **उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान** : सांसद ने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकास की रोशनी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, और इसी दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी जनता का समर्थन एनडीए के साथ बना रहेगा।

# पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान से 51 मोबाइल बरामद किए



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका** । बांका पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत मंगलवार को 51 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। इससे मोबाइल गंवाने वाले लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई। पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमों ने तकनीकी सहायता और लगातार प्रयासों से इन मोबाइल फोन की तलाश की। अभियान के दौरान कुल 51 मोबाइल फोन बरामद किए गए।

**कार्यक्रम के दौरान संबंधित लाभुकों को सौंपे गए** : बरामद मोबाइल फोन समाहरणालय स्थित एसपी आवास परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान संबंधित लाभुकों को सौंपे गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा ने स्वयं लोगों को उनके मोबाइल फोन प्रदान किए। लंबे समय से खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर लाभुकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कई लोगों ने बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका मोबाइल दोबारा मिल पाएगा, लेकिन पुलिस की सक्रियता और मेहनत के कारण उनकी खोई हुई संपत्ति वापस मिल गई।

**'ऑपरेशन मुस्कान' आगे भी जारी रहेगा** : इस मौके पर एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा ने कहा कि बांका पुलिस जनता की सुरक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए 'ऑपरेशन मुस्कान' आगे भी जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को राहत मिल सके। मोबाइल प्राप्त करने वाले सभी लोगों ने बांका पुलिस, एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा तथा अभियान से जुड़े पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया।


## पूर्व रेलवे

**निविदा संख्या: ईएल-एमएलडीटी-टीआरडी-ई-टेंडर-101, दिनांक: 12.06.2026 के लिए खुली ई-निविदा सूचना।** वरिष्ठ डीईई/टीआरडी/पूर्व रेलवे, मालदा, पो.ऑ: झलझलिया, जिला: मालदा, पिन-732102, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाली सम्माननीय फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: ईएल-एमएलडीटी-टीआरडी-ई-टेंडर-101। कार्य का नाम:** मालदा मंडल में झुके हुए, क्षतिग्रस्त/हीटेड एवं महत्वपूर्ण मास्ट/टीटीसी/पोर्टल्स को हटाने के सम्बन्ध में ओएचई रूपांतरण कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹2,93,31,529.65। **बयाना राशि:** ₹ 5,86,600। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 22.06.2026 से 06.07.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान: www.ireps.gov.in** एवं वरिष्ठ डीईई/टीआरडी/पूर्व रेलवे, मालदा का कार्यालय। निविदादाता से यह अनुरोध है कि वे वेबसाइट में उपलब्ध विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज को अच्छी तरह से पढ़ लें। उपर्युक्त निविदा के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा।
(MLD-92/2026-27)
निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के नज़दीक, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **[वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा]: क्रम संख्या:** 1। **ई-निविदा संख्या: 122_2026-27, दिनांक: 11.06.2026। कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल सेस की मरम्मत-निम्नलिखित स्थानों पर 172801 घन मीटर कार्य: रामपुरहाट-दुमका :वरिष्ठ मंडल अभियंता/4/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन सहायक अभियंता/रामपुरहाट के अधीन एसएल 104.370-105.280 = 4550 घन मीटर, 107.260-107.520 = 1300 घन मीटर, 108.280-108.280 = 2500 घन मीटर, 118.140-118.260 = 2376 घन मीटर, 118.520-120.330 = 9025 घन मीटर, 120.520-120.640 = 3360 घन मीटर, 120.920-120.980 = 1920 घन मीटर, 124.010-124.700 = 3450 घन मीटर, 126.080-126.500 = 12936 घन मीटर, 126.600-126.960 = 11088 घन मीटर, 127.000-128.000 = 5000 घन मीटर, 128.370-129.400 = 5150 घन मीटर, 130.000-130.460 = 2300 घन मीटर, 132.114-132.440 = 12960 घन मीटर, 134.470-135.080 = 3050 घन मीटर, 128.41-128.89 = 24576 घन मीटर, 128.92-129.4 = 26880 घन मीटर, 130.01-130.43 = 24192 घन मीटर, 134.72-135.08 = 14688 घन मीटर और 132.15-132.45 = 1500 घन मीटर। **अनुमानित लागत:** ₹ 5,67,71,706.26। **बयाना राशि:** ₹ 11,35,400। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 15 (पंद्रह) महीने। **क्रम संख्या:** 2। **ई-निविदा संख्या: 123_2026-27, दिनांक: 11.06.2026। कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल में नॉन-इंटरलॉक्ड समपार फाटकों पर रिले हट का प्रावधान (लिलुआ-बेलुड़ मठ खंड में 01 अदद, बर्द्धमान-कटवा खंड में 02 अदद, रामपुरहाट-दुमका खंड में 02 अदद)। **अनुमानित लागत:** ₹ 3,39,89,761.98। **बयाना राशि:** ₹ 6,79,800। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 04 (चार) महीने। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य (क्रम संख्या 1 और 2 प्रत्येक के लिए)।निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 06.07.2026 को दोपहर 2:00 बजे (क्रम संख्या 1 और 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत एवं जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान उपर्युक्त वेबसाइट के जरिये सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में सावधि जमा रसीद (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
(HWH-156/2026-27)
निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

## पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्या: एनआईटी/02/26/32, दिनांक 15.06.2026।** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, 17 नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंज़िल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या; निविदा संख्या; विवरण; निविदा की कीमत; बयाना राशि** और **निविदा खुलने की तारीख और समय** निम्नानुसार हैं: **1; 20265027;** ईएलजीआई मॉडल संख्या आरआर20070 ऑफ़ के अनुसार 3-फेज आईसीएफ टाइप एमईएमयू रेक के लिए एयर ड्रायर के साथ रेसिप्रोकेटिंग एयर कूल्ड, ऑयल फ्री, अंडर स्लंग एयर कंप्रेसर; ₹ 0; ₹ 1,79,100 और 09.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **2; 20265007;** हिताची के लिए रेडियेटर कूलर मोटर; ₹ 0; ₹ 1,53,700 और 14.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **3; 19245042ए;** एसी फ्यूल पंप मोटर के लिए उपयुक्त स्टैंडबाई इन्वर्टर आदि; ₹ 0; ₹ 1,11,630 और 15.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **4; 08251033;** पॉलीग्लास बैंडिंग टेप आकार -0.33 मिमी. +/-0.05 मोटा x 20 मिमी . चौड़ा; ₹ 0; ₹ 1,78,990 और 01.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **5; 14255184बी;** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या: आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/107/2018 रिवीजन: 2.1 के अनुसार 25 वाट वीएचएफ डिजिटल रेडियो सेट की आपूर्ति की प्राप्ति आदि; ₹0; ₹ 3,59,420 और 06.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **6; 08261217ए;** सेल्फ बॉन्डिंग (अमलगमेटिंग) इंसुलेटिंग टेप, आकार- 38 मिमी.; ₹ 0; ₹ 2,00,190 और 30.06.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **7; 21261114;** ब्रेक सिलिंडर 355 मिमी . आदि; ₹ 0; ₹ 3,83,340 और 02.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **8; 04265005;** ब्रेक सिलिंडर पीबीए 254-160 200277डी-00-4-270, निर्माता : फाइवली; ₹ 0; ₹ 8,04,330। **9; 04265004;** ब्रेक सिलिंडर पीबीएएफ 254-160 200278डी-01-6-पीएफ13-90, निर्माता : फाइवली; ₹ 0; ₹ 10,82,190 और 30.06.2026 को दोपहर 1.30 बजे (क्रम संख्या 8 एवं 9 प्रत्येक के लिए)। **10; 10252290ए;** एमर्जेन्सी एग्ज़ॉस्ट वाल्व; ₹ 0; ₹ 1,08,690 और 08.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **11; 19265025;** कॉन्ट्रैक्टर एसी 3 पोल की प्राप्ति आदि; ₹ 0; ₹ 1,45,570 और 10.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **12; 21261379;** स्ट्राइकर कास्टिंग वियर प्लेट आदि; ₹ 0 ; ₹ 4,03,380 और 02.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **13; 16261154;** अनइंसुलेटेड कैडमियम कॉपर कैटेनरी वायर; ₹ 0; ₹ 20,00,000 और 03.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **14; 15245027बी;** 5 एक्सिस सीएनसी फ़िएट बोगी फ्रेम मशीनिंग सेंटर की आपूर्ति, स्थापना एवं शुरुआत आदि; ₹ 0; ₹ 20,00,000 और 09.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **15; 20265015;** एयर सप्लाई यूनिट; ₹ 0; ₹1,12,240 और 13.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **16; 11265013;** एलएचबी गैर-वातानुकूलित भारतीय रेल यात्री कोचों के लिए आईओटी आधारित वाटर लेवल इंडिकेटर सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना एवं शुरुआत के लिए प्राप्ति; ₹ 0; ₹ 3,79,950 और 02.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **17; 21251019बी;** स्प्लिट पिन सहित सैक़ल लॉक एंड लॉक पिन की प्राप्ति आदि; ₹ 0; ₹ 1,38,060 और 03.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **18; 15265073ए;** स्मार्ट कार्ड आधारित ऑटोमैटिक टिकटिंग वेंडिंग मशीन (एटीवीएम), जिसमें संलग्न स्पेसिफिकेशन के अनुसार शख्त रूप से 3 वर्ष की गारंटी के साथ टच स्क्रीन, एम्बेडेड क्लाइंट, आरएफआईडी रीडर/राइटर, थर्मल प्रिंटर, 1 केवीए यूपीएस, ओएस तथा आरडीबीएमएस लाइसेंस शामिल हो; ₹ 0; ₹ 9,48,090। **19; 15265072;** ट्रेवेर्सर (सर्फेस टाइप) की आपूर्ति, स्थापना एवं शुरुआत आदि - 80 टन; ₹ 0; ₹ 3,06,190 और 06.07.2026 को दोपहर 1.30 बजे (क्रम संख्या 18 एवं 19 प्रत्येक के लिए)। **20; 12261049;** आरडीएसओ ड्राइंग संख्या : टी-8747 के अनुसार चौड़े पीएससी स्लीपर के साथ इस्तेमाल के लिए 10 मिमी. मोटा कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट (सीजीआरएसपी) का निर्माण एवं आपूर्ति; ₹ 0; ₹ 20,00,000 और 23.06.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **21; 1226_एसपीसीएल_स्लीपर;** स्पेशल टाइप पीएससी स्लीपर की प्राप्ति के लिए चालू अनुबंध; ₹ 0; ₹ 0 और 22.06.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **22; 12261036;** आरडीएसओ ड्राइंग संख्या टी-8746 के अनुसार चौड़े पीएससी स्लीपर के साथ उपयोग के लिए आरडीएसओ ड्राइंग संख्या टी-8748 (ऑल्ट. 1) के अनुसार मेटल लाइनर का निर्माण एवं आपूर्ति; ₹ 0; ₹ 20,00,000 और 19.06.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **23; 22265369;** इंट्राविट्रिअल इंजेक्शन के लिए फरिसिमब 6 मिग्रा./0.05 मिली. सॉल्यूशन; ₹ 0; ₹ 0 और 16.06.2026 को दोपहर 1.30 बजे। **द्रष्टव्य:** ऊपर उल्लिखित सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं तथा सभी निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिये अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं से सम्बंधित और अधिक जानकारी के लिए कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट देखें।
(STORES-18/2026-27)
निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना संख्या: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/620, दिनांक: 12.06.2026।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा संख्या: एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/10/26-27/सीएपी। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** सियालदह मंडल में एक्सल काउंटर सिस्टम का मज़बूतीकरण तथा रिले रूम, लोकेशन बॉक्स आदि की पुनर्बहाली। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,40,42,528.18। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **जमा की जानेवाली बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 8,80,900। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 महीना। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 26.06.2026। **निविदा जमा बंद होने की तारीख:** 10.07.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 10.07.2026 को दोपहर 2.30 बजे। **विवरण जहाँ उपलब्ध है: www.ireps.gov.in**। **तकनीकी पात्रता की शर्तें:** निविदादाता को जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गई है उसके ठीक पहले वाले महीने के अंतिम दिन को समाप्त विगत 07 (सात) वर्षों के दौरान कार्य (र्यों) की निम्नलिखित श्रेणियों में से कोई भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया हुआ होना अथवा काफी हद तक पूरा किया हुआ होना चाहिए: (i) समरूप प्रकृति के तीन कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 30% की राशि के समान हो अथवा (ii) समरूप प्रकृति के दो कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 40% की राशि के समान हो अथवा (iii) समरूप प्रकृति का एक कार्य, जिसकी कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 60% की राशि के समान हो। **वित्तीय पात्रता की शर्तें:** निविदादाता के पास वी/एन अथवा 'वी', जो भी कम हो, का न्यूनतम औसतन वा र्षिक ठेकागत कारोबार अवश्य होना चाहिए; जहाँ वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन = कार्य संपादन हेतु निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना लेखा-परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार विगत तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकागत भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, पिछले वर्ष का तुलन पत्र अभी तक तैयार/लेखा-परीक्षित ना होने के मामले में, औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा-परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जायेगा। निविदादाता को लेखा-परीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथोचित समर्थित सनदी लेखापाल से प्राप्त प्रमाणपत्र/सनदी लेखापाल द्वारा यथोचित प्रमाणित लेखा-परीक्षित तुलन पत्र की प्रतियों के साथ जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इंस्टेंट निविदा दस्तावेज की प्रपत्र-6) के अनुसार आवश्यक जानकारियां अवश्य जमा करनी होंगी। **जमा किये जाने वाले अन्य दस्तावेज:** निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार। **समरूप प्रकृति का कार्य:** डेटा लॉगर या आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना और शुरुआत या ईआई या आरआरआई या पीआई या आईबीएस या आईबीएच या लेवल क्रॉसिंग गेट इंटरलॉकिंग या यार्ड संशोधन या यूएफएसबीआई या ट्रैक सर्किट (एएफटीसी या डीसी टीसी) या एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी या एमएसडीएसी या एचए-एसएसडीएसी) या स्वचालित सिग्नलिंग से जुड़ा कोई भी सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य। **द्रष्टव्य:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार पात्रता की शर्तों को पूरा करने के उनके/उसके दावे के समर्थन में दस्तावेज अवश्य जमा करना होगा। निविदादाता द्वारा जमा किये जाने वाले अनुशंसा पत्र के समर्थन में दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की प्रतियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता या निविदा देने वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-अभिप्रमाणन/डिजीटल रूप से हस्ताक्षर अवश्य हो ने चाहिए। स्व-सत्यापन में शामिल हैं हस्ताक्षर, मुहर एवं तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर)।
(SDAH-79/2026-27)
निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट के आरोप में पिता और पुत्र गिरफ्तार

**आरा**| टाउन थाना की पुलिस ने मारपीट की घटना में शामिल दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में टाउन थाना क्षेत्र के अबरपुल के निवासी मोतीलाल प्रसाद के पुत्र दिनेश सैनी और दिनेश सैनी के पुत्र आर्यन कुमार शामिल है। दोनों लोगों के ऊपर टाउन थाना में मारपीट करने का एफआईआर 12 जून को दर्ज हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पिता और पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### 4 गांव के खेतों में दो साल से नहीं लगे पोल, बांस के खंभो पर खिंचा नंगा तार

**गड़हनी** । प्रखंड गड़हनी के बगवां, बराप, पथार और पड़रिया गांव के किसान पिछले दो वर्षों से खेतों में स्थित बोरिंग तक बिजली पोल लगाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन बिजली विभाग ने अब तक समस्या नहीं सुलझाई है। किसानों को मजबूरी में बांस के खंभों और नंगे तारों के सहारे कनेक्शन लेकर बोरिंग चलानी पड़ रही है। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पथार गांव के किसान मुनमुन सिंह और रामबचन सिंह ने बताया कि करीब तीन वर्ष पहले कृषि कार्य के लिए विधिवत बिजली कनेक्शन लिया था। कनेक्शन मिलने के बाद भी खेतों तक बिजली पहुंचाने के लिए पोल और सुरक्षित लाइन की व्यवस्था नहीं हुई। कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा। कोई ठोस पहल नहीं हुई। बगवां गांव के किसान अंकित सिंह और भिखारी सिंह ने कहा कि खेती पूरी तरह सिंचाई पर निर्भर है। फसल बचाने के लिए जोखिम उठाकर बांस के अस्थायी पोल और खुले तारों से बिजली पहुंचानी पड़ रही है। बारिश और आंधी में यह व्यवस्था ज्यादा खतरनाक हो जाती है। खेतों में काम करने वाले किसान, मजदूर, पशुओं के लिए करंट का खतरा बना रहता है। किसानों का कहना है कि बिजली विभाग के कनीय अभियंता से कई बार कहा गया। जवाब मिलता है कि ठेकेदार को बोल दिया गया है। पिछले साल कार्यपालक अभियंता से कहने के बाद कुछ खेतों में पोल लगा। कई जगह काम छोड़ दिया गया। किसानों ने चेतावनी दी है कि विभाग ने जल्द खेतों तक पोल लगाकर सुरक्षित आपूर्ति नहीं की और कोई दुर्घटना हुई तो जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी। किसानों ने वरीय अधिकारियों से अविलंब हस्तक्षेप की मांग की है। बगवां और बराप गांव के खेतों तक पोल लगाने और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। बिजली विभाग के कनीय अभियंता निर्मल कुमार ने कहा कि ठेकेदार से बोलता हूं। खेती से पहले जल्द खेतों तक पोल और तार लगा दे।

### कड़ी सुरक्षा के बीच सिपाही भर्ती परीक्षा संपन्न, 52 फीसदी परीक्षार्थी उपस्थित रहे

**आरा** । बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस, गृह विभाग (कारा) तथा परिवहन विभाग में सिपाही पदों पर नियुक्ति के लिए रविवार को जिले के 18 केंद्रों पर लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हो गई। दो पालियों में आयोजित इस परीक्षा में कुल 52 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। परीक्षा के स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को लेकर प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के संयुक्त आदेश के आलोक में जिले के सभी 18 परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। कदाचार रोकने के लिए प्रशासन इस बार बेहद सख्त नजर आया। इस बार व्यवस्था को और पारदर्शी बनाने के लिए प्रत्येक पाली के प्रश्नपत्रों के लिए अलग-अलग रंग के लिफाफों का उपयोग किया गया, जो चर्चा का विषय रहा।परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई थी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक चली। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पूर्व ही केंद्र पर पहुंचने का सख्त निर्देश दिया गया था। इसके तहत प्रथम पाली के लिए सुबह 8 बजे और द्वितीय पाली के लिए दोपहर 1 बजे से ही अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग शुरू हो गई थी। सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को केंद्र के भीतर प्रवेश की अनुमति दी गई। शहर के प्रमुख कॉलेजों और स्कूलों को इस परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया था। इनमें मुख्य रूप से संजय गांधी कॉलेज, आरभीएस पब्लिक स्कूल, पयहारी महाराज जी कॉलेज, मानव बैजनाथ हाई स्कूल, डॉक्टर नेमीचंद शास्त्री कन्या प्लस टू स्कूल, अमीरचंद बालिका प्लस टू स्कूल, राजकीयकृत श्री जैन कन्या पाठशाला प्लस टू स्कूल, आदर्श मध्य विद्यालय मीरगंज, एसबी कॉलेज, एचडी जैन कॉलेज, गवर्नमेंट गर्ल्स प्लस टू हाई स्कूल, ज्ञानोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय, एसबी प्लस टू स्कूल, एच एन के प्लस टू स्कूल बंधन टोला, टाउन प्लस टू स्कूल, मॉडल इंस्टिट्यूट प्लस हाई स्कूल, श्री हरखेन कुमार जैन ज्ञानस्थली और हर प्रसाद दास जैन प्लस टू स्कूल शामिल हैं।

### शहीद दानिश आलम को जिलाधिकारी ने दी श्रद्धांजलि

**कोईलवर** । कोईलवर/आरा असम में हुए विमान हादसे में शहीद हुए भोजपुर जिले के कोईलवर निवासी वायु अग्निवीर दानिश आलम के पार्थिव शरीर के पैतृक गांव पहुंचने पर जिला प्रशासन ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला पदाधिकारी तनय सुलतानिया ने पुष्पगुच्छ अर्पित कर शहीद को नमन किया तथा शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने नम आंखों से शहीद को अंतिम विदाई दी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि दानिश आलम का बलिदान राष्ट्र सेवा के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण का प्रतीक है।

### 18 जून से जिप कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन

**आरा** । 15वीं वित्त आयोग, षष्ठम राज्य वित्त आयोग एवं पंचम राज्य वित्त आयोग की योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति तथा लंबित भुगतान को लेकर जिला परिषद सदस्यों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में नावानगर दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य डॉ. राजीव कुमार उर्फ राजू यादव के नेतृत्व में जिला परिषद कार्यालय के समक्ष चरणबद्ध आंदोलन करने की घोषणा की गई है। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बक्सर को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की सूचना दी गई है। एसडीओ को दिए गए पत्र में बताया गया है कि 15वीं वित्त आयोग, षष्ठम राज्य वित्त आयोग एवं पंचम राज्य वित्त आयोग के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 की योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति अब तक लंबित है। वहीं वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में विभिन्न मदों के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं का कार्य पूर्ण हो जाने के बावजूद संबंधित एजेंसियों और लाभार्थियों को भुगतान नहीं किया गया है। इसके अलावा जिला परिषद से जुड़े अन्य कई मुद्दों के समाधान में भी लगातार विलंब हो रहा है।डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि बार-बार मांग उठाने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है, जिससे जनप्रतिनिधियों एवं आम लोगों में भारी नाराजगी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही लंबित मामलों का निपटारा नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।घोषित कार्यक्रम के अनुसार 18 जून को जिला परिषद कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद 20 जून को पुतला दहन, 22 जून को अर्धनग्न प्रदर्शन, 24 जून को काला पट्टी बांधकर विरोध-प्रदर्शन, 26 जून को कटआउट पर कालिख पोतो अभियान, 28 जून को कटआउट पर अंडा फोड़ो कार्यक्रम तथा 30 जून को अर्थी जुलूस निकाला जाएगा। आरा |शहर में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं लावारिस युवक की दयनीय स्थिति ने जिले में आश्रय केंद्र की आवश्यकता को फिर उजागर कर दिया है। युवक के पैर में गंभीर संक्रमण और घाव में कीड़े लग जाने के कारण वह चलने-फिरने में असमर्थ हो गया है। सदर अस्पताल परिसर के आसपास भटक रहे इस युवक की देखभाल संत रविदास जनसेवा संगठन, भोजपुर के संस्थापक महासचिव अमरदीप कुमार जय और उनकी टीम लगातार कर रही है। टीम द्वारा नियमित रूप से घाव की ड्रेसिंग, दवा, भोजन तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शनिवार को नवादा करमन टोला स्थित भगत सिंह प्रतिमा के पास युवक को स्नान कराया गया, उसके बढ़े हुए नाखून काटे गए और घावों की सफाई कर उपचार किया गया। इसके बाद उसे रमना मैदान हनुमान मंदिर परिसर लाया गया। युवक की पहचान कराने के लिए उसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर भी साझा किए जा रहे हैं।

# स्टेशन पर लगेगी डिजिटल ट्रेन इंडिकेटर, जीपीएस घड़ियां

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर** । बक्सर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। रेलवे प्रशासन ने स्टेशन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और नई तकनीकें जोड़ने की तैयारी शुरू कर दी है। इस योजना के तहत स्टेशन परिसर में कई बदलाव किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को यात्रा के दौरान बेहतर अनुभव मिलेगा। योजना के तहत, स्टेशन के कुछ प्रमुख ट्रैक पारंपरिक गिट्टी वाले ढांचे से हटाकर आधुनिक गिट्टी रहित रेलवे ट्रैक में बदले जाएंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह नई तकनीक ट्रैक को अधिक मजबूत और टिकाऊ बनाएगी। इससे ट्रेनों का परिचालन सुरक्षित और सुचारू होगा, साथ ही रखरखाव की आवश्यकता भी कम पड़ेगी। विशेषकर बरसात में जलजमाव और ट्रैक कमजोर होने जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।




**यात्रियों को कोच खोजने में नहीं होगी दिक्कत** : यात्रियों को ट्रेनों की जानकारी देने की व्यवस्था भी आधुनिक की जाएगी। स्टेशन पर डिजिटल ट्रेन इंडिकेटर बोर्ड, कोच पोजिशन डिस्प्ले सिस्टम और जीपीएस आधारित डिजिटल घड़ियां लगाई जाएंगी। इससे यात्रियों को ट्रेन के आगमन-प्रस्थान समय के साथ-साथ कोच की स्थिति का भी आसानी से पता चल सकेगा। यह नई व्यवस्था यात्रियों को कोच खोजने में होने वाली परेशानी को कम करेगी। रेलवे ने स्टेशन के प्लेटफॉर्म की ऊंचाई और लंबाई बढ़ाने की भी योजना बनाई है। वर्तमान में, लंबी दूरी की ट्रेनों के कुछ डिब्बे प्लेटफॉर्म से बाहर रह जाते हैं, जिससे यात्रियों, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को चढ़ने-उतरने में कठिनाई होती है। प्लेटफॉर्म विस्तार के बाद, सभी डिब्बे प्लेटफॉर्म के दायरे में आएंगे, जिससे यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से आवागमन में मदद मिलेगी। इसके अलावा ट्रेनों के कोच में कम समय में पानी भरने की अत्याधुनिक व्यवस्था भी स्टेशन पर विकसित की जाएगी। नई प्रणाली लागू होने के बाद ट्रेनों में पानी भरने की प्रक्रिया पहले की तुलना में काफी तेज होगी। इससे ट्रेनों के अनावश्यक ठहराव में कमी आएगी और समय पर परिचालन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

**यात्रियों को बेहतर अनुभव देना उद्देश्य** : रेलवे अधिकारियों के अनुसार बक्सर स्टेशन पर यात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से इन सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ ने बताया कि सभी योजनाएं आने वाले समय में यात्रियों को बेहतर अनुभव देने के उद्देश्य से तैयार की गई हैं। इन सभी कार्यों के पूरा होने के बाद बक्सर रेलवे स्टेशन न सिर्फ जिले बल्कि पूरे क्षेत्र के आधुनिक रेलवे स्टेशनों की श्रेणी में अपनी एक नई पहचान बना सकता है। यात्रियों को बेहतर सुरक्षा, तेज सेवा, आधुनिक तकनीक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव देने की दिशा में यह बदलाव एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## रोड एक्सीडेंट में मुखिया समेत 3 लोग घायल



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा** । सारण (छपरा) जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र में रविवार को ट्रक और स्कॉर्पियो की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में पूर्व मुखिया समेत तीन लोग जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। घायलों में मुफस्सिल के अलीपुर गांव निवासी सह हसनपुरा पंचायत के पूर्व मुखिया उपेंद्र सिंह(55), उनका पुत्र करण कुमार(28) और बिहिया के मखदुमपुर निवासी शंकर सिंह के पुत्र और उनके साढु शंभू सिंह शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज चल रहा है।

**परिवार के साथ नेपाल जा रहे थे** : पूर्व मुखिया उपेंद्र सिंह ने बताया कि पूरे परिवार के साथ नेपाल पशुपति नाथ का दर्शन करने के लिए जा रहे थे। छपरा पुल विपरीत दिशा से ट्रक आ रही थी। हॉर्न बजाकर उसे रोकने के लिए इशारा भी किया गया। लेकिन ट्रक आकर उनके स्कॉर्पियो में सीधा टक्कर मार दी। तीन लोग घायल हुए हैं, परिवार के अन्य लोग सुरक्षित हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## धर्म या परिवार में से हमेशा धर्म का चयन करें

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर** । श्री रामेश्वर नाथ मंदिर परिसर में सर्वजन कल्याण सेवा समिति द्वारा आयोजित 18वें धार्मिक महोत्सव के सातवें दिन श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा व्यास आचार्य श्री कृष्णानंद शास्त्री पौराणिक जी ने सनातन धर्म की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केवल सनातन धर्म में ही ईश्वर का अवतार होता है। विश्व के अन्य पंथों और धर्मों में ईश्वर का अवतार नहीं होता है। यह अद्वितीय विशेषता केवल सनातन धर्म में ही है। वेदांत और उपनिषदों के अनुसार, सनातन धर्म स्वयं रक्षक है। कथावाचक पौराणिक जी ने बड़े ही तार्किक ढंग से समझाया कि मनुष्य योनि में ईश्वर का अवतरण केवल राक्षसों का वध करने के लिए नहीं, बल्कि मानवता के निर्माण और मानवीय मूल्यों की स्थापना के लिए होता है। उन्होंने कहा कि कंस और रावण के समय मानवता की नींव ढह गई थी। माता-पिता, गुरु और अतिथि का सम्मान पूरी तरह समाप्त हो चुका था। सदाचार का अभाव ही राक्षसी आचरण है। श्री कृष्ण के 128 वर्षों के धरा पर प्रवास का किया वर्णन आचार्य श्री ने भगवान श्रीकृष्ण के 128 वर्षों के धरा पर प्रवास का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण 11 वर्ष 52 दिन गोकुल-वृंदावन में, 14 वर्ष मथुरा में और 103 वर्ष द्वारिका में रहे। जहां श्रीराम ने मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में समाज को राह दिखाई, वहीं श्रीकृष्ण ने "लीला पुरुषोत्तम" के रूप में धर्म की रक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने की शिक्षा दी। यदुवंश के नाश का प्रसंग सुनाते हुए आचार्य श्री ने भावुक कर देने वाला संदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण और बलराम ने अपनी आंखों के सामने समस्त यदुवंशियों का महाविनाश देखा, लेकिन अपनी इच्छा से समस्त वंशजों का विनाश कर कर सनातन धर्म को सर्वाधिक मजबूत बनाए। इन्होंने यही मार्गदर्शन कराया कि जब यह निर्णय करना पड़े की धर्म चाहिए या परिवार तो इन दोनों में धर्म का ही चयन करना चाहिए।



## एडमिट कार्ड देने के नाम पर 1000 रुपए मांगने का आरोप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा** । उदवंतनगर प्रखंड स्थित दुलारपुर कैंपस में संचालित डॉ. अरविंद टीचर ट्रेनिंग कॉलेज एक बार फिर विवादों में घिर गया है। छात्रों से अतिरिक्त शुल्क मांगने का वीडियो वायरल हुआ है। डीएलएड सत्र, 2025-27 के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रबंधन पर एडमिट कार्ड जारी करने के नाम पर एक हजार रुपये की अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। छात्रों ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग जिला प्रशासन से की है। दैनिक भास्कर से बातचीत में छात्रों ने बताया कि शनिवार को कॉलेज परिसर में कर्मचारियों द्वारा परीक्षा का एडमिट कार्ड देने के लिए एक हजार रुपये जमा करने को कहा गया है। छात्रों का आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन लगातार विभिन्न मदों के नाम पर अतिरिक्त राशि की मांग कर रहा है, जिससे छात्र आर्थिक रूप से परेशान हैं।



डीएलएड सत्र 2025-27 के छात्र अजीत कुमार पासवान ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन पाठ्यक्रम पूरा कराने के नाम पर छात्रों से अवैध रूप से राशि वसूल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा डीएलएड पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित शुल्क सीमा 1.20 लाख रुपये से अधिक नहीं है, लेकिन कॉलेज में स्पॉट नामांकन के दौरान पहले चरण में ही लगभग 83 हजार रुपये जमा कराए गए। अब दूसरे चरण में 80 हजार रुपये की अतिरिक्त मांग की जा रही है। छात्रों ने आरोप लगाया कि नामांकन शुल्क के अतिरिक्त रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में दो हजार रुपये, परीक्षा फॉर्म भरने के लिए सात हजार रुपये तथा असाइनमेंट के नाम पर दो हजार रुपये पहले ही लिए जा चुके हैं। इसके बावजूद अब एडमिट कार्ड देने के लिए एक हजार रुपये की मांग की जा रही है। छात्रों द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधारः डॉ. अरविंद वहीं, इस संबंध में कॉलेज के निदेशक डॉ. अरविंद कुमार ने छात्रों द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि कॉलेज में किसी भी छात्र से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जा रहा है। कुछ छात्र पढ़ाई में रुचि नहीं रखते और कॉलेज की छवि खराब करने के उद्देश्य से गलत आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज को बदनाम करने के लिए भ्रामक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित किया जा रहा है। कॉलेज प्रबंधन सभी नियमों के अनुरूप कार्य कर रहा है और छात्रों के आरोप तथ्यहीन हैं।

## गंगा में डूबने से 12 साल के बच्चे की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर** । बक्सर में सोमवार सुबह गंगा घाट पर डूबने से किशोर की मौत हो गई। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत लढ़ोपुर नारा स्थित गंगा घाट पर हुई। मृतक की पहचान पवनी पंचायत के जोकही गांव निवासी दिनेश राय के बेटे हिमांशु कुमार राय(12) के रूप में हुई है। हिमांशु रविवार सुबह अपने कुछ दोस्तों के साथ गंगा घाट पर नहाने गया था। बताया जा रहा है कि सभी बच्चे पानी में खेल रहे थे, तभी हिमांशु अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ मौजूद बच्चों ने शोर मचाया। बच्चों की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे बचाने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद हिमांशु को गंगा नदी से बाहर निकाला और तुरंत इलाज के लिए बक्सर सदर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



**पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग** : हिमांशु अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। ग्रामीणों के अनुसार, वह पढ़ाई में होनहार और व्यवहार कुशल था। उसके पिता दिनेश राय मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बेटे की असामयिक मौत से परिवार गहरे सदमे में है। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, गांव के लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## फाइनल में मणिपुर को हराकर आरा चैंपियन, बबलू मैन ऑफ द मैच व आनंद पांडे मैन ऑफ द सीरीज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**ब्रह्मपुर** । प्रखंड के एकडार घाट के खेल मैदान में श्री छठ पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को शानदार और रोमांचक समापन हो गया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खेल प्रेमियों का उत्साह देखने लायक रहा। क्षेत्र की 16 मजबूत टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रात के समय फ्लडलाइट की रोशनी में खेले गए मुकाबलों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आरा और मनिपुर की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांच से भर दिया। हालांकि निर्णायक क्षणों में आरा की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए मनिपुर को पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। मनिपुर की टीम उपविजेता रही। फाइनल मैच में आरा के खिलाड़ी बबलू ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके शानदार खेल के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में लगातार बेहतरीन बल्लेबाजी और गेंदबाजी का प्रदर्शन करने वाले आनंद पांडे को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। समापन समारोह के दौरान विजेता टीम को 5151 नकद पुरस्कार एवं आकर्षक ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 3001 नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के समय खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजन समिति के सदस्य सूरज कुमार, मुकेश यादव, प्रीतम कुमार, उपेंद्र यादव एवं रविंद्र यादव ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं।




## सिपाही भर्ती परीक्षा 50 % अभ्यर्थी अनुपस्थित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर** । रविवार को केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की ओर से मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल एवं चलंत दस्ता सिपाही पदों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा के सफल संचालन और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीएम साहिला, एसडीएम अविनाश कुमार ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने डीएवी स्कूल, इटाढ़ी रोड तथा फाउंडेशन स्कूल, गुरदास मठिया स्थित परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। उन्होंने केंद्रों पर तैनात दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों एवं वीक्षकों को लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त ढंग से संपन्न कराने का निर्देश दिया। डीएम ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर बनाए गए हेल्पलाइन काउंटरों का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में कुल 5,328 परीक्षार्थियों में से 2,793 उपस्थित रहे, जबकि 2,535 अनुपस्थित रहे। किसी भी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं किया गया। वहीं द्वितीय पाली में भी कुल 5,328 परीक्षार्थियों में से 2,796 उपस्थित और 2,532 अनुपस्थित रहे। इस पाली में भी निष्कासन की कोई घटना नहीं हुई। प्रभारी नियंत्रण कक्ष के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं निगरानी की व्यापक व्यवस्था की गई थी, जिसके कारण कहीं से भी किसी अप्रिय घटना या कदाचार की सूचना प्राप्त नहीं हुई। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया।



## साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने की सलाह

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर** । आईईएसएम से जुड़े सदस्यों की बैठक रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन सह आईईएसएम शाहाबाद हेल्थ केयर के अध्यक्ष डॉ. मेजर पीके पाण्डेय और जिला उपाध्यक्ष सूबेदार विद्या सागर चौबे ने की। मौके पर जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष और जिले के लगभग 200 पूर्व सैनिक एवं वीरांगनाएं मौजूद थीं। डॉ. मेजर पीके पाण्डेय ने आईईएसएम बक्सर की सराहना की। उन्होंने सैनिक एकता बनाए रखने का निर्देश दिया। 11 जून को "एक खूबसूरत शाम, भारतीय सेना के नाम" से समारोह मनाया गया। इसमें हमारे सैकड़ों सैनिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके लिए सभी सैनिकों को बधाई दी गई। जिला उपाध्यक्ष सूबेदार विद्या सागर चौबे ने बताया कि आए दिन फ्रॉड के मामले हो रहे हैं। साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सजग और सतर्क रहना होगा। जिला महासचिव कैप्टन श्रीनिवास सिंह ने सभी सैनिकों को आईटीआर भरने की सलाह दी। उन्होंने इसके फायदे भी बताए। जिला कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर आरबी सिंह ने पैसे का लेखा-जोखा बताया। चौगाई प्रखंड अध्यक्ष कैप्टन कन्हैया पंडित ने वेतन संबंधी विशेष जानकारियां दीं। सिमरी प्रखंड अध्यक्ष नायक शशि भूषण ओझा, सिमरी प्रखंड डायरेक्टर सार्जेंट विनोद तिवारी, इटाढ़ी प्रखंड अध्यक्ष हवलदार हरिहर सिंह और राजपुर प्रखंड अध्यक्ष चंद्रजीत सिंह आदि ने संगठन के विस्तार और सराहनीय कार्यों पर विचार व्यक्त किए।



## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी की हत्या कर परिवार के साथ पति फरार, आत्मसमर्पण न करने पर घर पर चलेगा बुलडोजर

**हाजीपुर।** वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र के रजासन गांव में 16 अप्रैल 2026 को नवविवाहिता मोना कुमारी की हत्या कर शव गायब कर दिया गया था। इस मामले में पति, सास और ससुर समेत सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हैं। पुलिस ने अब इन आरोपियों के खिलाफ इश्तेहार चिपकाए हैं। यह कार्रवाई न्यायालय से आदेश प्राप्त होने के बाद बिदुपुर थाना पुलिस द्वारा की गई है। पुलिस ने ढोल-नगाड़ों के साथ आरोपियों को जल्द से जल्द न्यायालय में आत्मसमर्पण करने या गिरफ्तारी देने की हिदायत दी है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपी आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जा सकता है। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया है कि आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के कारण उनमें असंतोष बढ़ रहा है। परिजनों के अनुसार, ससुराल वालों ने विवाहिता की हत्या कर शव को रात के अंधेरे में गंगा नदी में प्रवाहित कर दिया था। इसके साथ ही, डेढ़ साल की बच्ची भी लापता बताई जा रही है। बिदुपुर थाना अध्यक्ष रवि प्रकाश ने बताया कि विवाहिता की हत्या और शव गायब करने के संबंध में थाना में कांड संख्या 186/26 दर्ज किया गया था। पुलिस लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी, लेकिन वे फरार चल रहे थे। न्यायालय से आदेश मिलने के बाद इश्तेहार की कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि आरोपी न्यायालय में आत्मसमर्पण या गिरफ्तारी नहीं देते हैं, तो उनके घरों की कुर्की-जब्ती की जाएगी।

### आम से लदी पिकअप पलटी, फल लूटने का वीडियो वायरल, घायल दंपती तड़पते रहे, कारोबारी की मौत

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के गायघाट थाना क्षेत्र में आम से लदी एक पिकअप दुर्घटना का शिकार हो गई। इसके बाद घायल दंपती की मदद करने के बजाय लोग सड़क पर बिखरे आम बटोरने में जुट गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल आम कारोबारी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही हैं। सुपौल के निर्मली थाना क्षेत्र निवासी 40 साल के अजय पासवान अपनी पत्नी संतरा देवी के साथ पश्चिम बंगाल से आम लादकर मुजफ्फरपुर आ रहे थे। शनिवार को गायघाट थाना क्षेत्र के हनुमान नगर चौक स्थित एनएच-27 पर उनकी पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए और वाहन में फंस गए। घटना का वीडियो आज वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, हादसे के बाद पिकअप पर लदे आम सड़क पर बिखर गए। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए, लेकिन घायलों की मदद करने के बजाय आम उठाने और ले जाने में जुट गए। महिला और पुरुष दोनों सड़क पर बिखरे आम समेटते नजर आए, जबकि घायल दंपती दर्द से कराहते रहे। घटना की सूचना मिलने के बाद गायघाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। अस्पताल में इलाज के दौरान अजय पासवान की मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी संतरा देवी की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका इलाज जारी है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि दुर्घटना के बाद लोग आम लूटने में व्यस्त हैं, जबकि घायल सड़क पर पड़े हुए हैं। गायघाट थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि आम से लदी पिकअप के पलटने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान अजय पासवान की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### युवक की पिटाई का मामला, पानापुर करियात के तत्कालीन थानाध्यक्ष पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के पानापुर करियात थाने में युवक की कथित पिटाई और 70 हजार रुपए वसूली के मामले में मानवाधिकार आयोग ने एक्शन लिया है। तत्कालीन थानाध्यक्ष राजबल्लभ प्रसाद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। साथ-ही बिहार के मुख्य सचिव, डीजीपी, डीएम और एसएसपी मुजफ्फरपुर को कारण बताओ नोटिस भी दिया गया है। सरैया थाना क्षेत्र के बहिलवारा रुपनाथ निवासी अमन कुमार को 11 मार्च 2025 को सुबह करीब 3 बजे तत्कालीन पानापुर करियात थानाध्यक्ष राजबल्लभ प्रसाद ने गैरकानूनी तरीके से हिरासत में लिया था। जानकारी मिलने पर अमन के बहनोई रौशन प्रताप सिंह थाना पहुंचे थे। जहां पुलिस ने अमन कुमार को बंद कर रखा था। आरोप है कि थानाध्यक्ष ने छोड़ने के एवज में एक लाख रुपए की मांग की थी। जब रौशन प्रताप सिंह ने इसका विरोध किया तो आवेश में आकर थानाध्यक्ष ने उन्हें भी हाजत में बंद कर दिया था। मुंह, हाथ और पैर बांधकर उनके साथ काफी बेरहमी से मारपीट की गई थी। सूचना मिलने पर परिवार के सदस्य थाना पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि जब दोनों को छोड़ने का आग्रह किया तो तत्कालीन थानाध्यक्ष राजबल्लभ प्रसाद ने एक लाख रुपए की मांग रखी। 70 हजार रुपए लेने के बाद दोनों को छोड़ा गया। रौशन प्रताप सिंह की बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया, जिसे लौटाने के एवज में 30 हजार रुपए की मांग अलग से की। मारपीट में गंभीर रूप से घायल रौशन को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांटी में लाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया था। इसके बाद मामला एनएचआरसी और बीएचआरसी के समक्ष पहुंचा। आयोग ने इसे मानवाधिकार का घोर उल्लंघन मानते हुए बिहार के मुख्य सचिव से पूछा है कि पीड़ित को क्यों नहीं एक लाख रूपए का मुआवजा दिया जाए। साथ-ही-साथ थानाध्यक्ष के खिलाफ अब तक प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की गई, इसपर भी आयोग की ओर से नाराजगी जाहिर की गई। आनन-फानन में पानापुर करियात थाना के थानाध्यक्ष द्वारा रविवार को रौशन की मां वीणा सिंह के नाम एक नोटिस जारी किया गया। 24 घंटे के अंदर थाना पर उपस्थित होकर आवेदन देने को कहा गया। रविवार शाम में ही वीणा सिंह के द्वारा पानापुर करियात थाना में तत्कालीन थानाध्यक्ष राजबल्लभ प्रसाद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन दिया गया। मानवाधिकार मामलों के जानकार अधिवक्ता एस. के. झा ने बताया कि यह मामला सरकार की व्यवस्था का पोल खोल रही है। कारण कि एक प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पीड़ित परिवार को पटना से लेकर दिल्ली तक दौड़ लगानी पड़ी है। फिलहाल यह मामला एनएचआरसी और बीएचआरसी में चल रहा है। दोनों आयोगों के स्तर से पीड़ित परिवार को न्याय अवश्य मिलेगा, मुझे आयोग पर पूरा भरोसा है।

### इटली में भारत का परचम लहराएंगे मुजफ्फरपुर के एहतेशाम

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के एक साधारण परिवार से आने वाले मोहम्मद एहतेशाम रिजवी आने वाले 20 से 27 अगस्त तक इटली में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। जवाहर नवोदय विद्यालय, खड़ौना के 12वीं कक्षा के छात्र एहतेशाम का चयन अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड (आईईएसओ) के लिए भारतीय टीम में हुआ है। पूरे देश से सिर्फ चार छात्रों का चयन किया गया है, जिनमें मुजफ्फरपुर के एहतेशाम रिजवी भी शामिल हैं। एहतेशाम ने बताया कि उन्हें अर्थ साइंस ओलंपियाड के बारे में सबसे पहले स्कूल से जानकारी मिली। जवाहर नवोदय विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होती रहती हैं, जिनमें वह नियमित रूप से हिस्सा लेते थे। इसी दौरान उनके फिजिक्स शिक्षक ने उन्हें अर्थ साइंस ओलंपियाड के बारे में बताया। इसके बाद उन्होंने आवेदन किया और प्रतियोगिता की तैयारी शुरू कर दी। 24 जनवरी 2026 को स्कूल स्तर पर परीक्षा आयोजित हुई थी। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच छात्रों का चयन अगले चरण के लिए किया गया। चयनित छात्रों को आगे की प्रक्रिया के लिए गुजरात के बड़ोदरा में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण और मूल्यांकन शिविर में भेजा गया। एहतेशाम ने बताया कि बड़ोदरा में करीब 20 दिनों तक चले कैंप में कई तरह की शैक्षणिक और व्यावहारिक गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान प्रतिभागियों को पृथ्वी की संरचना, चट्टानों की परतों, भूगर्भीय संरचनाओं, वायुमंडल और पृथ्वी विज्ञान से जुड़े विभिन्न विषयों की गहन जानकारी दी गई। कैंप में फील्ड वर्क, प्रैक्टिकल टेस्ट, लिखित परीक्षा और वायवा भी लिया गया। सभी प्रतिभागियों को अलग-अलग विषय दिए गए थे। एहतेशाम का विषय "जर्नी टू द सेंटर ऑफ द अर्थ" था, जिस पर उन्हें प्रस्तुति और मूल्यांकन की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। कई स्तरों की परीक्षा, प्रैक्टिकल और मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद देशभर से चार छात्रों का अंतिम चयन किया गया।

# बिक्रमशिला-कटरिया नई रेल लाइन परियोजना का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

## गंगा पर बनेगा 2.44 किमी लंबा डबल लाइन रेल पुल





**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सोमवार को पाटलिपुत्र-शाहपुर पटोरी-बरौनी-नौगछिया रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलखंड की संरक्षा, परिचालन व्यवस्था और चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने बहुप्रतीक्षित बिक्रमशिला-कटरिया नई रेल लाइन परियोजना के निर्माण स्थल का भी विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने विभिन्न स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन (ओएचई) प्रणाली, ट्रैक की गुणवत्ता और संरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक नौगछिया स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने कटरिया की ओर स्थित निर्माणाधीन क्षेत्र का निरीक्षण किया। इसके बाद भागलपुर दिशा में विकसित किए जा रहे नए स्टेशन स्थल और अन्य निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने उन्हें परियोजना की वर्तमान स्थिति और आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत गंगा नदी पर 2.44 किलोमीटर लंबा डबल लाइन रेल पुल बनाया जाएगा। पुल निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है तथा मिट्टी परीक्षण का कार्य भी संपन्न हो चुका है। मुख्य पुल के डिजाइन और ड्राइंग का कार्य अगले तीन माह में पूरा होने की संभावना है, जिसके बाद निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

परियोजना के लिए पुल से जुड़े दोनों ओर रेल लाइन निर्माण हेतु लगभग 180 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। रेलवे प्रशासन के अनुसार अधिग्रहित की जाने वाली भूमि का बड़ा हिस्सा निजी स्वामित्व में है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक कानूनी अधिसूचनाएं जारी की जा चुकी हैं और कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

बिक्रमशिला-कटरिया नई रेल लाइन परियोजना पर लगभग 2549 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना के तहत करीब 26 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन का निर्माण किया जाना है। यह रेल लाइन भागलपुर के समीप गंगा नदी के दोनों किनारों को जोड़ते हुए क्षेत्रीय संपर्क को नई मजबूती प्रदान करेगी। बिक्रमशिला स्टेशन भागलपुर-साहिबगंज रेलखंड पर स्थित है, जबकि कटरिया स्टेशन कटिहार-बरौनी रेलखंड का महत्वपूर्ण स्टेशन है। परियोजना के पूरा होने के बाद इन दोनों रेलखंडों के बीच सीधा संपर्क स्थापित हो जाएगा।

परियोजना की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता गंगा नदी पर बनने वाला वाई-आकार (Y-Shape) का रेल पुल होगा। यह पुल उत्तर दिशा में कटरिया और नौगछिया तथा दक्षिण दिशा में बिक्रमशिला और शिवनारायणपुर स्टेशनों को जोड़ेगा। इससे रेल यातायात अधिक सुगम और प्रभावी हो सकेगा। रेलवे अधिकारियों का मानना है कि इस परियोजना के पूरा होने से बिहार के कोसी और सीमांचल क्षेत्र का अंग क्षेत्र से सीधा रेल संपर्क स्थापित होगा। इससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी, यात्रा समय में कमी आएगी तथा व्यापार, कृषि और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही क्षेत्रीय आर्थिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) दक्षिण राजीव गुप्ता, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक इंदू रानी दूबे, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन सहित मुख्यालय एवं मंडल के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। रेलवे अधिकारियों ने विश्वास जताया कि परियोजना निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी कर क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## मोकामा विधायक अनंत सिंह और भोजपुरी गायक गुंजन सिंह को अग्रिम जमानत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गोपालगंज।** मोकामा से विधायक अनंत सिंह और भोजपुरी गायक गुंजन सिंह को गोपालगंज की एमपी-एमएलए कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। एमपी-एमएलए कोर्ट के एडीजे-3 ने दोनों की अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार करते हुए उन्हें एंटिसिपेटरी बेल प्रदान कर दी। अदालत के इस फैसले के बाद दोनों को फिलहाल गिरफ्तारी से राहत मिल गई है।

यह मामला मीरगंज थाना क्षेत्र के सेमराव गांव में आयोजित एक कार्यक्रम से जुड़ा है। बीते 2 मई को कार्यक्रम के दौरान हथियार लहराने और कथित रूप से अश्लील गीतों के प्रदर्शन से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की थी। बाद में जांच की जिम्मेदारी सीआईडी को सौंप दी गई थी।

सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की ओर से कहा गया कि आरोपियों के विरुद्ध लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और उन्हें अग्रिम जमानत का लाभ दिया जाए। पटना हाईकोर्ट से पहुंचे अधिवक्ता कुमार हर्षवर्धन ने अदालत में पक्ष रखते हुए सभी आरोपियों को निर्दोष बताते हुए अग्रिम जमानत देने की मांग की।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद एडीजे-3 सह विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश राजेंद्र कुमार पांडेय ने विधायक अनंत सिंह, गायक गुंजन सिंह सहित मामले में नामजद सभी नौ आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली। अदालत के फैसले के बाद समर्थकों में खुशी का माहौल देखा गया।

गौरतलब है कि वायरल वीडियो में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान नृत्य प्रस्तुति दिखाई दे रही थी, जबकि दूसरे वीडियो में कुछ लोगों को हथियारों के साथ नजर आने का दावा किया गया था। वीडियो वायरल होने के बाद साइबर सेल की रिपोर्ट के आधार पर मीरगंज थाने में विधायक अनंत सिंह समेत नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

फिलहाल मामले की जांच सीआईडी द्वारा जारी है। जांच एजेंसी वीडियो की सत्यता, कार्यक्रम की परिस्थितियों और आरोपित व्यक्तियों की भूमिका की पड़ताल कर रही है। अदालत से अग्रिम जमानत मिलने के बावजूद मामले में कानूनी प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

## रानीतालाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 500 लीटर अर्धनिर्मित शराब नष्ट, 10 अवैध भट्ठियां ध्वस्त

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**रानीतालाब,पटना।** बिहार में शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पटना पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में रानीतालाब थाना क्षेत्र के चिहूंटा मुसहरी गांव में पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अर्धनिर्मित शराब और शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री को नष्ट कर दिया। कार्रवाई के दौरान कई अवैध भट्ठियों को भी ध्वस्त किया गया।

वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर चलाए गए इस विशेष अभियान का नेतृत्व डीएसपी-2 पालीगंज पंकज कुमार शर्मा ने किया। अभियान में रानीतालाब थाना के अपर थानाध्यक्ष चंदन कुमार सहनी सहित पुलिस बल के कई जवान शामिल थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गांव के विभिन्न स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने करीब 500 लीटर अर्धनिर्मित शराब बरामद की। शराब के अवैध निर्माण को रोकने के उद्देश्य से पूरी मात्रा को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा शराब बनाने में उपयोग की जा रही 10 अवैध भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया, जिससे कारोबारियों को बड़ा झटका लगा है।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 45 लीटर तैयार देशी शराब भी बरामद की, जिसे जब्त कर थाना लाया गया। बरामद शराब के संबंध में रानीतालाब थाना में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हालांकि इस अभियान में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पुलिस का मानना है कि छापेमारी की सूचना मिलते ही शराब कारोबार से जुड़े लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी पहचान करने और गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। अधिकारियों के अनुसार जल्द ही इस अवैध कारोबार में शामिल लोगों की गिरफ्तारी कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी पंकज कुमार शर्मा ने कहा कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है और शराब का निर्माण, भंडारण, बिक्री या सेवन कानूनन अपराध है। किसी भी परिस्थिति में अवैध शराब कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार ऐसे क्षेत्रों की निगरानी कर रही है जहां अवैध शराब निर्माण की आशंका रहती है। आने वाले दिनों में भी विशेष अभियान जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्रशांत किशोर बोले- 10 हजार रुपए में खरीदे गए वोट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बांकीपुर में जन सभा के दौरान बिहार सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने बिहार में पदयात्रा शुरू की थी, तब अधिकांश लोगों को उनके प्रयास पर भरोसा नहीं था।लोग उन्हें सलाह देते थे कि वे बेकार में समय बर्बाद कर रहे हैं क्योंकि बिहार में कुछ नहीं बदल सकता। यहां तक कि उनके परिवार और करीबी लोगों ने भी सवाल उठाया कि जब जीवन अच्छी तरह चल रहा है तो बिहार की राजनीति में संघर्ष करने की क्या जरूरत है। प्रशांत किशोर ने कहा कि इसके बावजूद उन्होंने और उनके साथियों ने लगातार दो से ढाई वर्षों तक मेहनत की और गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद स्थापित किया।

**जन सुराज बनने के बाद बदलाव की उम्मीद दिखाई देने लगी:** प्रशांत किशोर ने कहा कि लंबे प्रयासों के बाद जब जन सुराज एक राजनीतिक दल के रूप में सामने आया और उसकी गतिविधियों की चर्चा सोशल मीडिया तथा आम लोगों के बीच होने लगी, तब पहली बार लोगों को यह महसूस हुआ कि बिहार में राजनीतिक बदलाव संभव है। जन सुराज के बढ़ते जनाधार और लोगों की बढ़ती भागीदारी ने एक नई उम्मीद पैदा की थी कि इस बार राज्य की राजनीति में बड़ा परिवर्तन देखने को मिल सकता है।

**बदलाव की हवा देखकर सत्ता में बैठे दल सक्रिय हो गए:** प्रशांत किशोर ने आरोप लगाया कि जैसे ही यह माहौल बना कि बिहार में बदलाव की संभावना बढ़ रही है, वैसे ही पिछले 30-35 वर्षों से सत्ता में प्रभाव रखने वाले राजनीतिक दल और नेता पूरी ताकत के साथ सक्रिय हो गए। जब उन्हें लगा कि जनता का रुझान बदल सकता है और जन सुराज को समर्थन मिल सकता है, तब चुनावी मुकाबले को प्रभावित करने के लिए विभिन्न तरह के प्रयास किए गए।

**'10 हजार रुपये देकर वोट खरीदे गए':** प्रशांत किशोर ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पैसे बांटे गए। उनका दावा था कि कई जगहों पर लोगों को 10-10 हजार रुपये तक दिए गए और वोट खरीदने की कोशिश की गई। बिहार जैसे गरीब राज्य में यह कोई छोटी बात नहीं है। उनके अनुसार, एक विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों करोड़ रुपये तक खर्च किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता के टैक्स और सरकारी संसाधनों से जुड़े धन का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए किया गया। प्रशांत किशोर ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर तबके के कई लोगों ने यह सोचकर उन्हीं दलों का समर्थन किया जिन्होंने उन्हें चुनाव के दौरान आर्थिक लाभ पहुंचाया। गरीबी और आर्थिक जरूरतों के कारण कई मतदाता तत्काल लाभ के प्रभाव में आ गए और बदलाव की राजनीति को समर्थन नहीं दे सके।

## पटना के ए एन कॉलेज में गूंजा 'भर ले उड़ान'

### बिहार की प्रतिभा को मिला राष्ट्रीय मंच







सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** कला और संस्कृति को समर्पित बिहार के सबसे बड़े युवा मंच 'भर ले उड़ान' ने पटना के ए एन कॉलेज में अपने 10वें सीज़न का भव्य आयोजन किया। एक दशक से यह मंच बिहार के युवाओं को कला,संस्कृति और रचनात्मक अभिव्यक्ति के क्षेत्र में बिहार की प्रतिभाओं को पहचान दिलाकर राज्य और देश का गौरव बढ़ा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ पटना की मेयर सीता साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद भीम सिंह ने 'भर ले उड़ान' की सराहना करते हुए कहा,"बेटियां बिहार की गरिमा बढ़ाकर देश का नाम रोशन कर रही हैं।" उन्होंने मंच की अध्यक्ष कोमल पांडे और सचिव स्वीटी पंडित के प्रयासों की विशेष प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में यह मंच लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

बिहार भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने प्रतिभागियों के अभिभावकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में परिवार का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होता है।फुलवारी के विधायक एवं पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा कि कला और संस्कृति समाज को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है और 'भर ले उड़ान' जैसी पहल युवाओं के सपनों को साकार करने का कार्य कर रही है।

नमो ऐप के सह संयोजक सौरभ भारती पासवान ने कहा "यह मंच सिर्फ हौसला नहीं,पहचान भी देता है।" उन्होंने युवाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया।

पटना की महापौर रश्मि ने बिहार की सांस्कृतिक एकता और समृद्ध विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन राज्य की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।साइबर पटना के डीएसपी नितीश चंद्र धैर्या ने युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए डिजिटल दुनिया में सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तकनीक का सुरक्षित और सकारात्मक उपयोग समय की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में "गोल्ड मैन ऑफ बिहार" के नाम से प्रसिद्ध प्रेम सिंह की उपस्थिति भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। उन्होंने युवाओं को मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का संदेश दिया तथा कहा कि 'भर ले उड़ान' जैसी पहलें बिहार की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। राजवंशी चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वहीं यूनियन न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) के प्रेम कुमार विशेष अतिथि (स्पेशल गेस्ट ऑफ ऑनर) के रूप में उपस्थित रहे।

सचिव स्वीटी पंडित ने कहा,"इस मंच से बिहार की प्रतिभा पूरे देश में गौरवान्वित हो रही है।" वहीं अध्यक्ष कोमल पांडे ने कहा, "युवाओं की कला को देश में पहचान दिलाने के लिए जीवन समर्पित है।"

प्रतियोगिता में सृष्टि गुप्ता, आर्यन राज, आयुष राज, आदर्श शर्मा, सौम्या, अनिका, आराध्या, आदिश और अनामिका ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

आयोजकों के अनुसार बिहार के हर जिले से 500 से अधिक समूहों और प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया, जिन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में टीम 'भर ले उड़ान' की सदस्य हर्षिता, गुड़िया, प्रिया, कंचन और शशि शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंच संचालन समीर मलिक ने किया।

# भाजपा ने बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का बनाया रोडमैप, प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर मंथन

**एजेंसी। रांची**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, जनसरोकार से जुड़े अभियानों और पार्टी की भविष्य की कार्ययोजना को लेकर प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने की। बैठक में राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशों के अनुरूप संगठन को और अधिक सक्रिय, मजबूत तथा जनसंपर्क आधारित बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के हालिया झारखंड प्रवास के दौरान मिले मार्गदर्शन और निर्देशों के अनुपालन को लेकर प्रदेश भाजपा पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय नेतृत्व से मिले संगठनात्मक सूत्रों और राजनीतिक दिशा-निर्देशों के बाद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में नया उत्साह और ऊर्जा देखने को मिल रही है। बाउरी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के पदभार ग्रहण करने के बाद संगठनात्मक गतिविधियों को अधिक प्रभावी और परिणाममुखी बनाने के उद्देश्य से मंडल, शक्ति केंद्र, बूथ, जिला और प्रदेश स्तर पर नियमित मासिक बैठकों की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में प्रत्येक माह की 15 तारीख को प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। सोमवार को इसी श्रृंखला की पहली बैठक आयोजित की गई, जिसमें पिछले एक महीने के दौरान संपन्न कार्यक्रमों की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में पार्टी की ओर से कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्यभर में बड़े पैमाने पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चल रहे कार्यक्रमों को भी और व्यापक बनाया जाएगा। इसी कड़ी में भाजपा किसान मोर्चा की ओर से राज्य के प्रत्येक जिले में जैविक खेती और प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को आधुनिक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों की जानकारी दी जाएगी। बैठक में 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित होने वाले श्रद्धांजलि कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। पार्टी कार्यकर्ता विभिन्न जिलों में स्मरण सभाएं, संगोष्ठियां और श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसके अतिरिक्त 25 जून को देश में लगाए गए आपातकाल (इमरजेंसी) की वर्षगांठ पर लोकतंत्र की रक्षा और संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्टी इस अवसर पर आपातकाल के दौर को लोकतंत्र पर हुए एक बड़े प्रहार के रूप में याद करते हुए विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के हालिया झारखंड दौरे, हाल में संपन्न प्रशिक्षण वर्ग और केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर चल रहे अभियानों की समीक्षा भी की गई। साथ ही आगामी एक माह के लिए विस्तृत संगठनात्मक कार्ययोजना तैयार करने पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि उन्हें बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू करना है। संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने और आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए पार्टी लगातार प्रयास कर रही है। इसी दिशा में संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बैठक में आदित्य साहू के अलावा नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, नीलकंठ सिंह मुंडा, बालमुकुंद सहाय, भानू प्रताप शाही, सुनील सोरेन, मुनेश्वर साहू, गीता कोड़ा, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, अमर कुमार बाउरी, मनोज सिंह, प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा, शैलेन्द्र सिंह, सुनिता सिंह, अमरदीप यादव, कृष्णा महतो, अमित सिंह, मनीर उरांव एवं शालिनी बैसखियार, दीपक बंका, हेमंत दास, सूरज गुप्ता चौरसिया, शशांक राज, आरती सिंह, पवन साहू, किशुन दास और अनवर हयात मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रोहितश्य रॉय ने झारखंड के नए महाधिवक्ता के रूप में संभाला पदभार



**रांची।** झारखंड के नव नियुक्त महाधिवक्ता रोहितश्य रॉय ने सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय परिसर स्थित महाधिवक्ता कार्यालय में औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के साथ ही न्यायिक और अधिवक्ता जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। महाधिवक्ता पद संभालने के बाद रोहितश्य रॉय ने न्याय व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि राज्य सरकार के प्रमुख विधिक प्रतिनिधि के रूप में वे संविधान, कानून और न्यायिक परंपराओं के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उनके पदभार ग्रहण करने को झारखंड के विधिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। 14 मई 1980 को जन्मे रोहितश्य रॉय एक प्रतिष्ठित विधिक परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पिता वीरेन्द्र नाथ राय, जिन्हें विधिक जगत में 'बीरू बाबू' के नाम से जाना जाता था, झारखंड के चर्चित अधिवक्ताओं में शामिल थे। कानून और न्यायिक परंपराओं का वातावरण उन्हें पारिवारिक विरासत के रूप में मिला, जिसने उनके व्यक्तित्व और पेशेवर जीवन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रोहितश्य रॉय की प्रारंभिक शिक्षा रांची के प्रतिष्ठित संत जेवियर स्कूल, डोरंडा में हुई। छात्र जीवन से ही उनकी रुचि कानून, समाज और जनसरोकार से जुड़े विषयों में रही। आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने पुणे विश्वविद्यालय से संबद्ध सिम्बायोसिस लॉ कॉलेज में प्रवेश लिया और वर्ष 2003 में विधि स्नातक (एलएलबी) की डिग्री प्राप्त की। कानूनी शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने वर्ष 2003 में झारखंड उच्च न्यायालय में वकालत की शुरुआत की। अपने पेशेवर जीवन के दौरान उन्होंने संवैधानिक, प्रशासनिक, सिविल और अन्य महत्वपूर्ण मामलों में प्रभावी पैरवी कर अपनी अलग पहचान बनाई। उनकी कानूनी दक्षता और न्यायिक मामलों की गहरी समझ ने उन्हें राज्य के प्रमुख अधिवक्ताओं की श्रेणी में स्थापित किया। इसके बाद झारखंड सरकार के विधि विभाग ने रविवार देर रात अधिसूचना जारी कर रोहितश्य रॉय को राज्य का नया महाधिवक्ता नियुक्त किया। अधिसूचना जारी होने के अगले ही दिन उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया।

### बायोमेट्रिक हाजिरी को लेकर सेल की लौह अयस्क खदानों में गतिरोध, पहली पाली से उत्पादन पूरी तरह ठप




**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले की सेल संचालित किरीबुरू, मेघाहातुबुरु, गुवा और चिड़िया लौह अयस्क खदानों में सोमवार को बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को लेकर श्रमिकों और प्रबंधन के बीच टकराव खुलकर सामने आ गया। पहली पाली से ही हजारों श्रमिकों ने बायोमेट्रिक मशीन के माध्यम से हाजिरी दर्ज करने से इनकार कर दिया, जिसके कारण खदानों में उत्पादन, लोडिंग, परिवहन और अन्य सभी गतिविधियां पूरी तरह प्रभावित हो गईं। सुबह ड्यूटी पर पहुंचे कर्मचारियों का आरोप था कि जब वे पूर्व की व्यवस्था के तहत पंचिंग कार्ड से उपस्थिति दर्ज कराने टाइम ऑफिस पहुंचे तो वहां न तो पंचिंग कार्ड उपलब्ध थे और न ही रजिस्टर तथा टाइम कीपर मौजूद थे। मजदूर नेता राजेंद्र सिंधिया और गुवा के वरिष्ठ श्रमिक नेता रामा पाण्डे ने कहा कि सभी यूनियनें इस मुद्दे पर एकजुट हैं। उनका दावा है कि फेस रीडिंग आधारित बायोमेट्रिक प्रणाली को बिना यूनियनों की सहमति और सेवा शर्तों पर स्पष्ट लिखित आश्वासन दिए लागू किया जा रहा है। यूनियनों का कहना है कि मामला मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) के समक्ष विचाराधीन है, इसलिए अंतिम निर्णय आने तक पुरानी व्यवस्था जारी रखी जानी चाहिए। उधर, सेल प्रबंधन की ओर किसी तरह बयान जारी नहीं किया गया है। जबकि ,उत्पादन ठप होने से सेल को प्रतिदिन करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो यह विवाद बड़े औद्योगिक संघर्ष का रूप ले सकता है।

### जंगली हाथियों के हमले से रेलवे लाइनमैन गंभीर रूप से घायल



**पूर्वी सिंहभूम।** चाकुलिया वन क्षेत्र में सोमवार सुबह जंगली हाथियों के झुंड ने रेलवे ट्रैक पर कार्य कर रहे एक रेलकर्मी पर हमला कर दिया। इस घटना में रेलवे लाइनमैन गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल निवासी 53 वर्षीय संजीव सिन्हा भारतीय रेलवे में लाइनमैन के पद पर कार्यरत हैं। सोमवार सुबह वे चाकुलिया और कोकपाड़ा रेलवे स्टेशन के बीच सुनसुनिया रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक के निरीक्षण और मरम्मत कार्य में लगे हुए थे। इसी दौरान जंगल की ओर से करीब 13 जंगली हाथियों का झुंड रेलवे ट्रैक पार करते हुए वहां पहुंच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हाथियों को अचानक अपने सामने देखकर संजीव सिन्हा संभल नहीं सके। इसी बीच झुंड के एक हाथी ने उन पर हमला कर दिया। बताया जाता है कि हाथी ने उन्हें सूंड से उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उनके दोनों पैरों समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद वहां मौजूद अन्य रेलकर्मियों में अफरा-तफरी मच गई और सभी सुरक्षित स्थानों की ओर भाग गए। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। घायल रेलकर्मी को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है। हमले के बाद हाथियों का झुंड पुनः जंगल की ओर लौट गया। वन विभाग ने रेलवे कर्मचारियों और स्थानीय लोगों से हाथियों की गतिविधियों वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की है।

### दादी की हत्या मामले में दो पोता गिरफ्तार



**खूंटी।** रनिया थाना क्षेत्र के बांगुरकुलम झोराटोली में दो पोतों ने 69 वर्षीय वृद्धा (दादी) पुटकी देवी की हत्या कर उनके शव को प्लास्टिक के बोरे में भरकर कोयल नदी किनारे झाड़ियों में छिपा दिया। पुलिस ने मामले में मृतका के दो पोतों सोनू झोरा और जतरू झोरा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, घटना 12 जून की शाम करीब सात बजे की है। उस दिन हाटिंगहोड़े में साप्ताहिक हाट लगी थी, जहां पुटकी देवी का बेटा और बहू गए हुए थे। इसी दौरान घर के आंगन में पुटकी देवी और उनके दोनों पोतों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पुलिस के अनुसार, विवाद बढ़ने पर दोनों पोतों ने वृद्धा को धक्का दे दिया, जिससे उनके माथे में गंभीर चोट लग गई। अधिक रक्तस्राव होने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद दोनों आरोपितों ने शव को प्लास्टिक के बोरे में भरकर कोयल नदी किनारे गुलर के पेड़ के नीचे झाड़ियों में छिपा दिया और घर के आंगन में गिरे खून के निशानों को मिटाने के लिए गोबर से लीप दिया गया। देर शाम जब पुटकी देवी का बेटा और बहू हाट से लौटे तो वृद्धा घर में नहीं मिलीं। आंगन में खून के निशान तथा उसे गोबर से ढंकने के प्रयास को देखकर उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। गांव में चर्चा के बाद मामला धीरे-धीरे स्पष्ट होने लगा। इसके बाद मृतका के पुत्र ने 14 जून को रनिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने कोयल नदी किनारे झाड़ियों में छिपाकर रखे गए प्लास्टिक के बोरे में बंद पुटकी देवी का शव बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, सड़क जाम

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



परसुडीह थाना क्षेत्र के सलगाझुड़ी में सोमवार सुबह सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक सुमित मुंडा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साए परिजनों, ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने शव को सड़क पर रखकर घंटों जाम कर दिया तथा प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान दुर्घटना में शामिल डंपर में तोड़फोड़ भी की गई। मृतक सुमित मुंडा सलगाझुड़ी का रहने वाला था और भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सीमा मुंडा का पुत्र था। वह टाटा मोटर्स में ठेका मजदूर के रूप में कार्यरत था। बताया जाता है कि सुमित प्रतिदिन की तरह सोमवार सुबह करीब 5:45 बजे बाइक से ड्यूटी के लिए घर से निकला था। इसी दौरान सलगाझुड़ी मुख्य मार्ग पर पीछे से तेज गति से आ रहे एक डंपर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि डंपर का पिछला पहिया युवक के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर उमड़ पड़ी। कुछ ही देर में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण भी वहां पहुंच गए। युवक की मौत से आक्रोशित लोगों ने सड़क पर शव रखकर आवागमन पूरी तरह बाधित कर दिया। सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और पूरे इलाके में यातायात व्यवस्था चरमरा गई। घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने मृतक के परिवार को उचित मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी, दोषी चालक की तत्काल गिरफ्तारी तथा आवासीय क्षेत्र में डंपरों के परिचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। सूचना मिलने पर परसुडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों और प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें शांत कराने की कोशिश की। बाद में पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और परिजनों के बीच मुआवजे तथा अन्य मांगों को लेकर वार्ता जारी थी।

## झारखंड में मानसून की सक्रियता बढ़ी, कांके में 86.4 मिमी बारिश दर्ज,19 जून तक बारिश-वज्रपात का येलो अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



झारखंड में दक्षिण-पश्चिम मानसून की सक्रियता बढ़ने लगी है, जिससे राज्य के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदल गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान रांची जिले के कांके क्षेत्र में सबसे अधिक 86.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि आगामी चार दिनों तक राज्य के विभिन्न जिलों में बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 19 जून तक झारखंड के कई जिलों में गर्जन के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। इसे देखते हुए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने तथा खुले स्थानों, पेड़ों के नीचे और बिजली के खंभों के आसपास जाने से बचने की सलाह दी गई है। विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में राज्य का सर्वाधिक तापमान डाल्टनगंज में 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार में 20.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मानसून के प्रवेश के बाद तापमान में कुछ गिरावट जरूर आई है, लेकिन जिन क्षेत्रों में पर्याप्त वर्षा नहीं हो रही है वहां गर्मी और उमस से लोगों को अभी भी राहत नहीं मिल रही है। राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में सोमवार सुबह मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद आंशिक रूप से बादल छाए रहे। विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में रांची सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश की गतिविधियों में और वृद्धि हो सकती है। सोमवार को रांची का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री और न्यूनतम 27.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डाल्टनगंज में अधिकतम 40.4 डिग्री और न्यूनतम 25.7 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 38.1 डिग्री और न्यूनतम 26.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 38 डिग्री और न्यूनतम 23.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लोगों से मौसम संबंधी चेतावनियों पर नजर बनाए रखने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। विभाग का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों में मानसूनी गतिविधियां और तेज होंगी, जिससे राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान में और गिरावट आने के साथ-साथ अच्छी बारिश होने की संभावना है।

## फायरिंग में युवक के पैर में लगी गोली



**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

गोलमुरी थाना क्षेत्र के देबुन बागान चौक के समीप रविवार देर रात हुई फायरिंग की घटना में एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान टाटा लाइन निवासी दीपक झा के रूप में हुई है। गोली उसके दाहिने पैर में लगी है। घटना के बाद उसे तत्काल इलाज के लिए टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार दीपक झा रविवार रात किसी काम से गोलमुरी क्षेत्र गया हुआ था। इसी दौरान देबुन बागान चौक के पास कुछ युवकों के बीच विवाद हो रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विवाद के दौरान अचानक फायरिंग शुरू हो गई। इसी बीच चली एक गोली दीपक के पैर में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली लगने के बाद दीपक ने अपने परिचितों को घटना की सूचना दी। इसके बाद उसे तुरंत टीएमएच पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकीय जांच के दौरान उसके पैर में गोली लगने की पुष्टि हुई। डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है और उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर गोलमुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी संजय सुमन ने बताया कि फायरिंग की घटना को लेकर विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि फायरिंग किसने और किन परिस्थितियों में की। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है ताकि आरोपितों की पहचान की जा सके।

## राज्यसभा चुनाव में परिमल नाथवानी की जीत तय, झारखंड के विकास को मिलेगा बल : बीरेंद्र प्रधान

**एजेंसी। रांची**



लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान ने दावा किया है कि झारखंड से होने वाले राज्यसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी की जीत लगभग तय है। उन्होंने कहा कि राजग पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में है और सभी सहयोगी दल नाथवानी के समर्थन में एकजुट हैं। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में प्रधान ने बताया कि राज्यसभा चुनाव को लेकर राजग नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें 18 जून को होने वाले मतदान के लिए रणनीति तैयार की गई। गठबंधन के सभी घटक दल आपसी समन्वय के साथ चुनावी तैयारियों में जुटे हुए हैं। प्रधान ने कहा कि परिमल नाथवानी वर्ष 2008 और 2014 में भी झारखंड से राज्यसभा सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने नाथवानी के कार्यकाल को उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि उन्होंने झारखंड में उद्योग, खेल, सामाजिक विकास और जनहित से जुड़े कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनुसार, नाथवानी के दोबारा राज्यसभा पहुंचने से राज्य के विकास को नई गति मिलेगी और झारखंड के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर अधिक प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा। लोजपा नेता ने कहा कि नाथवानी की जीत विकास की राजनीति को मजबूत करेगी और तुष्टिकरण की राजनीति को झटका देगी। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता विकास, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देती है तथा राजग इन्हीं मुद्दों पर काम कर रहा है। बीरेंद्र प्रधान ने स्पष्ट किया कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के विधायक जनार्दन पासवान राज्यसभा चुनाव में परिमल नाथवानी के पक्ष में मतदान करेंगे। यह समर्थन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे विकास और सुशासन के एजेंडे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधान ने प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि इस दौरान देश ने विकास, बुनियादी ढांचे, डिजिटल तकनीक, आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व मंच पर भारत की स्थिति पहले की तुलना में अधिक मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और भाजपा के संबंध लंबे समय से मजबूत रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का समर्थन करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले दोनों दलों के बीच गठबंधन हुआ था और तब से दोनों पार्टियां मिलकर चुनाव लड़ती रही हैं। प्रधान ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एवं कार्यकर्ता भाजपा तथा राजग की नीतियों से प्रभावित होकर गठबंधन के साथ जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में राजग की ताकत लगातार बढ़ रही है और आने वाले समय में यह समर्थन और मजबूत होगा।

## तेतुलिया जमीन घोटाला : हाई कोर्ट ने जांच की निगरानी से किया इनकार, ईडी को निष्पक्ष जांच जारी रखने का निर्देश

**एजेंसी। रांची**




झारखंड उच्च न्यायालय ने बोकारो जिले के चर्चित तेतुलिया जमीन विवाद मामले में चल रही जांच की न्यायिक निगरानी (मॉनिटरिंग) करने से इनकार कर दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि केवल आशंकाओं के आधार पर यह मान लेना उचित नहीं होगा कि मामले की जांच कर रही एजेंसियां आरोपितों को किसी प्रकार का लाभ पहुंचाएंगी। अदालत ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में जांच की न्यायिक निगरानी की आवश्यकता नहीं है। मुख्य न्यायाधीश एम. एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने सोमवार को इस मामले में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता ने अदालत से अनुरोध किया था कि बोकारो जिले के तेतुलिया मौजा स्थित 103 एकड़ भूमि से जुड़े मामले की जांच की निगरानी न्यायालय स्वयं करे। याचिका में दावा किया गया था कि यह भूमि वर्ष 1958 में वनभूमि के रूप में अधिसूचित की गई थी और इसकी वर्तमान अनुमानित कीमत लगभग 172 करोड़ रुपये है। आरोप लगाया गया था कि इस भूमि की खरीद-बिक्री और स्वामित्व से जुड़े मामलों में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं, जिसकी जांच वर्तमान में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) द्वारा की जा रही है। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया था कि बोकारो के प्रभागीय वन पदाधिकारी (डीएफओ) की शिकायत के आधार पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में जालसाजी, धोखाधड़ी और अन्य संबंधित धाराओं के तहत शिकायत वाद दर्ज किया गया है। इसके अलावा राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट में तेतुलिया की उक्त भूमि को वनभूमि माना था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से यह तर्क दिया गया कि भूमि सौदे से जुड़े कुछ आरोपित अत्यंत प्रभावशाली हैं और इस कारण जांच एजेंसियों द्वारा उन्हें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मदद पहुंचाए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर न्यायालय से जांच की निगरानी का अनुरोध किया गया था। हालांकि,अदालत ने याचिकाकर्ता द्वारा दाखिल शपथपत्रों और प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद कहा कि फिलहाल ऐसे कोई ठोस तथ्य या साक्ष्य सामने नहीं आए हैं, जिनके आधार पर यह माना जा सके कि जांच एजेंसियां निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रही हैं या आरोपितों को संरक्षण दे रही हैं। न्यायालय ने कहा कि केवल आशंका के आधार पर जांच प्रक्रिया में हस्तक्षेप करना उचित नहीं होगा। अपने आदेश में अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जांच एजेंसियों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने का अवसर दिया जाना चाहिए। साथ ही न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय और अन्य जांच एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे मामले की जांच पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और कानून के अनुरूप करते हुए उसे तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाएं।

## पत्थरबासा में हाथियों का हमला

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

जिले के मनोहरपुर प्रखंड अंतर्गत पत्थरबासा गांव में रविवार देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने गांव के निवासी पुरंदर नायक के कच्चे मकान को नुकसान पहुंचाने के साथ घर में रखा लगभग 50 किलो धान भी खा लिया। इस घटना के बाद पूरे गांव में भय और दहशत का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि देर रात हाथियों का झुंड जंगल से निकलकर गांव में पहुंच गया। हाथी काफी देर तक गांव में घूमते रहे और कई स्थानों पर नुकसान पहुंचाया। इसी दौरान उन्होंने पुरंदर नायक के मिट्टी से बने घर को निशाना बनाया। हाथियों ने दीवार तोड़ दी और घर के भीतर रखे धान को खा गए।

**कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव**
Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

PR 382179 Urban Development(26-27)#D के द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना सं0 07/2026–27 में भाग लेने वाले सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणों से पूर्व से निर्धारित निविदा बिक्री की तिथि एवं निविदा प्राप्ति/खोलने की तिथि को संशोधित करते हुए निविदा बिक्री की तिथि दिनांक 23.06.2026 को अपराह्न 04:00 बजे तक, निविदा प्राप्ति की तिथि 24.06.2026 को अपराह्न 02:00 बजे तक एवं निविदा खोलने की तिथि 24.06.2026 को अपराह्न 02:30 बजे से निर्धारित की जाती है। शेष सभी नियम एवं शर्तें पूर्ववत रहेगी।

इसे हद तक संशोधित समझा जाय।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑंव।

PR 382439 (Urban Development) 26-27 (D)

## संक्षिप्त समाचार

### जल्द बनेंगे मेड इन इंडिया सिविल एयरक्राफ्ट', नोएडा में केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू का बड़ा एलान

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राम मोहन नायडू ने सोमवार को नोएडा



इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कमर्शियल उड़ान के शुभारंभ के मौके पर कहा कि भारत में एविएशन सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है। एयरक्राफ्ट की जरूरत को पूरा करने के लिए मेड इन इंडिया क्राफ्ट होंगे। उन्होंने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की शुरू होने से क्षेत्र में आर्थिक तरक्की होगी विकास के नए आयाम खोलेंगे और युवाओं के लिए रोजगार के बड़े अवसर मिलेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन आम आदमी के लिए हवाई यात्रा का है। उड़ान योजना के तहत पूरे देश में एयरपोर्ट का नेटवर्क तैयार किया गया है। उन्होंने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से यात्री सेवाओं से शुरू होने को गौरव का क्षण बताया। लखनऊ से उड़ान भरकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आई पहले इंडिगो की फ्लाइट से पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि जब भी वह विदेश यात्रा पर औद्योगिक मंत्री रहते हुए गए तो उद्यमियों ने कहा कि वह दिल्ली पर लैंड के बाद दक्षिण जाते हैं, लेकिन अब उत्तर प्रदेश में लैंड करने के साथ निवेश के लिए लैंड भी है। उन्होंने कहा कि पहले कागजी काम होते थे अब इन्हें मूर्त रूप दिया जा रहा है । लखनऊ रवाना हुए किसान भी अपनी यात्रा को लेकर बेहद उत्साहित नजर आए। हालांकि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे कई यात्रियों ने टैक्सी सेवा को लेकर शिकायतें भी की।

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, कर्नाटक के दो अधिकारियों से जुड़े मानहानि विवाद को मध्यस्थता के लिए भेजा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के कर्नाटक कैडर की अधिकारी रोहिणी सिंदूरी और भारतीय पुलिस



सेवा की अधिकारी डी रूपा मौदगिल के बीच लंबे समय से जारी मानहानि विवाद को मध्यस्थता के लिए भेज दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस लंबी कानूनी लड़ाई से दोनों वरिष्ठ सिविल सेवकों के करियर को नुकसान हो रहा है। न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा की अवकाशकालीन पीठ ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश कुरियन जोसेफ को अधिकारियों के बीच आपसी सहमति से समझौता कराने के लिए मध्यस्थ नियुक्त किया। मध्यस्थता के जरिए विवाद सुलझाने की सलाह न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि आईएएस और आइपीएस दोनों अधिकारी एक-दूसरे का करियर बर्बाद कर रही हैं। पीठ ने कहा कि उसकी राय है कि विवाद को लगातार मुकदमेबाजी के बजाय मध्यस्थता के जरिये सुलझाया जा सकता है। पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश कुरियन जोसेफ को मध्यस्थ नियुक्त किया जाता है। संबंधित पक्षों को न्यायमूर्ति जोसेफ के समक्ष पेश होना होगा। साथ ही कहा कि अंतरिम राहत के तौर पर दोनों पक्षों के बीच चल रहे दोनों मामलों में आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी ।यह विवाद 2023 में दोनों अधिकारियों की ओर से एक-दूसरे पर सार्वजनिक रूप से लगाए गए।

# नाबालिग बेटे को दी गाड़ी तो पिता को होगी जेल, श्रीनगर कोर्ट ने सुनाया 3 साल की सजा का ऐतिहासिक फैसला

**श्रीनगर , एजेंसी।** अगर आप भी अपने नाबालिग बच्चों को शौक-शौक में गाड़ी की चाबी सौंप देते हैं, तो अब संभल जाइए। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से एक ऐसी खबर आई है जो हर माता-पिता की आंखें खोल देगी। यहाँ की एक अदालत ने एक पिता को सिर्फ इसलिए दोषी ठहराया और तीन साल जेल की सजा का प्रस्ताव दे दिया, क्योंकि उन्होंने अपने नाबालिग बेटे को गाड़ी चलाने की इजाजत दी थी। सड़क सुरक्षा कानूनों को कड़ाई से लागू करने के लिए कोर्ट का यह फैसला बहुत बड़ा सबक है।

**क्या है पूरा मामला?:** पूरा मामला श्रीनगर के फतेह कदल इलाके का है। यहाँ रहने वाले हारून खान की गाड़ी को एक नाबालिग लड़का सड़क पर दौड़ाते हुए पकड़ा गया था। ट्रैफिक अधिकारियों ने जब इस मामले का चालान कोर्ट में पेश किया, तो गाड़ी के असली मालिक यानी हारून खान ने माना कि गाड़ी उन्हीं की है। कश्मीर के स्पेशल मोबाइल मजिस्ट्रेट (ट्रैफिक) शब्बीर अहमद मलिक की कोर्ट ने इस लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए हारून खान को मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 199-ए और 180 के तहत दोषी करार दिया।

**क्या कहता है कानून:** मोटर व्हीकल एक्ट की धारा



199-ए के मुताबिक, अगर कोई नाबालिग गाड़ी चलाते हुए पकड़ा जाता है या कोई अपराध करता है, तो उसके लिए गाड़ी के मालिक या बच्चे के माता-पिता (अभिभावक) को ही पूरी तरह जिम्मेदार माना जाता है। इस नियम के तहत जेल, भारी जुर्माना और गाड़ी का रजिस्ट्रेशन रद्द होने तक की सख्त सजा मिलती है। अदालत में सुनवाई के दौरान आरोपी पिता ने अपनी गलती मान ली और केस आगे नहीं लड़ा। इसके बाद कोर्ट ने धारा 199-ए के तहत उन्हें 3 साल की जेल और 25,000 रुपये का जुर्माना सुनाया। साथ ही धारा 180 के तहत 3 महीने की जेल और 1,000 रुपये का अलग से जुर्माना लगाया।

इतना ही नहीं, कोर्ट ने उनकी गाड़ी का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी) भी पूरे एक साल के लिए रद्द करने का कड़ा आदेश जारी कर दिया।

हालांकि, इस मामले में कोर्ट ने थोड़ी नरमी भी दिखाई। यह देखते हुए कि इस गलती में कोई आपराधिक नीयत नहीं थी, आरोपी का पुराना रिकॉर्ड साफ था और उसने खुद अपनी गलती मान ली थी, इसलिए कोर्ट ने उसे 'प्रोबेशन ऑफ ऑफेंडर्स एक्ट' का फायदा दिया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेजने के बजाय 2 साल तक शांति और अच्छा व्यवहार बनाए रखने के लिए 2 लाख रुपये का बॉन्ड भरने का आदेश दिया।

### शर्त टूटी तो सीधे जाना होगा जेल

साफ चेतावनी दी है कि अगर अगले दो साल के भीतर इस बॉन्ड की किसी भी शर्त का उल्लंघन हुआ, तो आरोपी पिता को यह 3 साल की जेल काटनी ही होगी। राहत की बात बस यह रही कि कोर्ट ने गाड़ी के दस्तावेज मालिक को लौटाने का आदेश दिया और साफ किया कि इस सजा की वजह से उनकी सरकारी या प्राइवेट नौकरी, पासपोर्ट वेरिफिकेशन या अन्य किसी काम में कोई रुकावट नहीं आएगी।

### पुणे में सजेगा 100वां अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन, 2027 में 28 से 31 जनवरी तक होगा आयोजन

**पुणे, एजेंसी।** मराठी साहित्य और संस्कृति के इतिहास में एक बेहद गौरवशाली और ऐतिहासिक पड़ाव आने वाला है। देश और दुनिया के तमाम मराठी भाषा प्रेमियों की उत्सुकता को विराम देते हुए अखिल भारतीय मराठी साहित्य महामंडल की बैठक में रविवार को सर्वसम्मति से बड़ा फैसला लिया गया है। मराठी साहित्य जगत के ऐतिहासिक 100वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का भव्य आयोजन 28 से 31 जनवरी 2027 के दौरान सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के विशाल परिसर में किया जाएगा। इस ऐतिहासिक 100वें आयोजन की मेजबानी का अद्वितीय गौरव पुणे को मिलना अपने आप में खास है, क्योंकि इस गौरवशाली यात्रा का पहला सम्मेलन भी इसी ऐतिहासिक नगरी में आयोजित हुआ था। मराठी साहित्य महामंडल की बैठक के अनुसार, यह पुणे शहर में आयोजित होने वाला कुल 14वां साहित्य सम्मेलन होगा। इस बार सम्मेलन का मुख्य आयोजन महाराष्ट्र साहित्य परिषद द्वारा किया जाएगा, जबकि पूरे भव्य कार्यक्रम के जमीनी समन्वय और प्रबंधन की अहम जिम्मेदारी समर्थ युवा फाउंडेशन को सौंपी गई है। तय कार्यक्रम के अनुसार, 28 जनवरी 2027 को इस ऐतिहासिक शताब्दी सम्मेलन का भव्य उद्घाटन किया।

# कहीं आंधी-तूफान तो कहीं भारी बारिश... बिहार से राजस्थान तक 17 राज्यों में मौसम विभाग का अलर्ट

**पटना/जयपुर, एजेंसी।** देशभर में अभी भी मानसून की रफ्तार अभी भी सुस्त बनी हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के ताजा अनुमान के मुताबिक, आज पूरे देश में मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिलेंगे। एक तरफ जहां पूर्वी और



पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश का अलर्ट है, वहीं उत्तर-पश्चिम भारत में आंधी-तूफान और कुछ इलाकों में भीषण लू लोगों की मुश्किलें बढ़ा सकती है। राहत की बात यह है कि अगले कुछ दिनों में मानसून महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, झारखंड और बिहार के बचे हुए हिस्सों में आगे बढ़ सकता है।

**अगले 2 घंटे में आंधी और बारिश का अलर्ट:** बात अगर राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली की करें तो दिल्ली और इसके आस-पास के इलाकों में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय बदलावों के कारण दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश और 40 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इससे तापमान गिरेगा और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी। नजफगढ़, द्वारका, पालम, आईजीआई एयरपोर्ट, जाफरपुर, वसंत विहार, वसंत कुंज और आयानगर में इसका प्रभाव देखने को मिल सकता है। वहीं एनसीआर और हरियाणा के गुरुग्राम, मानेसर, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, बहादुरगढ़, गोहाना, गन्नौर और सोनीपत में भी तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की चेतावनी दी गई है। राजस्थान में 70 किमी/घंटा की रफ्तार से 'तूफानी' आंधी राजस्थान में आज मौसम सबसे ज्यादा आक्रामक रूप दिखा सकता है। मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान में तेज आंधी का अलर्ट जारी किया है। यहां 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूलभरी हवाएं चल सकती हैं, जिनके झोंके कभी-कभार 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकते हैं। लोगों को खुले स्थानों पर जाने से बचने की सलाह दी गई है। देश में सबसे ज्यादा बारिश पूर्वोत्तर राज्यों में होने का अनुमान है। मौसम विभाग की माने तो अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय के कुछ इलाकों में मूसलाधार बारिश हो सकती है, जिससे निचले इलाकों में पानी भरने और भूस्खलन का खतरा है। वहीं नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बात अब मध्य भारत की करतें हैं। मौसम विभाग की माने तो बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में बारिश और गरज-चमक का दौर जारी रहेगा। बिहार-झारखंड में बिजली गिरने और 40 से 50 किमी/घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है। वहीं पश्चिम बंगाल के पहाड़ी इलाकों (उप-हिमालयी क्षेत्रों) में भारी बारिश की चेतावनी है। ओडिशा में गरज-चमक के साथ 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली तेज हवाओं का अलर्ट है। इसके अलावा मध्य प्रदेश (पूर्वी और पश्चिमी) में 50 से 60 किमी/घंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है। छत्तीसगढ़ और विदर्भ में भी बिजली गिरने और बारिश की संभावना है।

# एनसीआर में बदला मौसम, दिल्ली-गुरुग्राम में झमाझम बारिश से सड़कों पर भरा पानी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** एनसीआर में सोमवार सुबह से मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया। नोएडा, दिल्ली और साइबर सिटी गुरुग्राम में अचानक झमाझम बारिश शुरू हो गई, जिससे मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। सुबह से आसमान में काले बादल छाए थे।

बारिश से राजधानी की सड़कों पर पानी भरने से सुबह समय से दफ्तर जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है और जाम की स्थिति बन रही है। गुरुग्राम में लगातार बारिश के चलते शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव की समस्या भी बढ़ गई है। अगर लगातार इसी तरह बारिश



होती रही तो जलभराव की स्थिति पैदा हो सकती है, जिससे सड़कों पर यातायात प्रभावित हो सकता है।

दिल्ली में आज भी चुभन भरी गर्मी से राहत बनी रहेगी। मौसम विभाग की मानें तो शहर भर में हल्की बारिश होने की संभावना है। इससे अधिकतम तापमान भी 40 डिग्री से नीचे ही रहेगा। सोमवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री दर्ज किया गया।

दिन का तापमान 37 से 38 डिग्री सेल्सियस के करीब रह सकता है। दिन में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। तेज हवाओं के साथ हल्की वर्षा के भी कई दौर संभावित है। उधर, सोमवार को सुबह 9 बजे दिल्ली का एक्यूआई 135 दर्ज किया गया। इसे 'मध्यम' श्रेणी में रखा जाता है। एनसीआर के शहरों में भी हवा संतोषजनक से मध्यम श्रेणी में ही चल रही है। पूर्वानुमान है कि हाल फिलहाल इसमें कुछ खास बदलाव नहीं होगा।

### भाजपा को बड़ा झटका, अन्नामलाई के बाद अब तमिल मानिला कांग्रेस ने छोड़ा साथ

*चेन्नई, एजेंसी। तमिलनाडु की राजनीति में भाजपा समर्थित गठबंधन एनडीए को बड़ा झटका लगा है। गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पार्टी तमिल मानिला कांग्रेस ने रविवार को एनडीए से अलग होने का ऐलान कर दिया। पार्टी के अनुसार, यह फैसला संगठन को मजबूत करने और राज्य में अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान को विस्तार देने के उद्देश्य से लिया गया है। चेन्नई में पार्टी कार्यकारिणी की बैठक के बाद पार्टी अध्यक्ष जी.के. वासन ने फैसले की घोषणा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा, एआईएडीएमके या एनडीए के अन्य सहयोगी दलों के साथ किसी भी तरह का वैचारिक मतभेद या राजनीतिक विवाद नहीं है। मीडिया से बातचीत के दौरान तमिल मनीला कांग्रेस के अध्यक्ष जी. के. वासन ने कहा, बैठक में तमिल मनीला कांग्रेस ने फिर से दोहराया कि वह हमेशा से ही अपने सभी सहयोगी दलों के साथ दोस्ताना संबंध रखने वाली पार्टी रही है। सहयोगी दलों ने भी हमारे प्रति हमेशा सम्मान दिखाया है। किसी भी राज्य, गठबंधन या पार्टी में ज़्यादा सीटें, कम सीटें या खास चुनाव क्षेत्रों जैसे मुद्दे गठबंधन की राजनीति का हिस्सा होते हैं। इन सबके बावजूद, हमारे संबंध दोस्ताना बने रहे। हम चाहते थे कि इस बार गठबंधन जीते और एनडीए की जीत हो। हमने बहुत मेहनत की। वासन ने तमिलनाडु की राजनीति में चुनावी गठबंधन के महत्व को स्वीकार करते हुए कहा कि चुनाव के समय गठबंधन जरूरी होते हैं, लेकिन फिलहाल हमारी प्राथमिकता पार्टी को फिर से मजबूत करना है।*

# जान-पहचान बनाकर उधार लिए पैसे नहीं चुकाए, हापुड़ की महिला को 6 महीने कैद की सजा

**गाजियाबाद, एजेंसी।** विशेष न्यायालय (एनआइ एक्ट) ने चेक बाउंस के मामले में हापुड़ निवासी महिला रजिया को दोषी करार दिया है। अदालत ने महिला को छह माह की साधारण कारावास और एक लाख 65 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई। रजिया ने रविंद्र कुमार से जान पहचान करके उधार पैसे लेकर दो बार चेक दिए थे जो बाउंस हो गए।

हापुड़ जिले के पिपलेड़ा गांव निवासी रविंद्र कुमार की गांव में परचून की दुकान है। दुकान पर नियमित रूप से आने-जाने के कारण उसकी रजिया और उसके परिवार से अच्छी जान-पहचान हो गई थी। रविंद्र कुमार का



आरोप था कि वर्ष 2019 में रजिया ने अपनी जरूरत बताते हुए दो लाख रुपये की मदद मांगी। इस पर उसने 40 हजार रुपये का चेक और एक लाख रुपये नकद देकर कुल 1.40 लाख रुपये उधार दिए। बदले में रजिया ने नौ माह में रकम लौटाने का वादा किया था। तय समय बीतने के बाद भी रकम वापस नहीं की गई। कई बार तकादा करने पर रजिया ने 30 मई 2021 का 1.40 लाख रुपये का चेक दिया। दूसरी बार भी बाउंस हो गया चेक यह चेक जून 2021 में बैंक खाते में पर्याप्त धनराशि न होने के कारण वापस लौट आया। बाद में आरोपित महिला के आश्वासन पर चेक दोबारा बैंक में लगाया गया, लेकिन दूसरी बार भी बाउंस हो गया। इसके बाद पीड़ित ने विधिक नोटिस भेजा। आरोपित पक्ष ने दावा किया कि यह चेक सुरक्षा के तौर पर दिया गया था और वास्तविक लेनदेन उसके पति रियाजुद्दीन और वादी के बीच हुआ था। अदालत ने यह भी माना कि आरोपित पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि चेक केवल सुरक्षा के लिए दिया गया था। अदालत ने रजिया को छह माह की साधारण कारावास और एक लाख 65 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा नहीं करने पर महिला को 20 दिन की अतिरिक्त कारावास भुगतनी होगी। जुर्माना की राशि में से एक लाख 55 हजार रुपये परिवादी को प्रतिकर के रूप में दिया जाएगा।

### पवार को कांग्रेस में विलय करने के बजाय एनडीए में शामिल होना चाहिए', एनसीपी के विलय पर बोले केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले

**मुंबई, एजेंसी।** विपक्षी कांग्रेस और राकांपा (शरदचंद्र पवार) के संभावित विलय की अटकलों के बीच केंद्रीय मंत्री रामदास आठले ने कहा है कि शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी को भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में शामिल हो जाना चाहिए। रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया (आठवले गुट) के प्रमुख ने शनिवार को कहा कि उन्होंने स्वयं अतीत में पवार को अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय करने की सलाह दी थी। लेकिन अब कांग्रेस की ताकत खत्म हो चुकी है। कांग्रेस में जाने के स्थान पर उन्हें राजग में आना चाहिए। व्यंग करते हुए कहा कि वह आरपीआई में भी अपनी पार्टी का विलय कर सकते हैं। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने हाल ही में सुझाव दिया था कि तृणमूल कांग्रेस और राकांपा (शरदचंद्र पवार) जैसी पार्टियों का कांग्रेस में विलय हो जाना चाहिए जिससे भाजपा के खिलाफ एक मजबूत विकल्प तैयार किया जा सके। राउत ने यह भी कहा था कि शरद पवार को इन छोटी पार्टियों को कांग्रेस में विलय कराने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।

# फरीदाबाद के अस्पताल में लापरवाही: गर्भ में मृत शिशु, फिर भी इलाज को चार दिन भटके दंपती

**फरीदाबाद, एजेंसी।** जिले के सरकारी अस्पताल में जच्चा-बच्चा के इलाज में लापरवाही के मामले लगातार आ




रहे हैं, मगर डाक्टरों और कर्मचारियों की अनदेखी सिरदर्द बन रही है। उच्च अधिकारियों के सुधार संबंधी निर्देश पर अमल नहीं किया जा रहा है। ऐसे में गर्भवती के साथ उनके स्वजन भी परेशान होते हैं। कई बार जोखिम का सामना करना पड़ता है। 16 मई को सेक्टर-तीन के स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती द्वारा गेट के पास डिलवरी के मामले के बाद अब एक और लापरवाही का मामला सामने आया है, जिसमें महिला चार दिन से गर्भ में मृत शिशु को लेकर भटकती रही लेकिन उसे सही और समय पर इलाज नहीं मिला।

मलेरना रोड, बल्लभगढ़ निवासी उमेश शर्मा की छह माह की गर्भवती पत्नी सीमा शर्मा के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ है। सीमा के गर्भ में शिशु की मौत होने के बाद उनका परिवार पिछले चार दिन से इलाज के लिए अस्पतालों के चक्कर काट रहा है। पहले उमेश अपनी पत्नी सीमा को बल्लभगढ़ सरकारी अस्पताल लेकर गए थे।

गर्भावस्था से ही सीमा का बल्लभगढ़ में इलाज चल रहा था। उमेश शर्मा की आर्थिक स्थिति कमजोर है और वह आटो रिक्शा चलाते हैं। उमेश ने बताया कि उनकी पत्नी सीमा को चार दिन पहले गर्भ में पल रहे शिशु की मूवमेंट महसूस होनी बंद हो गई थी। इसके बाद वह उन्हें बल्लभगढ़ सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां अल्ट्रासाउंड कराने के लिए कहा, लेकिन अस्पताल में यह जांच नहीं हो सकी। मजबूरी में निजी केंद्र जाकर अल्ट्रासाउंड कराया, जिसमें शिशु की मौत होने की पुष्टि हुई। उमेश ने बताया कि अस्पताल की ओर से उन्हें अलग-अलग लिवर, किडनी, हीमोग्लोबिन सहित कंप्लीट ब्लड काउंट व अन्य टेस्ट कराने को कहा गया। समय पर इलाज और सही जानकारी नहीं मिलने से उनकी पत्नी की हालत बिगड़ने लगी। उमेश ने बताया कि शनिवार देर रात बल्लभगढ़ अस्पताल से यह कह कर नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया गया कि वहां ब्लड बैंक की सुविधा नहीं है। उमेश ने बताया कि नागरिक अस्पताल पहुंचने पर पहले भर्ती करने से मना कर दिया गया। बाद में जब हो-हल्ला किया और मीडिया बुलाने की बात कही तो भर्ती किया गया, लेकिन फिर से ब्लड के कई टेस्ट कराने को लिख दिए। उन्हें बताया गया कि बल्लभगढ़ में किए टेस्ट की रिपोर्ट को नहीं माना जा सकता। उमेश ने बताया कि निजी लैब में कराई गए टेस्ट के चक्कर में उनकी काफी पूंजी भी खर्च हो चुकी है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिला नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा होने के बाद भी उन्हें बाहर से जांच कराने के लिए कहा गया। उमेश के स्वजन का कहना है कि गर्भ में मृत शिशु होने से संक्रमण का जोखिम बना हुआ है। फिलहाल सीमा का इसी जिला नागरिक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उमेश शर्मा ने इस मामले में अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. विकास गोयल से भी शिकायत की। डा. विकास गोयल ने बताया कि महिला का इलाज चल रहा है। आवश्यक दवा दी गई हैं। इस तरह के मामले में सावधानी से चिकित्सकीय सेवा दी जाती है। 16 मई को बड़ौली गांव निवासी देवेंद्र चंदीला अपनी गर्भवती पत्नी बलेश को सेक्टर-तीन के प्रजनन एवं स्वास्थ्य शिशु केंद्र (एफआरयू-दो) लाए थे।

# मुंबई में बिना बेहोश किए घायल कोबरा का हुआ दुर्लभ सीटी स्कैन, ठीक होने के बाद जंगल में छोड़ा गया

**मुंबई, एजेंसी।** चेंबूर में एक कंस्ट्रक्शन साइट पर घायल हुए एक वयस्क इंडियन स्पेक्टेकल्ड कोबरा का 'फ्रेडना वेट डायग्नोस्टिक्स' में एक अनोखा और सफल सीटी स्कैन किया गया है। पशु चिकित्सकों ने अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए दुर्लभ और सफल सीटी स्कैन किया, ताकि उसकी चोटों का पूरी तरह इलाज हो सके।



बिना जनरल एनेस्थीसिया (बेहोश किए) के कोबरा को शांत रखकर किए गए इस स्कैन के जरिए उसकी रीढ़ की चोटों का सटीक इलाज किया गया। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद इस कोबरा को सुरक्षित वापस जंगल में छोड़ दिया गया है, जिसे वाइल्डलाइफ थेरेपी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। चेंबूर में एक कंस्ट्रक्शन साइट पर बीच के हिस्से जख्मी हुए इस इंडियन स्पेक्टेकल्ड कोबरा को पशु चिकित्सक डॉ. दीपा कात्याल ने सीटी स्कैन कराने के लिए नवी मुंबई भेजा था। सीटी स्कैन के दौरान कोबरा को स्थिर रखना एक चुनौती थी। टीम के एक सदस्य ने कहा कि यह स्कैन विदेशी और जंगली जानवरों के इलाज में अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक इमेजिंग के इस्तेमाल की दिशा में एक अहम कदम है। एक जीवित सरीसृप (रेप्टाइल) की इमेजिंग करने में आने वाली प्राकृतिक चुनौतियों को देखते हुए, इस प्रक्रिया से पहले कोबरा को एक विशेष 'लोकल नर्व ब्लॉक' (स्थानीय सुन्न करने वाला इंजेक्शन) दिया गया। इसकी मदद से सांप को बिना जनरल एनेस्थीसिया (पूरी तरह बेहोश किए) दिए ही, बेहद सुरक्षित और मानवीय तरीके से एक जगह स्थिर करके टेप से बांधना संभव हो सका। ठीक होने के बाद, कोबरा सांप को जंगल में छोड़ दिया गया। इस अनूठी चिकित्सा प्रक्रिया को लेकर फ्रेडना वेट डायग्नोस्टिक्स टीम के एक सदस्य ने कहा, 'यह मामला सरीसृपों और विदेशी जीवों की चिकित्सा में 'एडवांस्ड इमेजिंग' की बढ़ती अहमियत को साबित करता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### सशक्तिकरण के दावों के बीच महिलाओं के खिलाफ हिंसा की कड़वी हकीकत

शहरों की तुलना में शांतिप्रिय माने जाने वाले गांवों में महिलाओं को घरेलू एवं यौन हिंसा का ज्यादा सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति तब है, जब ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को सशक्त करने के लिए कागजों में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।देश में महिला सशक्तिकरण को लेकर अक्सर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। सरकार की ओर से इस दिशा में कई महत्वपूर्ण योजनाएं और अभियान शुरू किए गए हैं। सामाजिक, आर्थिक और विकासात्मक कार्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। महिलाओं को विधायिका में तैंतीस प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही जा रही है।यही नहीं, महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष कानून भी बनाए गए हैं। मगर, जमीनी हकीकत यह है कि महिलाएं खुद को कहीं भी सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रही हैं। घर हो या बाहर, हर जगह उन्हें हिंसा का भय सताता रहता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 की रिपोर्ट के आंकड़े इसकी तस्दीक करते हैं। इसके मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में हर चौथी और शहरी क्षेत्र में हर छठी महिला किसी न किसी रूप में हिंसा का शिकार हो रही है।यानी शहरों की तुलना में शांतिप्रिय माने जाने वाले गांवों में महिलाओं को घरेलू एवं यौन हिंसा का ज्यादा सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति तब है, जब ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को सशक्त करने के लिए कागजों में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।देश में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा कई रूपों में सामने आती है। इनमें घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना और जादू-टोने जैसे अंधविश्वास के कारण मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न प्रमुख हैं। नए सर्वेक्षण में 18 से 49 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित महिलाओं में से 22 प्रतिशत से अधिक ने माना कि उन्होंने अपने जीवन में कभी न कभी घरेलू हिंसा का सामना किया है। हालांकि यह आंकड़ा पिछले सर्वेक्षण की तुलना में कुछ कम है, लेकिन यह अब भी एक बड़ी सामाजिक चुनौती की ओर इशारा करता है।सवाल है कि जब महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर अंकुश लगाने के लिए अलग से कानून बनाए गए हैं, तो फिर इस तरह की घटनाओं का सिलसिला थम क्यों नहीं रहा है? जाहिर है कि इन कानूनों का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों की लापरवाही और ढुलमुल रवैये का ही नतीजा है कि महिलाएं न तो अपने घर पर और न ही बाहर खुद को सुरक्षित महसूस कर पाती हैं।सर्वेक्षण में 18 से 29 वर्ष आयु वर्ग की 0.7 प्रतिशत महिलाओं का कहना है कि 18 वर्ष की आयु पूरी होने से पहले वे यौन हिंसा का शिकार हुई थीं। शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा 0.4 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 0.8 प्रतिशत दर्ज किया गया है। इससे साफ है कि गांवों में यौन हिंसा की स्थिति शहरों के मुकाबले ज्यादा भयावह है। इसकी एक बड़ी वजह ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और लड़कियों में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता की कमी और कानूनी जानकारी का अभाव है। हालांकि सरकारी स्तर पर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सचेत करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन इनका दायरा शहरी क्षेत्रों पर ज्यादा केंद्रित रहता है।बिना किसी आधार के यह मान लिया जाता है कि गांवों में अपराध की दर कम है, इसलिए वहां जागरूकता की ज्यादा जरूरत नहीं है, जबकि आधिकारिक आंकड़ों की स्थिति इसके विपरीत है। ऐसे में जरूरत इस बात को समझने की है कि किसी भी तरह की हिंसा महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और मानसिक विकास को बाधित करती है। इसलिए जरूरी है कि महिला सशक्तिकरण के अभियानों को प्रभावी तरीके से जमीन पर उतारा जाए और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ऐसे मामलों में संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाया जाए।

*आज आवश्यकता है कि सरकारें बाल श्रम के विरुद्ध शून्य-सहिष्णुता की नीति अपनाएं, अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करें, तस्करी और बंधुआ श्रम के नेटवर्क को ध्वस्त करें, और हर बच्चे तक शिक्षा एवं सुरक्षा की पहुंच सुनिश्चित करें। साथ ही प्रत्येक नागरिक यह संकल्प ले कि वह किसी भी रूप में बाल श्रम को बढ़ावा नहीं देगा और जहां भी ऐसी घटना देखेगा, उसके विरुद्ध आवाज उठाएगा।*

## बचपन को श्रम नहीं, शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान का अधिकार मिलें

(ललित गर्ग)

विशेष रूप से डिजिटल युग में तकनीक का उपयोग बाल श्रम उन्मूलन के लिए किया जा सकता है। प्रत्येक उद्योग और आपूर्ति श्रृंखला की पारदर्शी निगरानी, बाल श्रम शिकायतों के लिए ऑनलाइन पोर्टल, त्वरित कार्रवाई तंत्र और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी प्रणालियां विकसित की जा सकती हैं। हर वर्ष 12 जून को मनाया जाने वाला बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि मानवता के अंतःकरण को झकझोरने वाला अवसर है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि दुनिया का कोई भी बच्चा मजदूर बनने के लिए पैदा नहीं होता। उसके हाथों में औजार, ईंट, बर्तन, हथौड़े, कूड़े की बोरी या कारखानों की मशीनें नहीं, बल्कि किताबें, खिलौने, रंग, सुनहले सपने और संभावनाएं होनी चाहिए। बचपन जीवन का वह स्वर्णिम काल है जिसमें व्यक्ति के व्यक्तित्व, संस्कार, शिक्षा और भविष्य की नींव रखी जाती है। यदि यही काल श्रम, शोषण और अभाव की भट्टी में झोंक दिया जाए तो केवल एक बच्चे का नहीं, पूरे समाज और राष्ट्र का भविष्य अंधकारमय हो जाता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन- आईअलओ द्वारा 2002 में शुरू किए गए इस दिवस का उद्देश्य बाल श्रम की भयावहता के प्रति वैश्विक चेतना जगाना और इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों को गति देना है। वर्ष 2026 में भी यह दिवस ऐसे समय पर आ रहा है जब दुनिया तकनीकी विकास, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आर्थिक प्रगति के नए आयाम छू रही है, लेकिन दूसरी ओर करोड़ों बच्चे आज भी शिक्षा और बचपन के अधिकार से वंचित हैं। यह विडम्बना मानव सभ्यता के सामने एक गंभीर प्रश्नचिह्न है। जब हम किसी ढाबे, होटल, चाय की दुकान, कारखाने, गैरेज, ईंट-भट्टे, खेत या ट्रैफिक सिग्नल पर किसी मासूम बच्चे को कठिन श्रम करते देखते हैं, तब अक्सर हमारी संवेदना कुछ क्षणों के लिए जागती है और फिर हम अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि कब तक हम इस पीड़ा को सामान्य मानते रहेंगे? क्या हम उस बचपन की चीख नहीं सुन पा रहे जो अपने अधिकारों से वंचित होकर मजदूरी के अंधेरे में खो रहा है? आज भी विश्व में करोड़ों बच्चे किसी न किसी रूप में बाल श्रम में संलग्न हैं। इनमें से बड़ी संख्या खतरनाक परिस्थितियों में काम करती है, जहां उनका शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास बाधित होता है। गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, सामाजिक असमानता, विस्थापन, तस्करी, युद्ध, प्राकृतिक आपदाएं और कमजोर सामाजिक सुरक्षा व्यवस्थाएं बाल श्रम की प्रमुख वजहें हैं। परिवार की आर्थिक विवशताएं बच्चों को स्कूल की बजाय काम की दुनिया में धकेल देती हैं। लेकिन गरीबी का समाधान बच्चों से काम कराना नहीं, बल्कि परिवारों को सम्मानजनक रोजगार और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। बाल श्रम केवल आर्थिक समस्या नहीं है; यह मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। यह बच्चों से उनका बचपन, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, आत्मविश्वास और भविष्य छीन लेता है। जो बच्चा विद्यालय में होना चाहिए, वह यदि कारखाने में है, तो यह केवल उस बच्चे की नहीं, पूरे समाज की विफलता है। बाल श्रम गरीबी का चक्र भी बनाए रखता है, क्योंकि अशिक्षित बच्चा बड़ा होकर कम आय वाले कार्यों तक सीमित रह जाता है और अगली पीढ़ी भी उसी अभाव में जीने को मजबूर होती है। भारत सहित अनेक देशों में बाल श्रम रोकने के लिए कानून बनाए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आईअलओ के कन्वेंशन 138 और कन्वेंशन 182 न्यूनतम कार्य आयु और बाल श्रम के सबसे खतरनाक रूपों पर रोक लगाने के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं। भारत में भी बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम तथा शिक्षा का अधिकार कानून मौजूद हैं। लेकिन कानूनों की प्रभावशीलता उनके कठोर और ईमानदार क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। कई बार कानूनी प्रावधान होने के बावजूद बाल श्रम छिपे हुए रूपों में जारी रहता है। आज आवश्यकता केवल कानून बनाने की नहीं, बल्कि उन्हें सामाजिक आंदोलन का स्वरूप देने की है। बाल श्रम को समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जन-जागरण अभियान चलाए जाने चाहिए। विद्यालयों, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, मीडिया, उद्योग जगत और नागरिक समाज को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जिस प्रकार पर्यावरण संरक्षण और महिला अधिकारों को लेकर वैश्विक चेतना विकसित हुई है, उसी प्रकार बाल अधिकारों के लिए भी विश्वव्यापी जनमत तैयार करना होगा। कैसा विरोधाभास है कि हमारा समाज, सरकार और राजनीतिज्ञ बच्चों को देश का भविष्य मानते नहीं थकते लेकिन क्या इस उम्र के लगभग 25 से 30 करोड़ बच्चों से बाल मजदूरी के जरिए उनका बचपन और उनसे पढने का अधिकार छीनने का यह सुनियोजित षड्यंत्र नहीं लगता? मिसाल के तौर पर एक कानून बनाकर हमने बच्चों से उनका बचपन छिनने की कुचेष्टा की है। इस कानून में हमने यदि पारिवारिक कामधंधा या रोजगार है तो 4 से 14 की उम्र के बच्चों से कानूनन काम कराया जा सकता है और कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यह कैसी विडम्बना है कि जब इस उम्र के बच्चों को स्कूल में होना चाहिए, खानदानी व्यवसाय के नाम पर एक पूरी पीढ़ी को शिक्षा, खेलकूद और सामान्य बाल्य सुलभ व्यवहार से वंचित किया जा रहा है और हम अपनी पीठ थपथपाए जा रहे हैं। बच्चों को बचपन से ही आत्मनिर्भर बनाने के नाम पर हकीकत में हम उन्हें पैसा कमाकर लाने की मशीन बनाकर अंधकार में धकेल रहे हैं। विशेष रूप से डिजिटल युग में तकनीक का उपयोग बाल श्रम उन्मूलन के लिए किया जा सकता है। प्रत्येक उद्योग और आपूर्ति श्रृंखला की पारदर्शी निगरानी, बाल श्रम शिकायतों के लिए ऑनलाइन पोर्टल, त्वरित कार्रवाई तंत्र और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी प्रणालियां विकसित की जा सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी आपूर्ति श्रृंखला में कहीं भी बाल श्रम का उपयोग न हो। जो कंपनियां ऐसा करती पाई जाएं, उनके विरुद्ध कठोर आर्थिक और कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। बाल श्रम समाप्त करने का सबसे प्रभावी उपाय गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा है। केवल विद्यालय खोल देना पर्याप्त नहीं है; शिक्षा ऐसी हो जो बच्चों को आकर्षित करे, जीवनोपयोगी कौशल दे और उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास करे। गरीब परिवारों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों का विस्तार आवश्यक है। यदि परिवार की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित होगी तो बच्चों को मजदूरी के लिए भेजने की मजबूरी भी कम होगी। हमें यह भी समझना होगा कि बचपन केवल जीवित रहने का नाम नहीं है; बचपन का अर्थ है सपने देखने की स्वतंत्रता, खेलने का अधिकार, सीखने का अवसर, स्नेहपूर्ण वातावरण और सुरक्षित भविष्य। जिस समाज में बच्चे मुस्कुरा नहीं सकते, वह समाज कभी वास्तविक विकास नहीं कर सकता। आर्थिक विकास की ऊंची इमारतें तब तक अधूरी हैं जब तक उनके नीचे किसी बच्चे का कुचला हुआ बचपन पड़ा हो। महान शिक्षाविद् नेल्सन मंडेला ने कहा था।

## पीएम मोदी के 12 साल और सीएम यादव का विजन, कैसे बदल रही एमपी के 84 लाख किसानों की तकदीर

(आकाश सिकरवार)

मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार ने साल 2026 को 'कृषि कल्याण वर्ष' घोषित कर किसानों के लिए खजाना खोल दिया है। गेहूं खरीदी का लक्ष्य 100 लाख मीट्रिक टन करने से लेकर भूमि अधिग्रहण पर 4 गुना मुआवजे जैसे ऐतिहासिक फैसलों से राज्य की कृषि वृद्धि दर 16 प्रतिशत तक पहुंच गई है। सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास, का मंत्र देने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पद संभालते ही अन्नदाता के कल्याण का स्वप्न देखा था। इस स्वप्न के साथ विकास के अन्य कार्य करते-करते उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित कीं। आज उन्होंने अपने कार्यकाल के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इसके मद्देनजर यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि उनके कार्यकाल में किसानों का भला हुआ है। इन 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बार खुद को ग्लोबल लीडर भी सिद्ध किया है। कई मौकों पर विश्व के बड़े राष्ट्रों के अध्यक्षों को प्रधानमंत्री मोदी से मशवरा करते देखा गया है। विशेष बात यह है कि इस व्यस्तता के बीच भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश को प्राथमिकता की सूची में सदैव रखा। उन्हें जब भी मौका मिला, वे मध्यप्रदेश आए और जनता का भला कर गए। वे जानते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ किसान हैं। कृषि प्रधान राज्य मध्यप्रदेश के लाखों किसान अपनी मेहनत से देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। उनकी समृद्धि और कल्याण के बिना देश की प्रगति अधूरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की राज्य सरकार ने किसानों के उत्थान के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। इन प्रयासों में बीमा, सिंचाई, फसल विविधीकरण, आधुनिक तकनीक, बाजार सुविधाओं और किसानों की आय दुगनी करने पर पर विशेष जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मोहन यादव सरकार के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश में किसानों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। केन्द्र सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि है। इसके तहत सभी भूमि धारक किसान परिवारों को प्रति वर्ष 6,000 रू की आय सहायता तीन समान किस्तों में सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है। मध्यप्रदेश में लाखों किसान इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। इसी तरह मध्यप्रदेश सरकार भी किसानों को 6000 रुपये महीने देती है। इससे किसानों को जीवन संचालित करने में आसानी होती है। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत भी 84 लाख से अधिक किसानों के खातों में 20,878 करोड़ रु से अधिक की राशि का अंतरण किया जा चुका है। वर्ष 2026-27 में गेहूं उपार्जन के लिए प्रदेश के 19 लाख 4 हजार 644 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। गेहूं उपार्जन के लिए इस वर्ष प्रदेश में कुल 3627 उपार्जन केंद्र बनाये गये हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

आज आपको आर्थिक रूप से सजग रहना चाहिए। अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए कोई नया विचार आ सकता है। निवेश करते समय भावनाओं में बहने के बजाय स्थिरता और सुरक्षा को प्राथमिकता दें। आपकी विश्वसनीयता आज आपके करियर की सबसे बड़ी ताकत होगी। सहकर्मी आपके अनुशासित काम की तारीफ करेंगे।

### वृष

आज आपके धन का अभाव प्रभावित कर सकता है। आज बजट को फिर से देखने और अपनी बचत को बढ़ाने के नए तरीकों पर विचार करने का उत्तम दिन है। फालतू के खर्चों से बचकर भविष्य के लिए निवेश करना आज ज्यादा फायदेमंद रहेगा। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आप महत्वपूर्ण परियोजनाओं में नेतृत्व करने में सफल रहेंगे।

### मिथुन

आज वित्त, टैक्स या लोन जैसे मामलों पर ध्यान देना पड़ सकता है। किसी भी कागज पर हस्ताक्षर करने से पहले उसे पूरी तरह समझ लें। आज की सावधानी भविष्य की बड़ी उलझनों से आपको बचाएगी। कार्यक्षेत्र में काम का स्वरूप धीरे-धीरे बदल रहा है।

### तुला

पैसों से जुड़े मामलों में आज थोड़ा सोच-समझकर कदम बढ़ाएं। अचानक से कोई बड़ा खर्च आ सकता है, इसलिए अपनी भविष्य की योजनाओं को फिर से परख लें। उधार देने से आज बचें। आपके संवाद कौशल को और बेहतर बना रहे हैं। मीटिंग्स और बातचीत आज आपके पक्ष में रहेंगी।

### वृश्चिक

आज शिक्षा या अपने किसी हुनर को निखारने पर किया गया खर्च आने वाले समय में बड़ा लाभ देगा। शॉर्टकट अपनाने के बजाय मेहनत और जानकारी पर भरोसा रखें। आर्थिक लक्ष्यों का रिव्यू जरूर करें। अनुभवी लोगों और गुरुजनों से मिलने वाला मार्गदर्शन आज आपके बहुत काम आएगा। नई तकनीक या कौशल सीखने से आपके करियर के विकल्प खुलेंगे।

### धनु

आज वित्तीय विकास के नए द्वार खुलेंगे। दोस्तों और शुभचिंतकों का सहयोग आपकी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने में मदद करेगा। अनुशासित खर्च की आदत बनाए रखना आपके लिए अच्छा है। आज टीम वर्क से बेहतरीन परिणाम मिल सकते हैं। प्रभावशाली लोगों का साथ आपके करियर को नई दिशा देगा।

### कर्क

आज कलात्मक कार्यों या अपनी किसी खास प्रतिभा के जरिए धन लाभ के योग हैं। रिस्क लेने के बजाय उन अवसरों पर ध्यान दें जो आपको स्थायी विकास दें। फैसले लेने में अपनी बुद्धि का प्रयोग करें। आज आपके इनोवेटिव विचारों को ऑफिस में काफी सराहा जाएगा। नेतृत्व के गुण आपके भीतर से उभरकर आएंगे।

### सिंह

घर और परिवार के खर्चों में आज वृद्धि हो सकती है। प्रॉपर्टी या घर से जुड़ी किसी योजना में निवेश करना लाभदायी हो सकता है। योजनाबद्ध तरीके से पैसों को मैनेज करेंगे तो कोई दिक्कत नहीं आएगी। काम और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाना आज सबसे बड़ी चुनौती है। अपनी प्राथमिकताओं को तय करें, इससे आप फालतू के तनाव से बच पाएंगे।

### कन्या

आज की यात्रा या संचार पर हुआ खर्च भविष्य की वृद्धि के लिए अच्छा हो सकता है। शॉर्टकट के चक्कर में न पड़ें। आर्थिक मामलों में जल्दबाजी करने से बचें। शनिदेव का प्रभाव आपको धैर्य और निरंतरता की प्रेरणा दे रहा है। बुधदेव की मदद से आपके नए व्यावसायिक एग्रीमेंट और आगे बढ़ेंगे।

### मकर

पार्टनरशिप या बिजनेस में पैसों को लेकर आज स्पष्टता जरूरी है। निवेश के मामलों में पारदर्शिता रखें। आपसी सहयोग से आप आर्थिक रूप से मजबूत बनेंगे। आज अकेले काम करने से बेहतर टीम के साथ मिलकर काम करना रहेगा। कार्यक्षेत्र में किसी भी तरह के विवाद से बचने के लिए बातचीत का रास्ता खुला रखें। लचीलापन आज आपकी कार्यक्षमता को बढ़ाएगा।

### कुंभ

आज रोजमर्रा के छोटे-छोटे खर्चों पर ध्यान दें। कई बार ये छोटी-छोटी चीजें बड़ी रकम बन जाती हैं। एक व्यावहारिक बजट बनाना आपको आर्थिक मानसिक तनाव से दूर रखेगा। काम का दबाव आज थोड़ा बढ़ सकता है। लंबित कामों को आज ही पूरा करने की कोशिश करें, इससे आप उत्पादक बने रहेंगे। अनुशासन के साथ किया गया काम आपकी छवि को बेहतर बनाएगा।

### मीन

आज लंबे समय के निवेश पर ध्यान देने से आपको लाभ होगा। धन कमाने के लिए करियर से जुड़ी मेहनत आज रंग लाएगी। किसी भी तरह के दिखावे वाले खर्चों से आज दूरी बनाकर चलना ही बुद्धिमानी है। करियर के मोर्चे पर आज आप काफी फोकस्ड रहेंगे। वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की गुणवत्ता की सराहना कर सकते हैं।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6123

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | | | 6 | 4 | | |
| | | 6 | | 9 | | 8 | | 7 |
| 5 | | | | | | | | |
| 2 | 6 | 9 | 5 | | | | 8 | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | 8 | | | | 2 | 7 | 9 | 1 |
| | | | | | | | | 5 |
| 6 | | 4 | | 7 | | 2 | | |
| | | 1 | 2 | | | 9 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6122

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 6123

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | 9 | | | |
| | ■ | 10 | | | ■ | 11 | |
| ■ | ■ | 12 | | ■ | 13 | | |
| 14 | 15 | | | ■ | | ■ | ■ |
| 16 | | ■ | ■ | 17 | | | 18 |
| | ■ | 19 | ■ | 20 | | ■ | |
| 21 | | ■ | 22 | | ■ | 23 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की झांसी की रानी बिग्रेड की 23 अक्टूबर 1943 को यहां स्थापना की (4)
4. पिता की बहन को यह कहते है (3)
7. दो बार उतना ही, दो गुना (2)
8. साथ में यात्रा करने वाला, सहयात्री, सहप्रयायी (5)
10. विपत्ति, दुर्दशा, संकट (3)
11. माता लक्ष्मी के नामों में से एक (2)
12. जो, अगर (2)
13. भूत निवारणकर्ता, भूतहंता (3)
14. कीचड़, गारा, पंक (4)
16. हाथ, कर, एक नक्षत्र जिसमें पांच तारें है (2)
17. परंपरागत चला आता हुआ क्रम (4)
19. वर्तमान सूचक का एक अव्यय (1)
20. प्राचीन काल को दो या चार पहियों वाली सवारी जिसे घोड़े खींचते थे (2)
21. दलील, सुविचारित बात (2)
22. प्राचीन इकाई जो सवा तीन गज की होती है (2)
22. प्रतिध्वनि, हमेशा (2)

**ऊपर से नीचे**
1. ईगुर जिससे हिंदू धर्म की विवाहित महिलाऐं मांग भरती है (3)
2. गीत प्रस्तुत करने की क्रिया (2)
3. जिसके मन में करूण का भाव हो (5)
4. रक्तवाहिका, रक्तवाहिनी नली, शिरा (2)
5. घृणा, घिन्न (4)
6. मासिक, माहवारी, मासीन, माही (4)
9. दार्शनिक प्रणाली, राय, वोट, परामर्श (2)
10. कदाचित, संभवतः (3)
13. भूतों की स्वामी होने के कारण भगवान शंकर का एक नाम (4)
14. आतंक, भय (4)
15. क्षमताहीन, अशक्त, अधिक थका हुआ (2)
17. जलयुक्त, स्वादयुक्त (3)
18. इस नदी का नाम रेवा भी है (3)

### वर्ग पहेली 6122 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | ख्र | ड़ा | नां | ग | ल | ■ | शु |
| ल | ट | ■ | द | ला | ल | शु | ल्क |
| लो | क | ल | ■ | ■ | न | क्र | ■ |
| च | ना | ■ | फि | जी | ■ | वा | दा |
| न | ■ | ही | रो | ■ | प | र | म |
| ■ | सू | र | ज | ■ | क्ष | ■ | न |
| भा | ना | ■ | गां | व | ■ | बा | गी |
| त | ■ | सौं | धी | ■ | व | जी | र |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# पाकिस्तान पर भारत की जीत के बाद जेमिमा ने कहा, 'हम 'शिफू' एक-दूसरे की कमी पूरी करते हैं'

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** महिला टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान पर शानदार जीत के बाद भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने टीम के जज्बे और एकजुटता की तारीफ की। उन्होंने ड्रेसिंग रूम में बात करते हुए सिर्फ मुख्य खिलाड़ियों पर ध्यान देने के बजाय पूरी टीम के योगदान को सराहा।

जेमिमा ने मैच के बाद बीसीसीआई द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में दबाव वाली स्थितियों में टीम के अच्छे प्रदर्शन और पूरे मैच के दौरान एक-दूसरे का साथ देने के लिए टीम की तारीफ की। इस मैच में भारत ने मुश्किल पलों से उबरते हुए बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया। अपनी शुरुआती बातों में जेमिमा ने पारी की शुरुआत में शैफाली वर्मा के इरादों का जिक्र किया। बीसीसीआई के वीडियो में ओपनर के बारे में बात करते हुए जेमिमा ने कहा, पहली जीत हमेशा खास होती है लड़कियों। सबसे पहले शिफू (शैफ़ाली)। पहली गेंद, बड़ा टूर्नामेंट... और पहली ही गेंद पर छक्का जड़ना। इसके बाद उन्होंने सीनियर बल्लेबाज स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर की ओर ध्यान दिलाया जिनकी साझेदारी ने शुरुआती झटके के बाद भारत को मैच में वापस लाने में मदद की। उन्होंने कहा, हमारी दो अनुभवी खिलाड़ी... स्मृति, बहुत बढ़िया खेलीं! हैरी दी, बहुत बढ़िया खेलीं। आप दोनों ने हालात के हिसाब से बहुत अच्छा तालमेल बिठाया।

भारत के मिडिल-ऑर्डर के फिनिशिंग अंदाज की भी तारीफ हुई जिसमें जेमिमा ने पारी के आखिरी पलों में ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा के योगदान को सराहा। जेमिमा ने कहा, ऋचा और दीप्ति। हमने मैच को जिस तरह से अच्छे से खत्म किया, उसके बारे में बात करें तो मुझे लगता है कि आप दोनों इसके सबसे अच्छे उदाहरण हैं। हालाँकि जेमिमा ने इस बात पर जोर दिया कि यह जीत सिर्फ बाउंड्री और बड़े शॉट्स की वजह से नहीं मिली। इसके बजाय उन्होंने टीम की उस क्षमता का जिक्र किया जिसमें खिलाड़ी व्यक्तिगत प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव के बावजूद एक-दूसरे का साथ देते हैं। उन्होंने कहा, यह छक्कों या बाउंड्री के बारे में नहीं था। बॉलिंग में मुझे जो बात सबसे अच्छी लगी, वह यह थी कि ऐसे दिन भी आएंगे जब कोई अच्छी बॉलिंग करेगा और कोई शायद न कर पाए। लेकिन हमने एक टीम के तौर पर बात की थी कि हम एक-दूसरे की



कमी पूरी करते हैं।

सामूहिक जिम्मेदारी की यह भावना तब भी दिखी जब जेमिमा ने भारत की बॉलिंग परफॉर्मेंस पर बात की। पाकिस्तान द्वारा लक्ष्य का पीछा करते हुए तेज शुरुआत करने के बाद भारत के गेंदबाजों और फील्डरों ने मिलकर मैच पर दोबारा पकड़ बनाई और विपक्षी टीम के विकेट जल्दी-जल्दी गिरा दिए। और, मुझे लगता है कि आज हमारी पार्टनरशिप और जिस तरह से हमने बॉलिंग की, वह शानदार थी। हम हमेशा से एक टीम रहे हैं। हमने अच्छा किया है। लेकिन, आज हमने वैसी शुरुआत नहीं की जैसी हम चाहते थे। फिर भी, जिस तरह से हमने वापसी की, उससे हमें बहुत कॉन्फिडेंस मिलना चाहिए। जेमिमा की स्पीच का एक बड़ा हिस्सा दीप्ति शर्मा के लिए था जिनकी बॉलिंग ने पाकिस्तान के कड़े मुकाबले को तोड़ने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, %मुझे लगता है कि जब प्रेशर ज्यादा होता है, तब आप हमेशा अलग नजर आती हैं। और आज भी आपने बॉलिंग में वह जिम्मेदारी उठाई। जेमिमा ने युवा स्पिनर श्रेयांका पाटिल की भी तारीफ की कि उन्होंने प्रेशर में भी कितना संयम दिखाया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जिस तरह से आपने बॉलिंग की, उसमें आपने बहुत मैच्योरिटी दिखाई। बहुत बढ़िया।

भारतीय बल्लेबाज ने फील्डिंग पर भी जोर दिया और शैफाली वर्मा का खास जिक्र किया। उन्होंने कहा, शैफाली वर्मा - मैजिक हैंड्स! आपने दिखाया कि आप हमेशा योगदान दे सकती हैं।

## ऋचा घोष ने 200 के स्ट्राइक रेट से पारी खेली

### बड़ा कीर्तिमान बना, भारत का टी20 वर्ल्ड कप में तीसरा सर्वोच्च स्कोर

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान के खिलाफ रविवार (14 जून) को भारत ने 6 विकेट पर 170 रन बनाए। उप-कप्तान स्मृति मंधाना की अर्धशतकीय पारी के अलावा ऋचा घोष ने 200 के स्ट्राइक रेट से पारी खेलकर बड़े स्कोर तक पहुंचाया। ऋचा ने 17 गेंद पर 5 चौके और 1 छक्के की मदद से 34 रन बनाए। वह जब क्रीज पर आईं तब भारतीय टीम



की हालत खराब थी। उसने 14.2 ओवर में 110 रन पर 4 विकेट गंवा दिए। इस तूफानी बल्लेबाजी के कारण ऋचा घोष के नाम भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप में नंबर 6 या नीचे बल्लेबाजी करते हुए सर्वोच्च स्कोर हो गया। उनकी इस पारी के दम पर भारत ने टी20 वर्ल्ड कप में अपना तीसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया। भारत ने 2018 न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 विकेट पर 194 रन बनाए थे। यह उसका सर्वोच्च स्कोर है। उसने श्रीलंका के खिलाफ 2024 में 3 विकेट पर 172 रन बनाए। यह भारत का टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ सर्वोच्च स्कोर भी है।

### विश्वकप में भारत का बड़े स्कोर

- 194/5 बनाम न्यूजीलैंड, प्रोविडेंस, 2018
- 172/3 बनाम श्रीलंका, दुबई, 2024
- 170/6 बनाम पाकिस्तान, बर्मिंघम, 2026
- 167/8 बनाम ऑस्ट्रेलिया, प्रोविडेंस, 2018
- 167/8 बनाम ऑस्ट्रेलिया, केपटाउन, 2023

## स्मृति ने खेली पाकिस्तान के खिलाफ T20 वर्ल्ड कप इतिहास की सबसे बड़ी पारी

### हरमनप्रीत-मिताली के बराबरी की



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का आगाज शानदार तरीके से किया और अपने पहले ही लीग मैच में पाकिस्तान की टीम को 64 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। भारत की इस जीत में स्मृति मंधाना की शानदार बल्लेबाजी और दिप्ती शर्मा की घातक गेंदबाजी का बड़ा योगदान रहा। स्मृति ने इस मैच में गजब की पारी खेली और वो पाकिस्तान के खिलाफ महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत की तरफ से सबसे बड़ी पारी खेलने वाली बैटर बन गईं जबकि दिप्ती शर्मा अब महिला टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में भारत के लिए बेस्ट प्रदर्शन करने वाली बॉलर बन गईं।

**स्मृति ने खेली पाकिस्तान के खिलाफ सबसे बड़ी पारी–** स्मृति ने इस मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ 44 गेंदों पर 2 छक्के और 9 चौकों की मदद से 68 रन की शानदार पारी खेली जिसके दम पर भारत ने 170 रन बनाए। स्मृति अब महिला टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की तरफ से सबसे बड़ी पारी खेलने वाली महिला बैटर बन गईं। वहीं स्मृति महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत की तरफ से सबसे बड़ी पारी खेलने वाली ओवरऑल पांचवीं प्लेयर बन गईं। इस लिस्ट में पहले नंबर पर कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं।




# जर्मनी ने तोड़ा ब्राजील का विश्व रिकॉर्ड

## कुराकाओ को 7-1 से हराकर रच दिया इतिहास

**नई दिल्ली।** दुनिया की बेहतरीन टीमों में शुमार जर्मनी ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अपनी शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की और इस सीजन में डेब्यू करने वाली टीम कुराकाओ को 7-1 के बड़े अंतर से हरा दिया। इस जीत के साथ जर्मनी ने ना सिर्फ 3 अंक हासिल किए बल्कि फुटबॉल वर्ल्ड कप इतिहास में एक ऐसा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया जो पहले ब्राजील के नाम पर दर्ज था।

ग्रुप ई में हुए इस मुकाबले में जर्मनी की टीम शुरुआत से ही कुराकाओ पर पूरी तरह से हावी नजर आई और इस टीम ने वैसा ही खेल दिखाया जिसके लिए वो जाने जाते हैं। जर्मनी में किसी भी पल इस मैच में विरोधी टीम को जरा सा भी खुद पर हावी नहीं होने दिया और 7-1 के अंतर से उसे हराया और साल 2014 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल की याद ताजा करवा दी जिस मुकाबले में जर्मनी ने ब्राजील को 7-1 से हराया था।

### जर्मनी को बड़े अंतर से मिली जीत

इस मैच में कुराकाओ के खिलाफ जर्मनी ने बेहद तेज अंदाज में शुरुआत की। छठे मिनट में फेलिक्स नेमेचा ने शानदार गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि 21वें मिनट में कुराकाओ ने बराबरी का गोल दागते हुए स्कोर को 1–1 से बराबर कर दिया। इसके बाद जर्मनी ने मैच पूरी तरह अपने कब्जे में ले लिया। 38वें मिनट में निको श्लॉटरबेक ने कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर टीम को बढ़त वापस दिलाई। हाफ टाइम से ठीक पहले काई हैवर्ट्ज ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 3–1 कर दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत के सिर्फ 69 सेकेंड बाद ही जमाल मुसियाला ने गोल दागकर मुकाबला लगभग समाप्त कर दिया। इसके बाद नाथानियल ब्राउन, डेनिज उंडाव और काई हैवर्ट्ज ने गोलों की बरसात जारी रखी और जर्मनी ने 7–1 के अंतर से मैच जीत लिया।

### वर्ल्ड कप इतिहास में में जर्मनी ने 239 गोल हो गए

कुराकाओ के खिलाफ 7 गोल दागने के साथ ही जर्मनी फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाली टीम बन गई। जर्मनी के अब फुटबॉल वर्ल्ड कप में कुल 239 गोल हो गए जबकि ब्राजील 238 गोल के साथ दूसरे नंबर पर आ गया। वहीं फीफा वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा गोल करने के मामले में तीसरे नंबर पर अर्जेंटीना है जिसके 152 गोल हैं। यही नहीं ये चौथा मौका है जब जर्मनी ने किसी वर्ल्ड कप मैच में 7 या उससे ज्यादा गोल दागे हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड हंगरी के नाम था, जिसने तीन बार ऐसा कमाल किया था।

## आइवरी कोस्ट ने इक्वाडोर को 1-0 से हराया

### अमाद डियालो ने अंतिम क्षणों में किया गोल



**फिलाडेल्फिया।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के विंगर अमाद डियालो के 90वें मिनट में किए गए गोल की मदद से आइवरी कोस्ट ने सोमवार को फिलाडेल्फिया स्टेडियम में फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप ई के रोमांचक मैच में इक्वाडोर को 1–0 से हराया। ऐसा लग रहा था कि मुकाबला गोलरहित ड्रॉ पर समाप्त होगा, लेकिन सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर आए अमाद ने शानदार शॉट लगाते हुए आइवरी कोस्ट को 2014 के बाद विश्व कप में पहली जीत दिलाई। इस जीत से आइवरी कोस्ट ग्रुप ई में जर्मनी के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। रविवार को कुराकाओ को 7–1 से हराने के बाद जर्मनी पहले स्थान पर है। मैच के पहले हाफ में इक्वाडोर ने कई अच्छे मौके बनाए। जॉन येबोआ का एक दमदार शॉट क्रॉसबार से टकरा गया और गोल नहीं हो सका। इसके कुछ ही समय बाद एलन मिंडा भी गोल करने के करीब पहुंचे, लेकिन उनका शॉट भी बार से टकराकर बाहर चला गया। इस तरह इक्वाडोर शुरुआती बढ़त हासिल करने का मौका गंवा बैठा।

दूसरी ओर, आइवरी कोस्ट ने भी कुछ खतरनाक हमले किए। यान डियोमांडे ने दाएं छोर से शानदार खेल दिखाया और लगातार विपक्षी डिफेंस पर दबाव बनाया। वहीं, बाजूमाना टूरे के एक तेज शॉट को इक्वाडोर के गोलकीपर हर्नान गैलिंडेज ने बेहतरीन बचाव करते हुए गोल में जाने से रोक दिया। इस मैच में यान डियोमांडे ने एक खास उपलब्धि भी हासिल की। 19 साल और 212 दिन की उम्र में वह आइवरी कोस्ट के लिए वर्ल्ड कप मैच खेलने वाले पहले किशोर खिलाड़ी बने।

# कप्तान हरमनप्रीत कौर ने रचा इतिहास

## • टी20 वर्ल्ड कप का 8 साल पुराना रिकॉर्ड चकनाचूर

**एजबेस्टन (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ एजबेस्टन में कप्तान हरमनप्रीत कौर टी20 वर्ल्ड कप में भारत की महिला खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गई। मैच शुरू होने से पहले वह मिताली राज के साथ 726 रनों पर संयुक्त रूप से शीर्ष पर थीं और अपनी पहली ही गेंद पर उन्होंने पूर्व कप्तान को पीछे छोड़ दिया। भारतीय कप्तान को जल्दी मैदान पर आना पड़ा क्योंकि भारत ने शुरुआती 20 गेंदों में ही शैफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स के विकेट गंवा दिए थे। हरमनप्रीत ने 35 गेंदों पर 36 रन बनाए जिसमें 4 चौके शामिल थे। इतना ही नहीं उन्होंने तीसरे विकेट के लिए धमाकेदार बल्लेबाज स्मृति मंधाना के साथ 91 रन की साझेदारी निभाई जिससे ना सिर्फ हरमनप्रीत टी20 विश्व कप में भारतीय महिला टीम की सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी बनी बल्कि भारत की जीत में भी यह साझेदारी काम आई। हरमनप्रीत के टी20 विश्व कप में 762 रन हो गए हैं। वहीं दूसरे स्थान पर मौजूद मिताली राज ने 726 रन बनाए हैं। तीसरे स्थान पर स्मृति मंधाना हैं जिन्होंने 592 रन बनाए हैं। चौथे स्थान पर भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और पांचवें पर पुनम राऊत हैं जिन्होंने क्रमशः 408 और 375 रन बनाए हैं।

### टी-20 के लिए सर्वाधिक रन

762 - हरमनप्रीत कौर*
726 - मिताली राज
592 - स्मृति मंधाना
408 - जेमिमा रोड्रिग्स
375 - पुनम राऊत



**भारत बनाम पाकिस्तान मैच –** मैच की बात करें तो सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के अर्धशतक के बाद अनुभवी दीप्ति शर्मा के पांच विकेट से भारत ने आईसीसी टी20 महिला विश्व कप के ग्रुप एक मैच में रविवार को यहां पाकिस्तान को 64 रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। भारत के 171 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम ऑफ स्पिनर दीप्ति (10 रन पर पांच विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने 17 ओवर में 106 रन पर सिमट गई।

## दीप्ति शर्मा ने रचा इतिहास, पाकिस्तान के खिलाफ घातक गेंदबाजी से तोड़ा टी20 का बड़ा रिकॉर्ड

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 में भारत की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। एजबेस्टन में खेले गए मुकाबले में दीप्ति ने सिर्फ 10 रन देकर 5 विकेट झटके और भारत को 64 रन की शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

**टी20 क्रिकेट की सबसे सफल गेंदबाज बनीं दीप्ति** – इस पांच विकेट के प्रदर्शन के साथ दीप्ति शर्मा ने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अब उनके नाम 145 टी20 मैचों में 166 विकेट दर्ज हैं। उन्होंने थाईलैंड की स्पिनर थिपाचा पुथावोंग (165 विकेट) को पीछे छोड़ दिया। महिला क्रिकेट की दिग्गज गेंदबाजों में शामिल ऑस्ट्रेलिया की मेगन शुट्ट 152 विकेट के साथ इस सूची में चौथे स्थान पर हैं।

**झूलन गोस्वामी का रिकॉर्ड भी टूटा** –दीप्ति का 5/10 का आंकड़ा अब महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी भारतीय गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बन गया है। उन्होंने झूलन गोस्वामी का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5/11 का प्रदर्शन किया था। वहीं महिला टी20 विश्व कप में भी यह भारत की ओर से दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले रेणुका सिंह ठाकुर ने 2023 में इंग्लैंड के खिलाफ 5/15 विकेट लिए थे।

**गेंद और फील्डिंग दोनों में चमकीं दीप्ति** – भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 170/6 का मजबूत स्कोर बनाया, जिसमें दीप्ति ने भी 9 गेंदों में 12



रन की तेज पारी खेली। गेंदबाजी में उन्होंने पाकिस्तान की शुरुआत बिगाड़ते हुए गुल फिरोजा और आयशा जफर को आउट किया। इसके बाद मुनीबा अली को शानदार डायरेक्ट हिट से रन आउट किया और फिर आलिया रियाज, नशरा संधू और तास्मिया रुबाब के विकेट लेकर पाकिस्तान की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। पाकिस्तान की पूरी टीम 17 ओवर में 106 रन पर सिमट गई।

## दीप्ति शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ी जीत के बाद किया हनुमान जी का जिक्र

पाकिस्तान के खिलाफ महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप मैच में 10 रन देकर 5 विकेट लेने वाली भारतीय गेंदबाज दीप्ति शर्मा ने प्लेयर ऑफ द मैच जीतने के बाद अपने इस प्रदर्शन का श्रेय पूरी टीम को दिया। साथ ही दीप्ति ने कहा कि हनुमान जी महान हैं। भारत ने सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (68) के अर्धशतक के बाद अनुभवी दीप्ति शर्मा के पांच विकेट से भारत ने आईसीसी टी20 महिला विश्व कप के ग्रुप एक मैच में रविवार को यहां पाकिस्तान को 64 रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। भारत के 171 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम ऑफ स्पिनर दीप्ति (10 रन पर पांच विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने 17 ओवर में 106 रन पर सिमट गई। बाएं हाथ की स्पिनर चरणी (21 रन पर तीन विकेट) और शैफाली वर्मा (22 रन पर एक विकेट) ने भी दीप्ति का अच्छा साथ निभाया। दीप्ति शर्मा ने मैच के बाद कहा, मैं बहुत आभारी हूं। मुझे इस तरह की पिचें पसंद हैं, इसका पूरा श्रेय टीम को जाता है और मैं बहुत शुक्रगुजार हूं, हनुमान जी महान हैं।




## न्यूज बाइट्स

### देव थाना कांड संख्या 54/16 में युवा नेता गुड्डू चंद्रवंशी दोषमुक्त

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** देव थाना कांड संख्या 54/16 में समाजसेवी एवं युवा नेता गुड्डू चंद्रवंशी को न्यायालय से राहत मिली है। मामले में सुनवाई के बाद मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम), औरंगाबाद ने उन्हें दोषमुक्त करार दिया। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2016 में तत्कालीन देव अंचलाधिकारी रमन कुमार द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323 एवं 353 के तहत गुड्डू चंद्रवंशी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। यह मामला देव प्रखंड कार्यालय परिसर में क्षेत्रीय एवं ग्रामीण समस्याओं को लेकर आयोजित धरना-प्रदर्शन के दौरान हुए विवाद से जुड़ा था। गुड्डू चंद्रवंशी का कहना है कि उस समय वे देव नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को लेकर आंदोलन कर रहे थे। इसी दौरान उनकी तत्कालीन अंचलाधिकारी और देव थाना प्रभारी से तीखी बहस हुई थी। उनका आरोप है कि आंदोलन को दबाने के उद्देश्य से उनके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया था, जो अब न्यायालय में टिक नहीं सका।

# आज से 18 जून तक औरंगाबाद के सभी प्रखंडों में लगेगा प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर

- एक ही स्थान पर मिलेंगी केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की सुविधाएं, आवेदन से लेकर शिकायत निवारण तक की होगी व्यवस्था

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



मुख्य सचिव, बिहार, पटना के निर्देशानुसार केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से औरंगाबाद जिले के सभी प्रखंडों में 16, 17 एवं 18 जून 2026 को 'प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर' का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी संबंधित विभागों एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को शिविर के सफल आयोजन, आवेदन प्राप्ति, निष्पादन तथा अनुश्रवण को लेकर आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि शिविर का आयोजन संबंधित प्रखंड अथवा उसके निकट स्थित सार्वजनिक स्थल पर किया जाए। शिविर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगा, जहां आम नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई), 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), लखपति दीदी योजना, पीएम स्वनिधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान एवं छात्रवृत्ति योजनाएं, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांगजन कल्याण योजनाएं, निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड तथा मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। शिविर में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की व्यवस्था के लिए जिला कल्याण पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। वहीं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को माइक्रो प्लान तैयार कर विकास मित्र, पंचायत सचिव एवं टोला सेवकों के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचकर आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। शिविर में प्राप्त सभी आवेदन एवं शिकायतों का विधिवत पंजीकरण किया जाएगा तथा संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनका निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए शिविर संवाद समाधान पोर्टल के माध्यम से आवेदन एवं शिकायतों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग और निवारण की व्यवस्था की गई है।

जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक दिन शिविर की समाप्ति के बाद उसी दिन शाम 7 बजे तक ऑनलाइन माध्यम से प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। शिविर के समुचित अनुश्रवण एवं नियंत्रण के लिए उप विकास आयुक्त, औरंगाबाद को जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) कार्यालय में जिला अनुश्रवण एवं नियंत्रण कक्ष संचालित किया जाएगा, जहां विभागवार प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की नियमित समीक्षा होगी। जिला पदाधिकारी ने प्रत्येक शिविर के लिए वरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सहयोगी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी की है। साथ ही संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को शिविर के सफल आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला प्रशासन ने जिले के सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं तथा उपलब्ध सुविधाओं का अधिकतम उपयोग करें।

### प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग काउंटर

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग काउंटर स्थापित किए जाएं तथा प्रत्येक काउंटर पर एक नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। शिविर में संबंधित प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। आवेदकों की सुविधा के लिए प्रत्येक शिविर स्थल पर हेल्प डेस्क भी स्थापित किया जाएगा। यहां प्रशिक्षित कर्मी एवं स्वयंसेवक आवेदन भरने, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देने तथा संबंधित काउंटर तक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिला पदाधिकारी ने सिविल सर्जन, औरंगाबाद को प्रत्येक शिविर स्थल पर मेडिकल स्टॉल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मेडिकल स्टॉल पर प्राथमिक स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप एवं शुगर जांच के साथ स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मेडिकल स्टॉल को आयुष्मान भारत एवं वय वंदना कार्ड नामांकन काउंटर के समीप स्थापित किया जाएगा।

## जनता दरबार में दाखिल-खारिज, भूमि विवाद व राशन कार्ड समेत कई मामलों की सुनवाई



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सात निश्चय-3 के तहत संचालित 'सबका सम्मान–जीवन आसान' पहल के अंतर्गत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी की ओर से अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित ने जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं जनहित से जुड़ी समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े मामले शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों का विधिवत पंजीकरण कर उन्हें संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को प्रत्येक मामले पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि शिकायतों का समयबद्ध समाधान हो सके।

जिला प्रशासन ने कहा कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि प्रत्येक परिवाद का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं न्यायसंगत तरीके से निस्तारण किया जाए। साथ ही परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा करने और लंबित मामलों पर विशेष निगरानी रखने को भी कहा गया है, ताकि शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और पारदर्शी बन सके।

## तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से लूना सवार की हुई मौत, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)

हसपुरा थाना क्षेत्र के बिहटा गांव के समीप सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार अज्ञात डंपर की टक्कर से लूना सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए एनएच-120 जाम कर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से मृतक के परिजनों को मुआवजा देने तथा भारी वाहनों की तेज रफ्तार पर रोक लगाने की मांग की। मृतक की पहचान गया जिले के कोंच थाना क्षेत्र के परधाना गांव निवासी 35 वर्षीय धर्मजीत साव उर्फ कल्लू के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सोमवार सुबह धर्मजीत लूना बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान देवहरा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि लूना पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और धर्मजीत ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हसपुरा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया। मृतक के साले चनहट गांव निवासी अमिताभ कुमार ने बताया कि धर्मजीत की शादी वर्ष 2016 में चनहट गांव की शारदा देवी से हुई थी।

उनके दो पुत्र हैं, जिनमें सात वर्षीय आर्यन और चार वर्षीय शुभम शामिल हैं। गर्मी की छुट्टियों में दोनों बच्चे अपनी मां के साथ ननिहाल आए थे। घर लौटते समय उनकी किताबें ननिहाल में ही छूट गई थीं।

# सड़क हादसे में बस की टक्कर से नवविवाहित युवक की मौत

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले के माली थाना क्षेत्र में सोमवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान करहरी गांव निवासी विपिन कुमार के रूप में हुई है। वह सुदामा यादव के इकलौते पुत्र थे। बताया जा रहा है कि विपिन की शादी महज एक महीने पहले हुई थी। उनकी मौत से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार, विपिन किसी आवश्यक कार्य से चरण बाजार जा रहे थे। इसी दौरान चरण बाजार के समीप उनकी बाइक की एक बस से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। माली थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया।



ग्रामीणों ने बताया कि विपिन मिलनसार और व्यवहार-कुशल युवक थे। परिवार की सभी उम्मीदें उन्हीं पर टिकी थीं। इकलौते बेटे की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

विपिन की मौत की सूचना मिलने के बाद फेसर थाना क्षेत्र के फेसरा गांव से कुछ रिश्तेदार करहरी गांव आ रहे थे। इसी दौरान सोहरइया गांव के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में राजेश कुमार, प्रतिमा देवी, शांति देवी, दो बच्चे तथा एक अन्य महिला समेत कुल छह लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक डब्लू सिंह भी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के समुचित इलाज और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। एक ही दिन में हुए इन दो सड़क हादसों ने करहरी गांव सहित पूरे इलाके को गमगीन कर दिया है। पुलिस दोनों घटनाओं की जांच में जुटी है।

## पैरा ओलंपिक स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर व जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन कार्यालय का शुभारंभ

- दिव्यांग खिलाड़ियों को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण व खेल सुविधाएं, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का लक्ष्य

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले के दिव्यांग खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से औरंगाबाद में पैरा ओलंपिक स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर एवं जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य जिले के दिव्यांग एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक संसाधन और मंच उपलब्ध कराना है। जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के माध्यम से खिलाड़ियों को व्यवस्थित खेल प्रशिक्षण, विशेषज्ञों का मार्गदर्शन तथा आवश्यक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि वे अपनी प्रतिभा को निखारते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। एसोसिएशन का लक्ष्य जिले में पैरा स्पोर्ट्स की मजबूत आधारशिला तैयार करना तथा दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी खेलों के लिए तैयार करना है। एसोसिएशन की ओर से उपलब्ध कराई जाने वाली खेल प्रशिक्षण एवं अन्य सभी सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क होंगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक अभाव किसी भी दिव्यांग खिलाड़ी की प्रतिभा के विकास में बाधा न बने और प्रत्येक इच्छुक खिलाड़ी को समान अवसर मिल सके। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पु राज, सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग प्रियंका कुमारी तथा सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग महेश आनंद ने पैरा ओलंपिक स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर एवं जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन की स्थापना पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पहल जिले के दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी और उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने के साथ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर औरंगाबाद का नाम रोशन करने का अवसर प्रदान करेगी।जिला प्रशासन ने जिले के सभी इच्छुक दिव्यांग खिलाड़ियों से अपील की है कि वे इस पहल का अधिकतम लाभ उठाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़ें तथा खेल गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता कर अपनी प्रतिभा को नई पहचान दिलाएं।

### संज्ञा समिति की बैठक में संगठन विस्तार और सनातन संस्कृति के संरक्षण पर जोर

**दाऊदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** आम लोगों की समस्याओं एवं जन शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गये सहयोग शिविर का आयोजन दाउदनगर प्रखंड में पांच स्थानों पर किया जाएगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में आयोजित होनेवाले इन शिविरों की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके साथ ही प्रखंड स्तर पर तीन दिवसीय सहयोग सह जन कल्याण शिविर भी आयोजित किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में चौरी एवं कनाप पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर लगाया जायेगा। चौरी पंचायत में मध्य विद्यालय चौरी तथा कनाप पंचायत में पंचायत सरकार भवन,कनाप परिसर में शिविर आयोजित होगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अलग-अलग काउंटर बनाये गये हैं, जहां लोग अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदन जमा कर सकेंगे। त्वरित निष्पादन योग्य मामलों का निपटारा शिविर के दौरान ही कर दिया जाएगा, जबकि अन्य आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाएगा। बीडीओ मो. जफर इमाम ने दोनों शिविर स्थलों का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि दोनों पंचायतों से पूर्व में भी कई आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका निष्पादन किया जा रहा है। वहीं नगर परिषद क्षेत्र में वार्ड संख्या चार एवं पांच के लिए ठाकुर मध्य विद्यालय तथा वार्ड संख्या छह, सात एवं आठ के लिए मदरसा इस्लामिया परिसर में सहयोग शिविर लगाया जाएगा।

# 23 जून को होगा आर्द्रा मेला का भव्य उद्घाटन



निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)

जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गजना धाम में इस वर्ष गजना धाम महोत्सव का आयोजन 22 जून से छह जुलाई तक किया जाएगा। वहीं, 23 जून को आर्द्रा मेला का भव्य उद्घाटन होगा। इस संबंध में निर्णय सोमवार को गजना धाम न्यास परिसर में आयोजित गजना धाम न्यास समिति की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता न्यास समिति के अध्यक्ष अवध बिहारी दास ने की। बैठक में महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मेले को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। महोत्सव समिति के सचिव एवं महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि 23 जून को होने वाले आर्द्रा मेला उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के अलावा स्थानीय सांसद, विधायक, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच सहित सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), अंचलाधिकारी (सीओ) तथा थाना प्रभारी को भी आमंत्रण भेजने का निर्णय लिया गया। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी न्यास समिति के वरिष्ठ सदस्य भृगुनाथ सिंह एवं अरुण मेहता को सौंपी गई है।

बैठक में मेले के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन दो पेयजल टैंकर, स्वास्थ्य शिविर तथा अग्निशमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह से आवश्यक सहयोग का अनुरोध किया जाएगा।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर 121 लोगों ने किया रक्तदान एनटीपीसी और बीआरबीसीएल में लगे शिविर

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद





विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित विशेष रक्तदान शिविरों में कुल 121 रक्तवीरों ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने का संकल्प लिया। इनमें एनटीपीसी एवं बीआरबीसीएल में आयोजित शिविरों में 117 लोगों ने रक्तदान किया, जबकि 4 लोगों ने सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में स्वेच्छा से रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और विभिन्न संस्थानों के कर्मियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में सीएमओ बृजलाल एवं मैनेजर भावना कुमारी ने उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। एनटीपीसी एवं बीआरबीसीएल परिसर में आयोजित शिविर को सफल बनाने में ब्लड बैंक के कर्मियों द्वारका जायसवाल, रवि रंजन कुमार, आशुतोष रंजन, अमित सिंह एवं के.एन. शुक्ला की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं, सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रवि कुमार एवं अनुज कुमार ने रक्तदान अभियान के संचालन में सराहनीय योगदान दिया।

इस अवसर पर बीआरबीसीएल के सीईओ दीपक रंजन देहुरी ने स्वयं रक्तदान कर कर्मचारियों को प्रेरित किया। उनके रक्तदान से शिविर में उपस्थित अन्य कर्मियों और युवाओं में भी उत्साह का संचार हुआ तथा बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपनी भागीदारी निभाई।

आयोजकों ने बताया कि इस तरह के रक्तदान शिविर न केवल ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं, बल्कि समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की मदद करने की अपील की।

### दाउदनगर में पांच स्थानों पर लगेगा सहयोग शिविर, सारी तैयारी हुई पूरी

**दाऊदनगर(औरंगाबाद)(नि.सं.)** आम लोगों की समस्याओं एवं जन शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गये सहयोग शिविर का आयोजन दाउदनगर प्रखंड में पांच स्थानों पर किया जाएगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में आयोजित होनेवाले इन शिविरों की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके साथ ही प्रखंड स्तर पर तीन दिवसीय सहयोग सह जन कल्याण शिविर भी आयोजित किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में चौरी एवं कनाप पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर लगाया जायेगा। चौरी पंचायत में मध्य विद्यालय चौरी तथा कनाप पंचायत में पंचायत सरकार भवन,कनाप परिसर में शिविर आयोजित होगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अलग-अलग काउंटर बनाये गये हैं, जहां लोग अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदन जमा कर सकेंगे। त्वरित निष्पादन योग्य मामलों का निपटारा शिविर के दौरान ही कर दिया जाएगा, जबकि अन्य आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाएगा।

## श्री राधा-कृष्ण एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी भव्य जलभरी यात्रा



निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

ओबरा प्रखंड के नवनेर गांव में श्री राधा-कृष्ण एवं हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के अवसर पर सोमवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य जलभरी यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। जलभरी यात्रा में श्रद्धालु गाजे-बाजे और भगवान बजरंगबली के जयकारों के साथ गांव की परिक्रमा करते हुए सोन नदी स्थित बुढ़वा महादेव एवं गोरेया बाबा स्थान पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में पवित्र जल भरकर यज्ञ स्थल तक लाया गया। यह धार्मिक आयोजन जहानाबाद के आचार्य सुदर्शनाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन रात्रि में प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

यज्ञ समिति के अध्यक्ष ईश्वर दयाल यादव एवं कोषाध्यक्ष जयनंदन सिंह यादव ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से गांव में श्री राधा-कृष्ण एवं बजरंगबली का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। इसी मंदिर में विधि-विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समापन 19 जून को होगा। उन्होंने बताया कि समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की गई है। जलभरी यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर श्रद्धापूर्वक भाग लिया, जबकि युवाओं और बच्चों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। पूरे आयोजन के दौरान गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा और जयकारों से माहौल गूंजता रहा।